रांची का तापमान
कांके: अधिक. 37.8° न्यून. 23.5°
रांची: अधिक. 39.2° न्यून. 24.2°
रांची, शनिवार
17 मई 2025
वर्ष-26, अंक-104, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




हेमंत सोरेन सरकार में आंगनबाड़ी केंद्रों को किया जा रहा है **सशक्त**

# एक डिजिटल छलांग है अबुआ सरकार में स्मार्ट फोन क्रांति

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार राज्य की प्रगति के साथ-साथ बच्चों और महिलाओं के विकास एवं उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध है। महिला सशक्तीकरण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्राथमिकता में शामिल है। बच्चों और महिलाओं की बेहतरी में आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान में, आंगनबाड़ी केंद्र मात्र सेवा वितरण संस्थान नहीं रह गए हैं, बल्कि ये अबुआ सरकार में एक प्रगति और अवसरों के उत्प्रेरक के रूप में भी उभर रहे है। इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त किया जा रहा है। इसके लिए आधुनिक तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन प्रदान किए थे। वास्तव में झारखंड एक डिजिटल परिवर्तन के दौर में गुजर रहा है। यहां स्मार्ट फोन न केवल संचार, शिक्षा और आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है, बल्कि पोषण और प्रारंभिक शिक्षा सेवाओं को प्रभावी और सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। हाल ही में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा 37,810 आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन प्रदान किए गए हैं।


(फाइल फोटो)

बता दें कि आईसीडीएस सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आधार सत्यापन और लाभार्थी का चेहरा प्रमाणीकरण अनिवार्य है। सेविकाओं के लिए यह कार्य अब सरल हो गया है, क्योंकि स्मार्ट फोन के मिल जाने से उन्हें किसी अन्य के फोन पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। आगनबाड़ी सेविकाएं अब स्वतंत्र रूप से और दक्षतापूर्वक अपने दैनिक कार्यों का निष्पादन कर रही है। वास्तव में, आधार सत्यापित

» स्मार्ट फोन शिक्षा और आर्थिक विकास का भी बन रहा महत्वपूर्ण माध्यम

» मुख्यमंत्री सोरेन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रदान किए थे स्मार्ट फोन

## स्मार्ट फोन से मुझमें आंकड़ों के अंकन कौशल का विकास हुआ है : सरिता

कांके परियोजना के सुकरुहटू आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सरिता कुमारी कहती हैं- स्मार्ट फोन से मेरे आंकड़ों के अंकन कौशल का विकास हुआ है। मुझे इससे आत्मविश्वास पूर्वक लाभार्थियों की तस्वीर कैप्चर करने, उनकी पुष्टि करने, तथा टीएचआर सहित अन्य सेवाओं को सुचारू रूप से प्रदान करने में सहायता मिलती है।

लाभार्थियों की संख्या मार्च 2023 में 17,44,100 (48.03%) था जो बढ़कर 31 मार्च 2025 तक 30,11,829 (97.22%) हो गई है और उक्त कार्य के फलीभूत होने में ऑगनवाड़ी सेविका को प्रदत स्मार्ट फोन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य भर में 38.523 आगनबाड़ी केंद्रों में सेवाएं प्रदान करने वाली आगनबाड़ी सेविकाएं वास्तविक समय पर आंकड़ों का अंकन कर रही हैं। इस प्रकार, मोबाइल तकनीक उनके कार्यों को अधिक प्रभावी बना रही है, और स्मार्ट फोन आईसीडीएस सेवा वितरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा प्रदान किए गए डाटा इनपुट के आधार पर जिला एवं राज्य स्तर पर आईसीडीएस के तहत विभिन्न सेवाओं/ क्रियाकलापों की नियमित प्रगति की निगरानी की जा रही है। साथ ही, गुणवत्तापूर्ण सेवा वितरण को सुदृढ़ बनाने और आंगनबाड़ी केंद्रों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए डाटा-संचालित निर्णय लेने में अत्यधिक सहायता मिलती है।

विगत दिनों में सरकार ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को आवश्यक बर्तन उपलब्ध कराए है तथा 16,775 केंद्रों को प्राथमिक तौर पर एलईडी टीवी, आरओ जल शुद्धिकरण यंत्र शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### बिहार के गया शहर का नाम अब 'गया जी' हुआ

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम मंत्रिमंडल की हुई बैठक में मोक्ष और ज्ञान की भूमि गया का नाम बदलकर 'गया जी' रख दिया गया है। आज की बैठक में कुल 69 एजेंडों पर मुहर लगी है। कैबिनेट ने बिहार सरकार के कर्मचारियों के लिए डीए 53 प्रतिशत से बढ़ाकर इसे 55 प्रतिशत कर दिया है। बिहार सरकार पर सप्तम केंद्रीय पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को 53 प्रतिशत से 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) करने पर 1070 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा।

### गिरिडीह में दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस को देश के विभिन्न राज्यो में 15 करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले दो शातिर साइबर अपराधियों को बेंगाबाद में गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। शुक्रवार को डीएसपी आबिद खान ने बताया कि गिरिडह एसपी को मिली जानकारी के बाद टीम गठित करते हुए गिरिडीह के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बेरगी रेलवे ब्रिज के पास से दोनों को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों साइबर अपराधियों के पास से सात मोबाइल, 11 सिमकार्ड, तीन एटीएम और पैन कार्ड बरामद किया गया है।

गुजरात के भुज एयरबेस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा

# 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है

**बोले रक्षा मंत्री**

» जो हुआ, वह सिर्फ ट्रेलर था, समय आने पर पूरी पिक्चर भी दिखाएंगे

» भारत ने आतंकवाद के माथे पर खींच दी है खतरे की लाल लकीर



**भुज (आईएएनएस)**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुजरात के भुज एयरबेस से भारतीय वायुसेना के जवानों को संबोधित करते हुए पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को एक बार फिर चेताया और कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है। जो कुछ भी हुआ, वह सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था। जब सही समय आएगा, हम पूरी पिक्चर भी दुनिया को दिखाएंगे। रक्षा मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सेना को सफलता की बधाई देते हुए कहा कि मैं बस इतना कहूंगा कि आपके पराक्रम ने यह दिखा दिया कि यह वह सिंदूर है, जो शृंगार का नहीं, बल्कि शौर्य का प्रतीक है। यह वह सिंदूर है, जो सौंदर्य का नहीं, बल्कि संकल्प का प्रतीक है। यह सिंदूर, खतरे की वह लाल लकीर है, जो भारत ने अब आतंकवाद के माथे पर खींच दी है। मैं इस अवसर पर, आप सभी के साथ-साथ, देश की जनता का भी आभार प्रकट करता हूं। भारत की जनता ने, एकजुटता और समझदारी का परिचय देते हुए, आपका सहयोग किया। इस लड़ाई में न केवल सरकार, आर्म्ड फोर्सेज और सुरक्षाबल एकजुट थे, बल्कि भारत का हर नागरिक, एक सिपाही की तरह इसमें भागीदार बना।
राजनाथ सिंह ने कहा कि हम, हमारे आराध्य श्रीराम के उस मार्ग का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ रहे हैं, जिसमें वह आसुरी शक्तियों के विनाश का प्रण लेते हैं। 'निसिचर हीन करउं महि, भुज उठाइ पन कीन्ह।' अर्थात, जिस प्रकार भगवान राम ने, अपनी भुजाओं को उठाकर, धरती को राक्षस विहीन करने का प्रण लिया था। शेष पेज 11 पर

### पाकिस्तान को हमने अभी प्रोबेशन पर रखा है

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आप सब तो जानते ही होंगे कि भारत में जब भी कोई उपद्रवी तत्व पैदा होता है, जिसको लेकर यह आशंका रहती है कि यह भविष्य में कुछ उपद्रव कर सकता है, तो उसको मजिस्ट्रेट एवं पुलिस द्वारा गुड बिहेवियर के प्रोबेशन पर रखा जाता है। अगर वह व्यक्ति प्रोबेशन के दौरान कोई भी शरारत करता है, तो उसे उचित दंड दिया जाता है। ठीक उसी तरह, वर्तमान सीजफायर में, हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर अभी प्रोबेशन पर रखा हुआ है। शेष पेज 11 पर

## छोटानागरा में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान सीआरपीएफ के अधिकारी शहीद

**नवीन मेल डेस्क**

• वज्रपात की चपेट में आ गए थे, सहायक समादेष्टा भी आकाशीय बिजली से झुलसे

• झारखंड पुलिस के दो सहायक अवर निरीक्षक भी झुलसे, अस्पताल में भर्ती



**रांची।** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) 26 बटालियन के सेकंड इन कमान अफसर (द्वितीय कमान अधिकारी) एम प्रोबो सिंह शहीद हो गए हैं। इधर, सीआरपीएफ ने माओवादी विरोधी अभियान के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सेकंड इन कमान एम प्रोबो सिंह की मौत पर दुख जताया है। कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा बल शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता से खड़ा है। वहीं, झारखंड पुलिस ने भी द्वितीय कमान अधिकारी एम प्रोबो सिंह, सीआरपीएफ 26 बटालियन के बलिदान पर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया है। रांची पुलिस मुख्यालय से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के खिलाफ पश्चिमी सिंहभूम जिले में लगातार अभियान जारी है। गुरुवार देर शाम को अभिनान के दौरान छोटानागरा थाना क्षेत्र के बलिबा के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से सीआरपीएफ 26 बटालियन के सेकंड कमान अफसर एम प्रबो सिंह, सहायक समादेष्टा सुबीर कुमार शेष पेज 11 पर

### गिरिडीह में भारी मात्रा में विस्फोटक व हथियार बरामद

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ शुक्रवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों के खिलाफ पुलिस और सीआरपीएफ के जवान लगातार कार्रवाई कर रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के पारसनाथ पहाड़ी के नक्सल प्रभावित खुखरा थाना क्षेत्र के चतरो के कानाडीह और गार्दी के घने जंगल मे छिपाकर पानी टंकी में रखे गए विस्फोटक पदार्थ और हथियारों को बरामद किया गया। शेष पेज 11 पर

## टीएसपीसी कमांडर दिवाकर सहित दो उग्रवादी गिरफ्तार



• देसी पिस्तौल, कारतूस, मोबाइल और अन्य सामग्री बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुढ़मू थाने की पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के कमांडर दिवाकर गंझू सहित दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देसी पिस्तौल, छह कारतूस, टीएसपीसी का पर्चा, चार राउटर, तीन पावर बैंक, पांच मोबाइल और चार मोबाइल चार्जर एवं अन्य सामान बरामद किए गए हैं। शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

तुर्की, अजरबैजान पर व्यापारिक समुदाय ने किया बड़ा फैसला

## व्यापार संबंधों का करेंगे पूर्ण बहिष्कार

• यात्रा, पर्यटन, फिल्म निर्माण और कॉरपोरेट प्रचार गतिविधियां भी शामिल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश की राजधानी दिल्ली में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में भारतीय व्यापारिक नेताओं ने तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी प्रकार के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों के पूर्ण बहिष्कार की घोषणा की। शेष पेज 11 पर



### मैं इस मुहिम का समर्थन करती हूं : स्मृति ईरानी

सीएआईटी (कैट) के राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने व्यापारियों की पहल का समर्थन करते हुए कहा, देश का छोटा व्यापारी आज देश की सुरक्षा और भविष्य के लिए खड़ा है। यह अभियान 'बॉयकॉट' की शक्ल में देशव्यापी रूप ले चुका है। मैं इस मुहिम का समर्थन करती हूं और विश्वास है कि यह राष्ट्र के हित में रंग लाएगी।

### सैफ, नीलम, तब्बू और सोनाली की बढ़ीं मुश्किलें

**जोधपुर।** राजस्थान सरकार ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में बहुचर्चित काला हिरण शिकार मामले में लीव-टू-अपील दाखिल की। इसमें फिल्मी कलाकार सैफ अली खान, तब्बू, नीलम और सोनाली बेंद्रे को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई है। जस्टिस मनोज कुमार गर्ग की अदालत ने मामले को अन्य संबंधित केसों के साथ सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। एडवोकेट महिपाल विश्नोई के अनुसार गत एक अक्टूबर 1998 को जोधपुर के कांकाणी गांव में फिल्म हम साथ-साथ हैं कि शूटिंग के दौरान काले हिरण का शिकार किया गया था। शेष पेज 11 पर

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किया ज्ञानपीठ पुरस्कार

**नई दिल्ली (हि.स.)**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में जगद्गुरु रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने श्रेष्ठता के प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में जगद्गुरु रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी और कहा कि आप अनेक प्रतिभाओं से सम्पन्न हैं तथा आपके योगदान बहुआयामी हैं। आपने शारीरिक दृष्टि से बाधित होने के बावजूद अपनी अंतर्दृष्टि बल्कि दिव्यदृष्टि से साहित्य और समाज की असाधारण सेवा की है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय साहित्य की सभी भाषाओं में भारतीय मिट्टी की सुगंध स्पष्ट रूप से मौजूद है। यह ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय साहित्य की इसी महत्ता को दर्शाता है। शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# स्लीपर बस में 5 जिंदा जले, राजस्थान-यूपी में कार्रवाई, झारखंड खामोश

गुरूवार की सुबह एक मनहूस खबर आई कि लखनऊ के पास तड़के चलती स्लीपर बस में आग लगने से पांच लोग जिंदा जल गए। बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही बस में क्षमता से दोगुना 80 यात्री सवार थे और चालक और परिचालक ने यात्रियों को उठाने का प्रयास किया पर देर होते देख भाग निकले। बस में क्षमता से अधिक यात्रियों के सवार होने की वजह से जान बचाने के लिए एक दूसरे पर चढ़कर भागने की कोशिश करने में सात लोग घायल हो गए। यात्रियों के अनुसार आग लगने के बाद बस कुछ देर तक जलती हुई हालत में दौड़ती रही। ड्राइवर और कंडक्टर कांच तोड़कर निकल भागे। मुख्य गेट आग लगने की वजह से जाम हो गया। जो लोग दूसरे रास्तों से निकल पाए वो बच गए। पुलिस की जांच में सामने आया कि बस का इमरजेंसी गेट नहीं खुला इस वजह से पीछे बैठे लोग बस में फंस गए। यात्रियों ने बताया कि चालक और परिचालक मना करने पर भी अतिरिक्त सवारी भर रहे थे। लोगों ने विरोध किया तो बस से उतारने की धमकी दी। दो लोगों की सीट पर चार लोगों को बिठा रहे थे। आग लगने पर बस में धुआं भरने पर लोग खांसने लगे। नींद खुली तो देखा बस खड़ी है और हर तरफ धुंआ भरा है। इससे पहले की कुछ समझ पाते बस धू-धूकर जलने लगी। आग लगने पर लोग जान बचाकर भागे, लेकिन उनका सारा सामान जलकर राख हो गया। आग में झुलसे अफरोज ने बताया कि वह परिवार के साथ दिल्ली कमाने जा रहे थे। उनके साथ दोनों बेटे आसिफ और राशिद भी थे। दोनों आग से झुलस गए। सभी कुछ हासिल करने के लिए निकले थे, लेकिन आग में सबकुछ जलकर राख हो गया। घटना के बाद यूपी में 9 डग्गामार बसें जब्त की गई हैं, 12 से ज्यादा बसों पर भारी जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई केंद्र सरकार के सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट एंड रूल्स, 1989 के नियम 125C पर आधारित है। यह नियम यात्री सुरक्षा और वाहन संरचना के मानकों को तय करता है। बिना मान्यता के बदलाव करना कानूनी अपराध है। स्लीपर बसों का संचालन मोटर व्हीकल एक्ट के तहत होता है, जिसमें सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के लिए कई नियम और विनियम दिए गए हैं।


**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**



कुछ विशिष्ट सुरक्षा मानक निर्धारित हैं, जैसे कि सीटों की संख्या, आपातकालीन द्वार, अग्निरोधी सामग्री और 11 मीटर निश्चित लंबाई। यदि स्लीपर बस संचालक इन नियमों का उल्लंघन करने पर चालान, जुर्माना या यहां तक कि बस को जब्त भी किया जा सकता है। स्लीपर बसों में सीटों की संख्या निर्धारित होती है, और बस संचालक नियमों का उल्लंघन करके अतिरिक्त सीटें नहीं लगा सकते हैं। बस में अतिरिक्त भार होने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए स्लीपर बस के नियमों का पालन करना महत्वपूर्ण है। कुछ स्लीपर बस संचालक अतिरिक्त सीटें लगाकर यात्रियों की संख्या बढ़ा देते हैं, जो मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों का उल्लंघन है। कुछ बस संचालक सीट बढ़ाने के लिए आपातकालीन द्वार बंद कर देते हैं, जो यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरनाक है। कुछ स्लीपर बसें ओवरलोड होकर चलती हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। आसानी से टिकट मिलने के कारण स्लीपर बसें तेजी से अंतर-शहर यात्रा का पसंदीदा माध्यम बनती जा रही हैं। बस संचालकों ने भारत में बसों की मूल संरचना के इर्द-गिर्द बदलाव करना शुरू कर दिया है, बस की पिछली छत को ऊपर की ओर मोड़कर अतिरिक्त बर्थ के लिए जगह बनाने के लिए ऊंचाई बढ़ाई जा रही है। कुछ लोग एक कदम आगे बढ़कर फ्लोर रूम को कम कर देते हैं ताकि निचली बर्थ में यात्रियों के लिए कुछ अतिरिक्त जगह हो। किसी भी दृष्टिकोण से, स्लीपर कोच के लिए एक विनियमन जरूरी है ताकि बस निर्माताओं को अपने मुनाफे के लिए बसों के निर्माण में अपने तरीके से चलने से रोका जा सके। जुलाई 2018 में आदेश आया था कि अगर झारखंड में स्लीपर बस चलानी है, तो आपको केन्द्र सरकार की एजेंसी से स्वीकृति लेनी होगी। झारखंड मोटरगाड़ी करारोपण संशोधन अधिनियम 2011 में व्हील बेस के अनुरूप क्षमता का निर्धारण किया गया है। इस अधिनियम के तहत परिवहन विभाग ने गाइडलाइन जारी करते हुए कहा था कि किसी स्लीपर बस में अगर 40 लोगों के बैठने की क्षमता है और आठ स्लीपर हैं तो उसके रजिस्ट्रेशन सर्टीफिकेट में 56 सीटें दर्शाई जाएंगी। राजस्थान के परिवहन विभाग ने मई 2018 में ही 10 स्लीपर बसों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया था । झारखंड में स्लीपर बसों पर अभी किसी भी कार्रवाई से अधिकारियों ने अनभिज्ञता जाहिर की है जबकि हजारों निजी बसों में से स्लीपर बसें भी बड़ी संख्या में हैं जिनमें यात्रियों से मनमानी, सुरक्षा मानकों की अनदेखी, आग बुझाने की सुविधा का घोर अभाव है तो दूसरी ओर बसों में पर्दे लगे होते हैं जिससे यूपी में बिहार की बस जलकर ख़ाक हो गई ।

जय हिंद की सेना, गर्व है आप पर

## मेरा सीना चौड़ा हो गया ऑपरेशन सिंदूर से : अभिनेता राजेश जैस




मेरे दादा मिलिटरी में थे और मेरे पिता भी पहले एयर फोर्स में रहे चुके थे, तो वे मुझे मेरे रांची के दिनों में 1971 युद्ध के समय युद्ध की बारीकियां बताते थे। हालांकि, तब मैं बहुत ही छोटा था, पर फिर भी रांची में वे रात में सायरन के बजने पर घर के बाहर की बत्तियां बुझाना, गाड़ियों के बत्तियों में ऊपर से आधा काला होना, स्ट्रीट लाइट का नहीं जलना जैसी आम सावधानियां अभी तक मुझे अच्छी तरह याद हैं। अब इतने सालों बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' का ना सिर्फ होना, बल्कि इतना सटीक, केंद्रीकृत और सधे क्रियान्वयन से मैं अभिभूत हूं। सीना चौड़ा हो गया है मेरा अपनी सेना के प्रोफेशनल और जिम्मेदार कार्यशैली को देखकर, जिसमें आम नागरिकों नुकसान ना पहुंचाने के मद्देनजर आक्रमण किया गया। हमारी दो महिला सैनिकों ने इतनी बड़ी भूमिका निभाई और इस पूरी कार्रवाई में यह अद्भुत है। निश्चित रूप से आहत परिवारों के प्रति मेरी पूरी संवेदना है और सदैव रहेगी। उनका त्याग और कष्ट देश और समाज कभी नहीं भूलेगा। इस समय और भी कई देशों के बीच युद्ध हो रहे हैं, उन सभी के लिए मुझे लगता है, भारत ने एक आदर्श युद्ध की परिकल्पना दे दी है। एक ऐसा युद्ध जिसमें निर्दोष लोगों के जान-माल को नुकसान पहुंचाए बिना युद्ध की मर्यादा के तहत पराकाष्ठा की जवाबी कार्रवाई की गई है..., जय हिंद!

### राजभवन में सिक्किम राज्य की स्थापना की 50वां वर्षगांठ मनाई गई

# सिक्किम शांत वातावरण के लिए है प्रसिद्ध : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज भवन में सिक्किम राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड में निवास कर रहे सिक्किमवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमालय की गोद में स्थित सिक्किम अपने प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। "खुशियों की धरती" के रूप में विख्यात यह राज्य केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि अपने नागरिकों के अदम्य साहस, जीवंत संस्कृति और अनुकरणीय विकास का प्रतीक है।

राज्यपाल ने कहा कि सिक्किम जैविक कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में देशभर में एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर उभरा है। यह भारत का पहला ऐसा राज्य है, जिसने पूरी तरह से जैविक खेती को अपनाया। इको-टूरिज्म, स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास की अवधारणाओं को व्यवहार में लाकर सिक्किम ने यह सिद्ध किया है कि आधुनिकता और प्रकृति के बीच संतुलन संभव है।

राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देकर सिक्किम ने न केवल अपनी आर्थिकी को सशक्त किया है, बल्कि संपूर्ण भारत के लिए हरित पर्यटन का एक आदर्श प्रस्तुत किया है। राज्यपाल महोदय ने यह भी कहा कि सिक्किम अपनी सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कलाओं और लोक पर्वों को संरक्षण प्रदान करते हुए आधुनिक विकास के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी सिक्किम का भ्रमण कर चुके हैं। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ। नितिन कुलकर्णी ने कहा कि सिक्किम राज्य की स्थापना के 50वां वर्षगांठ मना रहा है। यह राज्य आकार में भले छोटा हो, लेकिन हैप्पीनेस में अग्रणी है। जैविक कृषि, नागरिक उत्तरदायित्व और पर्यावरणीय सजगता में सिक्किम अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है।



### 'बिहार आई बैंक नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए जागरुकता चलाए'

**रांची।** राज्यपाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को बिहार आई बैंक ट्रस्ट की राज भवन में बैठक आहूत हुई। बैठक में ट्रस्ट की वर्तमान गतिविधियों, भावी योजनाओं और संगठनात्मक स्वरूप पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन को दो दशक से अधिक समय बीत चुका है, इसके बावजूद ट्रस्ट का नाम अब भी "बिहार आई बैंक ट्रस्ट" ही है। उन्होंने इसके नाम में शीघ्र परिवर्तन करने के लिए निर्देशित किया। राज्यपाल ने सभी ट्रस्टी से कहा कि यह ट्रस्ट लोगों को बेहतर नेत्र उपचार की सुविधा उपलब्ध कराकर समाज में एक विशिष्ट पहचान स्थापित करे। उन्होंने कहा कि बिहार आई बैंक ट्रस्ट नेत्र रोगों के उपचार एवं नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए जन-जागरुकता कार्यक्रमों को भी बढ़ावा दें। राज्यपाल ने कहा कि उनके द्वारा बरेली में प्रतिवर्ष नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है और हजारों लोगों के नेत्र का नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जाता है। बैठक में बिहार आई बैंक ट्रस्ट में आयुष्मान भारत योजना का लाभ लोगों को प्रदान करने तथा ट्रस्ट की वित्तीय स्थिति और संसाधनों के विविध स्रोतों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ। नितिन कुलकर्णी, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, संयुक्त सचिव, राज्यपाल सचिवालय अर्चना मेहता, ट्रस्ट की सचिव डॉ. प्रोन्नति सिन्हा सहित अन्य ट्रस्टी उपस्थित थे।

### विधानसभा अध्यक्ष से मिला यूनिसेफ का प्रतिनिधिमंडल

# झारखंड में बच्चों के लिए चल रहे कार्यक्रमों से कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विधानसभा अध्यच रबींद्रनाथ महतो से यूनिसेफ की भारतीय प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्री ने उनके कार्यालय कक्ष में भेंटवार्ता किया। उन्होंने झारखंड में यूनिसेफ के द्वारा बच्चों के लिए चल रहे कल्याण के कार्यक्रमों तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चाएं की। मैककैफ्री ने झारखंड में सकारात्मक कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि गिरिडीह से पश्चिमी सिंहभूम तक हमारी साझेदारी के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। बच्चों और युवाओं को सशक्त बनाना, विश्वविद्यालय को बच्चे के मुद्दे से जोड़ना तथा विभिन्न समुदायों को इस पहल में सक्रिय रूप से शामिल करना हमारी महत्वपूर्ण उपलब्धि रहीं हैं । हम मिलकर युवाओं की क्षमता को परिवर्तन के वाहक के रूप में सशक्त बना रहे हैं । बच्चे से जुड़े मुद्दे पर प्रभावी संवाद स्थापित कर रहे हैं। मैककैफ्री में बाल अधिकारों के संदेश के प्रचार प्रसार और विभिन्न माध्यमों से बालकों के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने में विधानसभा अध्यक्ष के निरंतर सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त की। अध्यक्ष ने यूनिसेफ के झारखंड में चल रहे हैं बाल केंद्रित नीतियों एवं कार्यक्रमों को सराहा एवं अपेक्षित सहयोग के लिए आश्वस्त भी किए। इस अवसर पर झारखंड के यूनिसेफ प्रमुख डॉक्टर कनिका मित्रा तथा आस्था अलंग भी उपस्थित रहीं ।

### झारखंड के दो आइएएस इंग्लैंड की निजी यात्रा पर जाएंगे

**रांची।** झारखंड के दो आईएएस अधिकारी विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। इनमें अनुमंडल पदाधिकारी चास, बोकारो प्रांजल ढांडा और स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह शामिल हैं।

**प्रांजल ढांडा की 13 दिनों की यात्रा :** प्रांजल ढांडा 20 मई से 1 जून तक यूनाइटेड किंगडम की यात्रा पर जाएंगी। उन्हें निजी व्यय पर 13 दिनों के लिए उपार्जित अवकाश की अनुमति दी गई है।

**अजय कुमार सिंह की 10 दिनों की यात्रा :** अजय कुमार सिंह 19 मई से 28 मई तक यूनाइटेड किंगडम की यात्रा पर जाएंगे। उन्हें निजी व्यय पर 10 दिनों के लिए उपार्जित अवकाश की अनुमति दी गई है, जिसमें 17 और 18 मई को साप्ताहिक अवकाश भी शामिल है।

# संवेदना को भी सांप्रदायिक चश्मे से देख रहे हैं बाबूलाल : डॉ इरफान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की राजनीति अब पूरी तरह गिर चुकी है, और वह एक दर्दनाक सामाजिक घटना को भी साम्प्रदायिक रंग देने में लगे हैं। बोकारो की घटना पर जिस तरह की भ्रामक और अमानवीय बयानबाज़ी की गई है, वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि उनके नैतिक और मानसिक दिवालिएपन का प्रमाण है। संवेदना को भी सांप्रदायिक चश्मे से बाबूलाल देख रहे हैं। एक महिला के साथ क्या हुआ, यह जांच का विषय है, पर भाजपा खुद को कानून से ऊपर मानती है और निर्णय भी खुद ही लेने लगी है। ऐसे समय में पीड़िता के परिवार को सांत्वना देना अगर गलत है, तो मैं यह गलत बार-बार करूंगा — क्योंकि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।

डॉ. अंसारी ने कहा कि भाजपा के पास ना तो कोई जनहित का मुद्दा है, ना कोई संवेदनशीलता। सिर्फ घृणा और नफरत फैलाकर वोट बैंक की राजनीति करना इनका काम रह गया है। जब बरही के रूपेश पांडे के साथ दर्दनाक घटना हुई थी, तब बाबूलाल मरांडी मौन थे, पर अब उन्हें बयानबाजी की याद आ रही है।

**हज यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं हो उपलब्ध : मंत्री**

**रांची।** कडरू स्थित हज हाउस में हज-2025 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने किया। बैठक में इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले झारखंड के लगभग 1300 यात्रियों की सुविधाओं, सुरक्षा और संपूर्ण व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

### किसानों ने मेधा डेयरी प्लांट का किया भ्रमण



**रांची।** कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव सुजीत शाही ने हुरहुरी दूध उत्पादक किसानों को मेधा डेयरी प्लांट होटवार का भ्रमण कराया। तकनीकी पदाधिकारी ने पशुपालन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। वहीं स्वच्छ दूध उत्पादन कैसे हो इस पर विस्तार से बताया गया।

### झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन चुनाव

# अभिषेक चौधरी ने बेहरा गुट को भेजा नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) का चुनाव 18 मई को है। और अब माहौल गर्म होता जा रहा है। जेएससीए को खड़ा करने वाले पूर्व आइपीएस अमिताभ चौधरी के बेटे अभिषेक चौधरी ने एसके बेहरा गुट पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसे लेकर उन्होंने चुनाव अधिकारी एनएन पांडेय को पत्र लिखा। जिसके बाद असिस्टेंट चुनाव अधिकारी रवि रंजन मिश्रा ने बेहरा गुट को नोटिस भेजा है।

बेहरा गुट को जारी नोटिस में कहा गया है कि अमिताभ चौधरी के पुत्र अभिषेक चौधरी न पुत्री नियती चौधरी ने आवेदन देकर आरोप लगाया है कि बेहरा गुट के लोग अपने पोस्टर में प्रत्याशियों को "अमिताभ के लोग" बता रहे हैं। उनके पिता के नाम का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। इस पर रोक लगाई जाए। इसी के बाद बेहरा गुट को नोटिस जारी किया गया है। हालांकि 16 मई को जारी पोस्टर में एसके बेहरा गुट ने अपने पोस्टर से "अमिताभ के लोग" हटा दिया है। इसकी जगह पर "अच्छे लोग, सच्चे लोग" लिखा है।



दस्तावेजों के मुताबिक जेएससीए स्टेडियम, धुर्वा में चल रहे बैंक्वेट हॉल, ओवल ग्राउंड, होटल रूम एवं अन्य आयोजन स्थल का अवैध रूप से निजी ठेकेदारी होने का सबूत आधे दर्जन वेबसाइट पर मौजूद है। इन वेबसाइट पर समग्र बैंक्वेट हॉल एंड लॉन नामक एक निजी कंपनी द्वारा सार्वजनिक पैसे से बने संसाधनों के लिए बुकिंग एवं पेमेंट ली जा रही है।

तमाम ऐसे वेबसाइट पर जेएससीए स्टेडियम के भवन, ग्राउंड तथा बैंक्वेट हॉल के फोटो और विज्ञापन दिए गए है। इसके अलावा स्टेडियम के विभिन्न आयोजन स्थलों की सीटिंग कैपेसिटी एवं रेट दिया गया है। जेएससीए स्टेडियम के अमिताभ चौधरी पवेलियन से चल रहे होटल के 90 कमरों का रेंट भी दिया गया है। उपलब्ध स्क्रिन शॉट के मुताबिक एडवांस के तौर पर 50 प्रतिशत की मांग समग्रा द्वारा रखी गई है। गौरतलब है की इन वेबसाइट पर कांटेक्ट नंबर संतोष सिंह व रंजीत सिंह (दोनों जेएससीए के आजीवन सदस्य) का दिया गया है। फोन पर एक संभावित ग्राहक को गेस्ट रूम के अलावे मेहंदी फंक्शन इत्यादि के लिए जेएससीए परिसर में 2 विल्ला का ऑफर भी दिया गया।

उल्लेखनीय है कि जेएससीए ने अधिकांश गैर-क्रिकेटिंग सुविधाएं और परिसर कंट्री क्रिकेट क्लब को किराये पर दे रखा है। ऐसे में यह आश्चर्य का विषय है कि कंट्री क्रिकेट क्लब के वेबसाइट पर गेस्ट रूम और बैंक्वेट के बुकिंग ऑप्शन से पृथक कोई निजी कंपनी बुकिंग कैसे ले रही है। पूर्व में जेएससीए परिसर से चल रहे समग्रा रेस्टोरेंट को बिना पट्टे के आधिपत्य हासिल होने पर भी जेएससीए मेंबर द्वारा सवाल उठाया गया है।

# दुष्कर्मी के लिए मुआवजा पीड़िता के लिए मौन : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं



नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को झारखंड सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का मॉडल कुछ ऐसा है जिसमें दुष्कर्मी को मुआवजा मिलता है और पीड़ित पर मौन रखा जाता है। बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बोकारो के कडरूखुट्टा गांव में एक आदिवासी महिला तालाब में स्नान करने गई थी। वहीं गांव में काम कर रहा अब्दुल कलाम, महिला से छेड़खानी करता है और दुष्कर्म की कोशिश करता है। महिला चिल्लाती है, ग्रामीण जुटते हैं और आरोपित की जमकर पिटाई होती है। पिटाई के दौरान उसकी मौत हो जाती है। घटना दुखद है क्योंकि कानून को हाथ में लेना सही नहीं। उन्होंने कहा कि लेकिन उससे भी ज्यादा शर्मनाक है इसके बाद झारखंड सरकार और कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रिया, जिन्होंने पीड़ित को भूलकर पूरी संवेदना उस व्यक्ति के लिए लुटा दी जो एक आदिवासी महिला का बलात्कार करना चाहता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक डॉण्इरफान अंसारी ने पूरे मामले को 'मॉब लिंचिंग' कहकर मुस्लिम उत्पीड़न की कहानी बना दी। हेमंत सोरेन सरकार ने तत्काल अब्दुल कलाम के परिवार को 4 लाख मुआवज़ा, एक लाख सहायता राशि और स्वास्थ्य विभाग में नौकरी तक ऑफर कर दी। एक बलात्कारी के साथ शहीद जैसी राजकीय सहानुभूति।

**बाबूलाल ने डीसी को पत्र लिखा, कांके सीओ पर की कार्रवाई की मांग**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची डीसी को पत्र लिखकर कांके अंचलाधिकारी के खिलाफ जांच कराने और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। मरांडी ने आरोप लगाया है कि कांके अंचलाधिकारी ने स्वार्थवश अवैध तरीके से दोहरा जमाबंदी कायम किया है। आरोप है कि कांके अंचलाधिकारी जय कुमार राम ने निजी स्वार्थवश लेन-देन के आधार पर 03/04/2025 को वर्णित जमीन की दोहरी जमाबंदी सलीमा खातून के नाम से कर दी है, जो पूर्णत: गलत है। इस जमीन का लगान रसीद निर्गत करने का आदेश भी दिया गया है। आरोप है कि जमीन दलालों ने विवादित भूमि पर क जा कर बेचने की कोशिश की और जमीन मालिकों के साथ लाठी और डंडे से मारपीट की। इस मामले में अनुमंडल न्यायालय में वाद लंबित है और यथास्थिति बनाए रखने का आदेश है।

### आजसू पार्टी में शामिल हुए दर्जनों बुद्धिजीवी व युवा, सुदेश ने कहा

# विचारों से भटक गया है झामुमो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन के मूल सोच और विचारधारा से झामुमो भटक चुका है। गुरुजी शराब को समाज के लिए घातक मानते थे, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि खनिज संसाधनों से भरे–पूरे राज्य में शराब बेचकर राज्य का खजाना भरने की बात हेमंत सरकार कर रही है। श्री महतो ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य सरकार की कथनी और करनी में भेद दिख रहा है। श्री महतो ने कहा कि पेसा कानून के संबंध में भी राज्य सरकार का रवैया स्पष्ट नहीं है और इससे संबंधित बैठक में मुख्यमंत्री स्वयं उपस्थित नहीं दिखे। पेसा कानून को हुबहू लागू किया जाना चाहिए ताकि जनता की भावनाओं का सम्मान हो सके। उन्होंने कहा कि जेपीएससी को पटरी पर लाने में सरकार विफल रही है, जिससे युवाओं में आक्रोश दिख रहा है। इससे पूर्व आजसू पार्टी के मिलन समारोह में दर्जनों बुद्धिजीवियों एवं युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उनलोगों का स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वालों में संजय साहू, डॉ. अमित कुमार साहू, डॉ.अभिषेक झा, डॉ. अंबुज मिश्रा, मोहित गोप, रोहित प्रजापति, सुभाष गोप, देवेंद्र साहू, अमित साहू सहित अन्य युवा शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री से बीआईटी मेसरा के कुलपति ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

### संजय सेठ ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

# सब्जी और फल बेचने वाले फुटपाथ दुकानदार पर हुई कार्रवाई अमानवीय



- दुकानदारों के लिए स्थाई व्यवस्था किया जाए ताकि रोजगार का संकट नहीं हो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। वहीं कहा कि मोरहाबादी में सब्जी और फल बेचने वाले फुटपाथ दुकानदारों पर हुई कार्रवाई अमानवीय है। इसकी निंदा करते हुए कहा कि काफी लंबे समय से यहां फुटपाथ पर सब्जी और फल की दुकान लगाई जा रही है परंतु दो दिन पूर्व इन दुकानदारों पर की गई कार्रवाई मानवता को शर्मसार करने वाली है। वहां से सैकड़ों परिवारों का लालन-पालन होता है। लोग फल-सब्जी बेचकर अपना घर चलाते हैं। उन्हें स्थायित्व प्रदान करने के बजाय यह कार्रवाई बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इन दुकानदारों में ज्यादातर संख्या ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े लोगों की रहती है। कई ग्रामीण किसान खुद की उपजाई सब्जी, फल और फसल बेचने के लिए यहां आते हैं। उनके आर्थिक स्वावलंबन की पूरी निर्भरता इसी फुटपाथ की दुकानदारी से होती है। दो दिन पूर्व नगर निगम और पुलिस के द्वारा इन्हें हटाने के नाम पर इनके साथ बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की गई है। इनके फल सब्जी को उठाकर फेंक दिया गया। उसे जब्त करने के नाम पर अमानवीय कृत्य किया गया। यह कार्रवाई बेहद गलत है। यह वर्तमान समय की जरूरत है कि मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों को स्थाई व्यवस्था देना चाहिए। इससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति भी होगी और इनके रोजगार के लिए स्थायी समाधान भी हो पाएगा। राज्य सरकार को इस बात पर गंभीरता दिखानी चाहिए कि ऐसी अन्यायपूर्ण कार्रवाई नहीं हो। इन दुकानदारों की रोजी रोजगार पर संकट नहीं हो। उनके समक्ष परिवार के लालन पालन का संकट नहीं हो। उनके बच्चों की फीस भरने में समस्या नहीं हो।

श्री सेठ ने कहा इसका अविलंब स्थायी समाधान निकालने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किया जाए।

**मोरहाबादी की चौपाल से**

### सड़क किनारे बैठे आतंकवादियों को नेस्तनाबूद कर दिया गया



मोरहाबादी की चौपाल से शुक्रवार को समाचार पत्रों के माध्यम से जो पता चला, मन खुश हुआ कि मोरहाबादी में सड़क किनारे बैठे आतंकवादियों को पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया गया है। खबर सही है या नहीं, चौपाल के सदस्य देखने गए। दृश्य देख कार्य को इस अंजाम तक पहुंचाने वाले अधिकारियों पर नाज हुआ कि उन्होंने अपनी कार्य कुशलता, ईमानदारी, निष्ठा का परिचय दिया है। कुछ लोग झोला लेकर स जी ढूंढ रहे थे, जैसे अगर स जी नहीं मिली तो उनका क्या होगा। हम लोगों ने समझाया कि स जी के बारे में इतना क्यों सोचते हैं, अगर बहुत जरूरी है तो निकल जाइए बाइक लेकर गांव की तरफ, सीधे किसानों से स जी खरीद लीजिए और वहां तक नहीं जाते हैं तो रेस्टोरेंट में भोजन का प्रोग्राम कर लीजिए और आजकल तो जोमैटो जैसी सेवाएं भी हैं ,उनको ऑर्डर दे दीजिए वे कहीं लेकर पहुंचा देंगे। चौपाटी के एक सदस्य ने कहा कि हम लोग भी अधिकारियों की मदद करेंगे,जब भी पूरे मोरहाबादी मैदान में किसी भी तरह का खाने पीने का ठेला लगेगा या स जी लगेगी तो इसकी सूचना अधिकारियों तक पहुंचा देंगे। हमारा भी कर्तव्य होता है अधिकारियों की मदद करना।

### सीएसआईआर-एनएमएल ने स्वच्छता पखवाड़ा मनाया, बोले दीपांकर चौधरी

# स्वच्छता को मौलिक मूल्य के रूप में देखा जाना चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप, सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल), जमशेदपुर ने 1 से 15 मई तक "स्वच्छता पखवाड़ा-2025" के अन्तर्गत 15 दिवसीय स्वच्छता अभियान मनाया। यह पहल सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी के मार्गदर्शन में संचालित की गई और इसका समन्वयन डॉ. शर्मिष्ठा सागर, मुख्य वैज्ञानिक के साथ-साथ जय शंकर शरण, विप्लव विशाल, पंकज कुमार, भोला आजाद, विश्वजीत भौमिक, उदय भास्कर राव और कई अन्य कर्मचारियों की समर्पित टीम द्वारा किया गया। समापन समारोह के दौरान, सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने स्वागत भाषण दिया तथा स्वच्छता पखवाड़ा के महत्व और भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के साथ इसके संरेखण पर जोर दिया। उन्होंने इस तरह की पहलों के दीर्घकालिक सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों के तहत, विशेषकर भावी पीढ़ियों की भलाई पर प्रकाश डाला। डॉ। चौधरी ने स्वच्छ और अधिक जिम्मेदार समाज के निर्माण में स्थिरता और पुनर्चक्रण की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की समन्वयक और मुख्य वैज्ञानिक, डॉ. शर्मिष्ठा सागर ने प्रयोगशाला के विभिन्न परिसरों में पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों का विस्तृत सारांश प्रस्तुत किया। उन्होंने आगे की राह भी बताई और पखवाड़े के बाद भी दैनिक व्यवहार में स्वच्छता और स्थिरता को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक, एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी, पूर्वी सिंहभूम दीपांकर चौधरी ने कार्यस्थल पर दक्षता बढ़ाने हेतु स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण न केवल बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देता है, बल्कि कर्मचारियों के मनोबल, एकाग्रता और उत्पादकता को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है। श्री चौधरी ने बताया कि स्वच्छता को महज एक नियमित कार्य के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि एक मौलिक मूल्य के रूप में देखा जाना चाहिए जो किसी भी संगठन के समग्र अनुशासन और व्यावसायिकता में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

समारोह के एक भाग के रूप में, गणमान्य व्यक्तियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं-जैसे निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, आशु भाषण और कला प्रतियोगिता-के विजेताओं को उनकी भागीदारी और उपलब्धियों के सम्मान में पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। समापन समारोह के सांस्कृतिक भाग में प्रयोगशाला की महिला सफाई कर्मचारियों द्वारा जीवंत नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने दिल से सराहा। इसके बाद सीएसआईआर-एनएमएल के कर्मचारियों द्वारा एक आकर्षक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक भागीदारी जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का समापन सीएसआईआर-एनएमएल के प्रशासन नियंत्रक जयशंकर शरण द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसके बाद राष्ट्रगान की प्रस्तुति हुई और इसके साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा-2025 समारोह का औपचारिक समापन सम्पन्न हुआ।

## रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर

# एनएचआई प्रचलित नामों से कर रहा छेड़छाड़, दिशा भी गलत है प्रदर्शित



गलत दिशा प्रदर्शन से भटक रहे मुसाफिर

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण अब अंतिम पड़ाव पर है। जल्द ही इसका उद्घाटन होने वाला है। इस बीच एनएचआई की गलतियों से लोग हतप्रभ हैं। एनएचआई मनमाने ढंग से प्रचलित नामों को बदल रहा है और गूगल में वही नाम अपडेट हो रहा है। एक ओर नाम लिखने में अशुद्धि से मातृभाषा हिंदी का अपमान तो हो ही रहा है दूसरी तरफ नाम बदलने से लोगों में आक्रोश भी उपज रहा है। साथ ही दिशा-निर्देश बोर्ड में गलत सूचना अंकित होने से रास्ता भटकने की घटना में तेजी से वृद्धि हो रही है। सोशल मीडिया में एनएचआई की त्रुटियों का माखौल उड़ाया जा रहा है। सोशल मीडिया में कहा जा रहा है कि बोर्ड लगाने में इतनी बड़ी गलती हो रही है तो गुणवत्ता का क्या हाल होगा।



नाम में अशुद्धि



नाम में छेड़छाड़ से आक्रोशित लोगों ने पोती कालिख

### आइए जानते हैं क्या है मामला

एनएचआई ने जिले के मांडर के पास पुनगी मोड़ को पुंगी मोड़, चान्हो के पास बढ़ैया को बड़हिया, ब्राम्बे को ब्रैम्बे वहीं रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण क्रम में शारदा बैट्री लेन को शारधा बैट्री लेन का बोर्ड लगाया है। पोपुलर लेन को रौनियार गली लिखा गया है जिससे लोगों में आक्रोश है ओर उस बोर्ड में कालिख तक पोत दी गई है। पिस्का मोड़ में गुमला रोड को डालटनगंज रोड और डालटनगंज रोड को गुमला रोड प्रदशित किया जा रहा है। रांची से गुमला की दूरी 95 किमी और डालटगंज की दूरी 173 किमी है। गलत बोर्ड लगे होने के कारण डालटनगंज जाने वाले को पहले गुमला 95 किमी जाना होगा तब 173 किमी डालटनगंज जाना होगा।

वहीं बोर्ड के अनुसार गुमला जाने वालों को पहले डालटनगंज 173 किमी जाना होगा तब डालटनगंज से गुमला 170 किमी जाना होगा। सुविधा के लिए लगी बोर्ड भटकाव का कारण बन रही है। जिसे सुधारा नहीं गया तो जीपीएस उपयोग करने वालों को भी बाद में बड़ी परेशानी होगी। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने एनएचआई की जीएम एकता कुमारी से सवाल पूछे। एनएचआई जीएम एकता कुमारी ने कहा कि आस-पास के लोगों से पूछकर बोर्ड में नाम लिखा गया है और दिशा प्रदर्शित की गई है। अभी आरएमसी से नाम और दिशा प्रदर्शन की सूची मंगाई जा रही है। आरएमसी से प्राप्त हिंदी और अंग्रेजी नामों के आधार पर बोर्ड लगाया जाएगा। वहीं लगाए बोर्ड के गलत नामों को गूगल में अपडेट नहीं होने की बात कही है।

## सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर के बरियातू हाउसिंग कॉलोनी स्थित गुलमोहर पार्क के निकट (सीताराम महावीर मंदिर के पीछे) श्री नारायण ज्योति सेवा ट्रस्ट के संस्थापक आचार्य राधेश्याम बाबा के सानिध्य में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का समापन हुआ। महायज्ञ का शुभारंभ आठ से 14 मई तक किया था। सुप्रसिद्ध कथा वाचक निर्माण महा दास द्वारा भक्तों व श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान का रसपान कराया। उक्त जानकारी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ आयोजन समिति के संरक्षक/संयोजक व समाजसेवी सुधीर सहाय ने दी।


● सुप्रसिद्ध कथा वाचक निर्माण मोहा दास ने भक्तों को कराया गीता ज्ञान का रसपान

## गुरु नानक स्कूल में समर कैंप का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरु नानक स्कूल में पिछले 5 दिनों से चल रहे समर कैंप का समापन हो गया। इस कैंप में 11 से 19 वर्ष तक के 355 बच्चों ने पार्टिसिपेट किया था। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों को विभिन्न खेलों के स्किल्स सीखाना तथा उसके बाद उनमें से चयनित बच्चों को उस खेल में सीबीएसई द्वारा आयोजित होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए उनका रजिस्ट्रेशन करना था। इस कैंप में योग, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, कबड्डी, खो-खो, स्केटिंग, चेस आदि खेलों को शामिल किया गया था। आज कैंप का समापन बच्चों के डांस, मस्ती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया।



इस कैंप में अलग-अलग खेलों के शिक्षक एवं प्रशिक्षक - नवीन कुमार, नेहा सिंह, एवं शशिकांत ने अपना योगदान दिया।

## 1250 वित्तरहित शैक्षणिक संस्थानों में ठप रही पढ़ाई

**रांची।** राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग को लेकर शुक्रवार को पूरे राज्य में लगभग 1250 वित्तरहित स्कूल और इंटर कॉलेजों में एकदिवसीय शैक्षणिक हड़ताल रही। शैक्षणिक संस्थानों के गेट में ताले लटके रहे। लगभग तीन लाख से ज्यादा बच्चों का पठन पाठन ठप रहा। शैक्षणिक हड़ताल में 10 हजार से ज्यादा शिक्षक-कर्मचारियों ने भाग लिया। शैक्षणिक हड़ताल की सफलता के लिये वित्तरहित संघर्ष मोर्चा ने राज्य के सभी शिक्षक-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। मोर्चा के कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि 2020 में मुख्यमंत्री ने सदन को आश्वस्त किया था कि प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन हो चुका है। आयोग में अनुशंसा आते ही राज्य सरकार समान काम के लिए समान वेतन और अन्य सुविधाएं देगी। मुख्यमंत्री के सदन में आश्वासन के बाद तथा मुख्यमंत्री सचिवालय के पत्र के आलोक में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने कार्मिक सचिव को पत्र लिखा था।

### आज / कल




# लाभुकों को एक साथ मिलेगी दो माह की राशि, 9609 करोड़ जारी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए खुशखबरी है। जल्द अप्रैल और मई माह की 5000 रुपये राशि एक साथ खातों में ट्रांसफर की जाएगी। जानकारी के अनुसार महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने इसके लिए 9609 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है। यह योजना सीएम हेमंत सोरेन की महत्त्वपूर्ण सामाजिक योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

सरकार की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि जिन लाभुक महिलाओं ने आधार सीडिंग नहीं करवाई है, उन्हें यह राशि नहीं मिलेगी। ऐसे में जिन महिलाओं ने अब तक आधार सीडिंग नहीं करवाया है, उन्हें 5000 रुपये नहीं मिलेंगे।

अगर आपने अब तक आपका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है, तो जल्द से जल्द आधार सीडिंग करवा लें, वरना 5000 मिलने में देरी या रुकावट हो सकती है।

इधर लाभुकों की स्क्रूटनी के बाद बड़ी संख्या में अपात्र लाभुकों को योजना से वंचित किया गया है । विभाग का कहना है कि यह कदम पारदर्शिता और वास्तविक लाभुकों तक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

सरकार का लक्ष्य है कि सभी पात्र महिलाओं तक समय पर लाभ पहुंचे और उनके खातों में बिना किसी परेशानी के राशि ट्रांसफर की जाए। विभाग ने जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह आधार सीडिंग प्रक्रिया को तेजी से पूरा कराएं, ताकि कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित न हो।

## मंईयां सम्मान से स्वावलंबी बन रही है रांची जिला की महिलाएं

**रांची।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं को प्रत्येक माह मिलने वाली 2500 रुपए की सम्मान राशि से रांची जिला प्रशासन ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की पहल की है। अंडा उत्पादन एवं बकरी पालन के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक रूप से और सबल बनाने का कार्य उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री के दिशा निर्देशानुसार किया जा रहा है। मंईयां सम्मान से स्वावलंबन अंतर्गत रांची जिला में अप्रैल 2025 तक 3051 लाभार्थी महिलाओं के बीच 159300 चूजों का वितरण किया गया है, जबकि 350 लाभुकों के बीच 730 बकरियों का वितरण किया गया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने प्रखंडवार अंडा उत्पादन एवं बकरी पालन हेतु लाभुकों को चूजे एवं बकरी वितरण की समीक्षा करते हुए लगातार मॉनिटरिंग कर ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिए हैं।बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा प्रखंडवार मंईयां सम्मान से स्वालंबन एवं अबुआ ग्रुप्स की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने मंईयां सम्मान से स्वालंबन योजना अंतर्गत अंडा उत्पादन एवं बकरी पालन पर फोकस करने के निर्देश दिये। प्रखण्डवार मुर्गी एवं बकरी पालन हेतु लाभुकों को चूजे एवं बकरी वितरण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा लगातार मॉनिटरिंग करते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।


● अबुआ ग्रुप में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ें : उपायुक्त

### मारवाड़ी सम्मेलन ने साक्षी जैन को दी बधाई

## साक्षी जैन का चयन होना पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात : सुरेश चंद्र अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची की साक्षी जैन को प्रतिष्ठित फोर्ब्स मैग्जीन की 30 अंडर- 30 एशिया सूची में शामिल किए जाने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने बधाई दी है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने साक्षी जैन को बधाई देते हुए कहा कि सोशल मीडिया मार्केटिंग एंड एडवरटाइजिंग कैटिगरी 2025 मे इनका चयन होना पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने पूरे विश्व में यह परचम लहराते हुए पूरे समाज को गौरवान्वित की है। इस कैटेगरी में 30 नामों में से दो भारतीय शामिल है, जिसमें एक नाम साक्षी जैन का है। उन्होंने कहा कि साक्षी जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं कंटेंट क्रिएटर है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बधाई देते हुए कहा है कि साक्षी जैन का फोर्ब्स थर्टी अंडर-30 एशिया में चयन होना पूरे देश में मारवाड़ी समाज की मान को बढ़ायी है। साक्षी जैन के पिता रांची अप्पर बाजार निवासी व्यवसायी पंकज जैन एवं माता अंचला जैन एक गृहणी है। तथा दादा सुरेश कुमार जैन सेवानिवृत्त प्रोफेसर है। साक्षी जैन ने स्कूली शिक्षा रांची के विशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल से की फिर सेंट जेवियर्स कॉलेज से ग्रेजुएट की शिक्षा प्राप्त की।



## राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान में लाख कीट दिवस मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान ने शुक्रवार को लाख कीट दिवस मनाया, जिसका उद्देश्य एक जागरूकता कार्यक्रम एवं भारत के ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के लिए लाख कीटों के महत्व और उनके आर्थिक मूल्य को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में लाख उत्पादक किसानों ने भाग लिया, जिन्हें लाख की खेती के विभिन्न पहलुओं और टिकाऊ ग्रामीण आजीविका में योगदान और इसकी क्षमता के बारे में शिक्षित किया गया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. ज्योतिर्मोय घोष ने कॉलियंड्रा की खेती पर एक जानकारीपूर्ण सत्र दिया, जो लाख उत्पादन के लिए एक उभरता हुआ और आशाजनक मेजबान पौधा है। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए पौधे की उत्पादकता और पशुचारा के रूप में इसके उपयोग पर जोर दिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक (कीट विज्ञान) डॉ अचिंत्य प्रमाणिक ने लाख कीट के आकर्षक जीवन चक्र पर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## जीईएल चर्च परिसर में की गई दखल दिहानी

**रांची।** जीईएल चर्च परिसर में शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से दखल दिहानी कराई गई। यह जानकारी चर्च समिति के महासचिव ईश्वरदत्त कंडुलना ने दी। बताया कि रांची सदर कार्यपालक दंडाधिकारी की उपस्थिति में 40.21 डिसमिल जमीन की दखल दिहानी की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई। जानकारी दी कि सिविल जज, जूनियर डिविजन चंदन कुमार गोस्वामी के कोर्ट में दखल दिहानी का आदेश फालेन कुजूर विश्वासी टोप्पो की अवैध कब्जे वाली संपत्ति पर पारित हुआ था। इस संपति पर चर्च की बिना सहमति व जानकारी के उन लोगों ने गैरकानूनी तरीके से आठ परिवारों को किराए पर रखा था।




## डीपीएस में समर कैंप का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप शुक्रवार को उल्लासपूर्ण और विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके झा थे। मौके पर संतोष कुमार (हेडमास्टर) एवं प्राइमरी विंग इंचार्ज प्रभा सिंह भी उपस्थित थे। 12 से 16 मई तक आयोजित यह कैंप छात्रों के लिए आनंद, रचनात्मकता, फिटनेस और शिक्षा का एक सुंदर संगम साबित हुआ।

पूरे सप्ताह भर छात्र-छात्राओं ने खेल, मनोरंजक गतिविधियां, कला एवं शिल्प, फायरलेस कुकिंग, एरोबिक्स एवं संगीत में पूरे उत्साह से भाग लिया। हर दिन उनके लिए नए अनुभव और रोमांच लेकर आया, जिसमें उन्होंने अपनी छिपी प्रतिभाओं को उजागर किया, टीम भावना सीखी और जीवन के जरूरी कौशलों का विकास किया।




समापन समारोह में छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, अपने अनुभव साझा किए और कैंप के दौरान बनाई गई कला एवं शिल्प कृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा सम्मानित भी किया गया। यह आयोजन अभिभावकों द्वारा भी सराहा गया। मौके पर प्राचार्य डॉ आरके झा ने कहा कि हमारे छात्रों ने समर कैंप के दौरान जो ऊर्जा और उत्साह दिखाया वह वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्हें कक्षा से बाहर निकलकर सीखते, रचते और बढ़ते देखना अत्यंत सुखद अनुभव रहा। हमारा प्रयास हमेशा संतुलित और बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण करना है और यह कैंप उसी दृष्टिकोण का एक सुंदर उदाहरण है। मैं सभी प्रतिभागियों को बधाई देता हूं और शिक्षकों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देता हूं।

# आम जनता के साथ संवेदनशील रहें अधिकारी: मंजूनाथ भजन्त्री

## लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बैठक में अबुआ साथी (9430328080) एवं अबुआ ग्रुप्स की मॉनिटरिंग कर प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश पदाधिकारियों को दिए। उन्होंने नोडल पदाधिकारी को प्रत्येक सप्ताह अबुआ साथी में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करने को कहा। उन्होंने कहा कि अबुआ ग्रुप्स में आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूल के संचालन में अनियमितता की शिकायत आती है तो फौरन उचित कार्रवाई करें।

**● मंईयां सम्मान योजना के शेष लाभुकों की आधार सीडिंग का निर्देश**

बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए योजना का बेहतर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। रांची जिला में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की आधार सीडिंग की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गयी। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा बताया गया कि विगत दिनों जिला में पंचायत स्तर पर लगाये गये आधार सीडिंग कैंप के बाद 1.15 लाख लाभुकों का उनके खाते से आधार सीडिंग किया जा चुका है। इस पर उपायुक्त द्वारा शेष लाभुकों की यथाशीघ्र आधार सीडिंग का निदेश एडीएसएस को दिया गया। जिन लाभुकों को सत्यापन प्रपत्र नहीं मिल पाया है उन्हें सीडीपीओ एवं सेविका के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया।




### साफ-सफाई, पेयजल एवं पार्किंग और बेहतर करने के निर्देश

उपायुक्त द्वारा समाहणालय के दोनों ब्लॉक में और बेहतर साफ-सफाई के निर्देश दिये गये। उन्होंने नोडल पदाधिकारी को कहा कि पार्किंग से लेकर छत तक साफ-सफाई सुनिश्चित करें। पार्किंग में अनावश्क वाहन पार्क न हो इसे भी सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। उपायुक्त द्वारा नगर निगम के प्रतिनिधि को शहर में साफ सफाई से संबंधित पीपीटी देने को कहा गया, उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में साफ-सफाई के लिए लोगों को जागरुक करें और शिड्यूल उपलब्ध करायें ताकि सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जा सके।

## राज्य भर में चलाया गया विशेष जन जागरूकता अभियान

**रांची।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू से सुरक्षा के लिए राज्य भर में विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय डेंगू दिवस का उद्देश्य जन समुदाय को डेंगू से सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरूक करना और बेहतर स्वास्थ्य के लिये उनका व्यवहार परिवर्तन किया जाना है। डेंगू एक वायरल और गंभीर फ्लू की तरह संक्रमित रोग है, जो संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। एडिस मच्छर साफ और ठहरे हुए पानी में पनपते है। बरसात के आगमन के साथ ही डेंगू के संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम है- शीध्र कार्रवाई करें, डेंगू को रोकें, स्वस्थ परिवेश, स्वस्थ जीवन इस थीम का उद्देश्य डेंगू से सुरक्षा के कारगर उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है तथा अपने आसपास साफ सफाई रखना और जीवन को स्वस्थ बनाना है। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत दिल्ली में राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड के अलावा अन्य राज्यों की भी भागीदारी रही। इसके अलावा राज्य के अधिकांश जिलों में डेंगू से सुरक्षा के लिए अर्न्तविभागीय सहयोग हेतु सेमिनार आयोजित किए गए। राष्ट्रीय डेंगू दिवस राज्य भर में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया तथा डेंगू के निवारण एवं नियंत्रण हेतु अनेक गतिविधियों के द्वारा जन जागरूकता के प्रयास किये गए।

### जिला चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक

## ठगों के झांसे में न आएं, आपकी योग्यता ही चयन का आधार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को चौकीदार लिखित परीक्षा में योग्य अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा की तैयारियों से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में लिखित परीक्षा में योग्य अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजित करने को लेकर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को चौकीदार बहाली के तहत निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अभ्यर्थियों के लिए शौचालय, पेयजल, बिजली, पंखा, सहित अन्य सभी सुविधाओं को सुनिश्चित करने को कहा, ताकि उन्हें सहूलियत हो। बैठक में जीवन रक्षक दवाओं के साथ एंबुलेंस व्यवस्था सहित चिकित्सीय दल प्रतिनियुक्ति करने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### एफसी आराडीह ने हेमरम एफसी को 5-0 से हराया



**तमाड़ ।** पांच परगना क्षेत्र के बहुचर्चित एकमात्र फुटबॉल लीग ग्रुप बी का 38वां मैच एफसी आराडीह और हेमरम एफसी के बीच जीइएल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। दोनों टीम काफ़ी सुंदर खेल का प्रदर्शन किया। एफ सी आराडीह के गणेश मुंडा द्वारा 3,प्रकाश अहीर और जंगल मुंडा द्वारा 1-1गोल के बदलत अपने टीम को 5 -0 का अंतर से जीत दिलाया। हेमरम एफ सी कई बार गोल करने का प्रयास किया लेकिन आराडीह के मजबूत रक्षा पांतियों ने सफल होने नहीं दिया। मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार 3 गोल मारने वाले आराडीह के स्टार खिलाडी गणेश मुंडा को रितेश गुप्ता ने सम्मानित किया। मैच का संचालन गुप्तेश्वर मुंडा, राजेश मुंडा और महावीर पुराण ने किया। लीग का 39वा मैच राज स्पोर्ट्स बुंडू और लिटिल स्टार के बीच शनिवार को सुबह 7 बजे खेला जायेगा। इस अवसर पर निशांत भेंगरा, करम मुंडा, जॉन कमल, प्रेम पूर्ति, लखिनरायण मुंडा के अलावे काफ़ी संख्या मे दर्शक मौजूद थे।

### जलस्रोत खराब होने से जलापूर्ति ठप



**पिठौरिया ।** तपती गर्मी और जलसंकट के इस दौर में कांके प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में स्थित सार्वजनिक जलस्त्रोत खुद प्यासा है। कभी राहगीरों, कार्यालय आने-जाने वाले कर्मियों और ग्रामीणों के लिए राहत का जरिया रहा यह नल आज बदहाली और उपेक्षा का प्रतीक बन चुका है। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि जलस्त्रोत की चारदीवारी जगह-जगह से उखड़ चुकी है, ईंटें बिखरी पड़ी हैं और चारों ओर गंदगी का अंबार है। जलप्रवाह पूरी तरह ठप है और नल कई महीनों से सूखा पड़ा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सार्वजनिक जलस्त्रोत की मरम्मत को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थिति यह है कि कांके के 32 पंचायतों से रोजाना आने वाले सैकड़ों लोग इस तपती गर्मी में एक बूंद पानी के लिए तरसते हैं।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के चटवल मोड़ के निकट शुक्रवार को अपराह्न लगभग चार बजे हुए सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में शोएब आलम 22वर्ष केशा बेड़ो, रुस्तम अंसारी 29वर्ष व निखत आरा 20वर्ष शामिल है जिसमे शोएब आलम एवं रुस्तम अंसारी की हालत गंभीर थी। जिनका मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर क़र दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शोएब बुढ़मू की ओर से अपनी बाइक से आ रहा था। वहीं रुस्तम मांडर की ओर से उमेडंडा जा रहा था। इसी क्रम में दोनों टक्कर हो गई और गिर क़र गंभीर रुप से घायल हो गए।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड का परचम लहरा रांची लौटे खिलाड़ी



- **खेल निदेशक ने दी बधाई, बढ़ाया हौसला**
- **झारखंड के खिलाड़ियों 08 स्वर्ण 7 रजत 6 कांस्य पदक समेत 21 पदक जीता**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** खेल मंत्रालय एवं युवा मामले,भारत सरकार द्वारा 04 मई से 15 मई तक बिहार के पटना,गया,बेगूसराय, राजगीर,भागलपुर एवं नई दिल्ली में संपन्न खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में झारखंड के खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन कर रांची लौटने पर एथलेटिक्स टीम, बालिका हॉकी, बालक तथा बालिका फुटबॉल के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को खेल निदेशालय, मोराबादी, रांची में खेल निदेशक श्री संदीप कुमार, उपनिदेशक राजेश कुमार की उपस्थिति में खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया एवं भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभ कामना दी।

वहीं इस उपलब्धि पर खेल सचिव श्री मनोज कुमार,झारखंड एथलेटिक्स संघ के मधुकांत पाठक, भोलानाथ सिंह,गुलाम रब्बानी, निशिकांत पाठक,जिला खेल पदाधिकारी चतरा सह चीफ डी मिशन तुषार राय, साईं कोच बिनोद सिंह, प्रभाकर वर्मा,साझा के मणिकांत , देवेंद्र सिंह ने समेत खेल विभाग के अधिकारियों ने भी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी।

## टाटीसिलवे में कुएं से युवक का शव बरामद

**नामकुम।** टाटीसिलवे पुलिस ने शुक्रवार की सुबह आठ बजे लाली महुआटोली गांव स्थित कुएं से एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक 25 वर्षीय मनेश्वर महतो महुआटोली गांव निवासी था। जानकारी मिलने पर थानेदार रंजीत सिन्हा सदलबल मौके पर पहुंचे और शव को कुएं से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भिजवाया। थानेदार बताया कि शव दो से तीन दिन पुराना है। ग्रामीणों के अनुसार मनेश्वर 12 मई से गायब था। शुक्रवार की सुबह स्कूली बच्चे वहां से गुजर रहे थे तो एक बच्चा कुएं के पास गया तो उसने देखा कि कुएं में शव तैर रहा है।

## झारखंड के 15 बाल वैज्ञानिक जाएंगे दिल्ली

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के द्वारा इंस्पायर अवॉर्ड-मानक के अंतर्गत राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सह प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला विद्यालय में किया गया। इसमें सर्वश्रेष्ठ 15 बाल वैज्ञानिकों के प्रदर्शन को राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया जिसमें कुल 139 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन

मुख्य अतिथि निदेशक प्राथमिक शिक्षा शशि प्रकाश सिंह ने किया। नोडल पदाधिकारी सह आरडीडीइ नीलम आईलिन टोप्पो ने कार्यक्रम के उद्देश्य और झारखंड की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और उन्होंने नवाचारों पर जोर दिया। इस अवसर पर उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा अलका जायसवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार सिंह, जैक सदस्य भरत बड़ाईक ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संयुक्त सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग नंद किशोर लाल ने विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन में एरिया ऑफिसर जूही रानी, दिवाकर सिंह, डॉ शाहनवाज कुरैशी ने सक्रिय भूमिका निभायी तथा मंच संचालन डॉली जायसवाल ने किया।

## सीसीएल के रोहिणी व धमधमिया कॉलोनी को मिलेगा शुद्ध पानी

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया के रोहिणी, धमधमिया कालोनी के लोगों को अब शुद्ध पानी मिल सकेगा। रोहिणी स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का नवीकरण किया गया है। शुक्रवार को इस प्लांट का समारोहपूर्वक उद्घाटन किया गया। यह 1 एमजीडी क्षमता का यह वाटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रतिदिन 10 लाख गैलन पानी फिल्टर कर सकेगा। मालूम हो कि पूरे सीसीएल में 16 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का नवीकरण किया गया है। यह कार्य मेकान के द्वारा कराया गया है। मेकान के सीनियर जीएम अजीज अहमद ने बताया कि 16 में 10 पुराने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का नवीकरण किया गया है वहीं 6 नए प्लांट स्थापित किए गए हैं। रोहिणी स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पुराना प्लांट था जिसका नवीकरण किया गया है। बताया गया कि इसके नवीकरण में छह करोड़ रूपए लागत आया है। बताया कि इसके अलावा सीसीएल में पांच एचटीपी (हाइड्रोथर्मल




प्रोसेसिंग) प्लांट हैं। जिनमें चार पुराने एचटीपी को नवीकरण करना है तथा एक नया बनाना है। एचटीपी वेस्टवाटर को उपयोगी बनाता है। इस मौके पर सभी अधिकारियों व श्रमिक प्रतिनिधियों ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया।

### नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी भेजा गया जेल

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत सिल्ली रूगडी टोला निवासी नरोत्तम गोराई नाबालिग लड़की को भागने के आरोप में सिल्ली थाना पुलिस ने जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार नरोत्तम गोस्वामी नाबालिग लड़की को लेकर फरार हो गया था। लड़की के पिता ने सिल्ली थाना में अपने लड़की की खोजबीन को लेकर मामला दर्ज करवाया था। जिसको लेकर सिल्ली थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लड़का एवं लड़की को बरामद कर थाना लाया गया जहां शुक्रवार की सुबह धारा 137/2 भा द वि बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर नरोत्तम गोस्वामी को जेल भेज दिया गया।

### खलारी बीडीओ को मिली प्रोन्नति

**खलारी।** खलारी के प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, झारखंड प्रशासनिक सेवा को अनुमंडल पदाधिकारी व समकक्ष कोटि में प्रोन्नति किया गया है। झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार को अधिसूचना जारी किया है। खलारी प्रखंड व अंचल के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों सहित आम लोगों ने प्रोन्नति के लिए खलारी बीडीओ को बधाई दिया है।

## डालसा का लिगल लिट्रेसी क्लास आयोजित

**रांची।** झालसा कैलेण्डर के अनुसार 16 मई को को महारानी प्रेममंजरी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, में लिगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन डालसा के कार्यरत पीएलवी के द्वारा किया गया। डालसा के कार्यरत पीएलवी के द्वारा बच्चों को विधि की जानकारी, मौलिक अधिकार और कर्त्तव्यों के विषय में जानकारी दी गयी। बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम एवं पोक्सो एक्ट के बारे में भी बताया गया। लिगल लिट्रेसी क्लास के आयोजन में पीएलवी पुष्पलता देवी, सुनिता देवी, पुनम देवी उपस्थित हुए। पीएलवी पुष्पलता देवी ने बच्चों को बाल विवाह और बाल श्रम से संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी। कही कि बाल श्रम एवं बाल विवाह अपराध है। पुनम देवी ने मध्यस्थता, लोक अदालत और राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी।

### भारतीय रिजर्व बैंक ने मातृदिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया

## ममता की छांव में जीवन संवरता है : क्षेत्रीय निदेशक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मातृदिवस के उपलक्ष्य में होटल कैपिटल हिल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध पुस्तक 'माई रे' पर परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें डॉ. रविभूषण, प्रकाश देवकुलिश, प्रमोद कुमार झा, अनिता रश्मि, राकेश कुमार सिंह, पंकज मित्र, उर्वशी, नियति कल्प तथा अंशुप्रिया ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह के उद्घाटन से हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने मातृदिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज में मातृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अनोखा अवसर बताया । उन्होंने कहा कि मां न केवल परिवार की आधारशिला होती है, बल्कि उसकी ममता, त्याग और समर्पण से जीवन संवरता है । मातृदिवस के आयोजन का उद्देश्य समाज को इस




अनमोल रिश्ते के प्रति जागरूक करना और माँ के प्रति सम्मान प्रकट करना है । माँ से जुड़ी कविताओं, कहानियों, नाट्य प्रस्तुतियों, गीत-संगीत और प्रश्नोत्तरी जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया । कार्यक्रम से पहले, क्षेत्रीय निदेशक के मार्गदर्शन और नेतृत्व में मातृदिवस के अवसर पर टीवीएस सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, जगन्नाथपुर में पौधरोपण की पहल कराते हुए 'एक पेड़ माता के नाम' और 'एक पेड़ भारत माता के नाम' के तहत दो पौधे लगाये गये ।

### टावर काटकर लोहा चोरी करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**मांडर।** हाईटेंशन तार के लोहे के पोल (टावर) की चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। बीती रात पुलिस को सूचना मिली थी कि मांडर थाना क्षेत्र के ग्राम सकरा के पास कुछ अज्ञात अपराधी अभिजीत ग्रुप के हाईटेंशन तार के लोहे के पोल (टावर) को काटकर बेचने के लिए पिकअप वाहन में लोड कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक खलारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर 4 पिकअप वैन पर लदे लोहे के पोल (टावर) को जप्त कर लिया और पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

### उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**मांडर।** पलाश दीदी कैफे फूड क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित दस दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। इस कार्यक्रम में झारखंड के 12 जिलों से चयनित स्वयं सहायता समूह की 30 दीदियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में स्थानीय व्यंजन, बेकरी, खाद्य सेवा, कैफे की स्थापना, लागत निर्धारण, बिक्री तकनीक और उद्यमिता जैसे विषयों को शामिल किया गया। इसके साथ ही दीदियों को रांची स्थित उपायुक्त कार्यालय में सफलतापूर्वक संचालित पुनम दीदी द्वारा संचालित कैफे का फील्ड विजिट भी कराया गया। यह प्रशिक्षण आई एच एम रांची और जे एस एल पी एस के बीच हुए एम ओ यू के अंतर्गत संचालित किया गया। मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि जे एस एल पी एस की सी ई ओ कंचन सिंह ने कहा कि यह पहल न केवल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक और पाक विरासत को सशक्त मंच भी प्रदान कर रही है।

## अवधेशानंद गिरि जी महाराज आज रांची में

**रांची।** शनिवार को शाम 5 बजे अवधेशानंद गिरी जी महाराज रांची पहुंच रहे हैं। रांची एयरपोर्ट पर श्रद्धालुओं द्वारा उनका भव्य अभिनंदन एवं स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात पूज्य स्वामी जी रांची एयरपोर्ट से जमशेदपुर के लिए सड़क के रास्ते प्रस्थान करेंगे। स्वामी जी जमशेदपुर में दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रभु प्रेमी संघ एवं गौ माता सेवा समिति के पदाधिकारीयों ने सभी भक्तगणों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या मे रांची एयरपोर्ट पहुंचकर स्वामी जी का अभिनंदन करें।



### ब्रेन डेवलपमेंट की नई क्रांति धुर्वा में बच्चों को मिल रही है नई दिशा

## गर्मी की छुट्टियों में अनोखी पढ़ाई से बच्चों में दिख रहा है उत्साह

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल किताबी ज्ञान काफी नहीं है — ज़रूरत है बच्चों को ऐसा वातावरण देने की, जहां वे तेज सोचें, तेज बोलें, तेज समझें और सबसे तेज निर्णय लें। इसी सोच को साकार कर रहा है रांची धुर्वा सेक्टर-2 स्थित एक अभिनव शिक्षण केंद्र, जहां बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट और पर्सनैलिटी बिल्डिंग पर खास ध्यान दिया जा रहा है। अभियंता और शिक्षा से जुडी वीणा देवांगन की देखरेख में धुर्वा में अबैकस, वैदिक गणित, रोबोटिक्स, स्टीम , पब्लिक स्पीकिंग, हैंडराइटिंग और कैलिग्राफी — बच्चों को हर दिशा



में विकसित कर रहे हैं। यहां पढ़ने वाले बच्चे आज न सिर्फ गणित में तेज हैं, बल्कि बोलने, सोचने, बनाने और प्रस्तुत करने में भी बेहद आत्मविश्वासी हो चुके हैं।अबैकस और वैदिक मैथ्स के माध्यम से बच्चे कठिन गणनाएं चंद सेकंड में हल कर पा रहे हैं। यह न सिर्फ उनका एकेडमिक परफॉर्मेंस बेहतर बना रहा है, बल्कि उनका एकाग्रता, दृश्य स्मृति और तर्कसम्मत सोच भी बहुत तेज़ हो रहा है। स्टीम और रोबोटिक्स जैसी तकनीकी कक्षाओं के ज़रिए बच्चे 21वीं सदी के स्किल्स जैसे डिज़ाइन थिंकिंग, इनोवेशन, टीम वर्क और समस्या समाधान जैसी क्षमताएँ सीख रहे हैं। वहीं पब्लिक स्पीकिंग से उनमें याददाश्त और आत्मविश्वास दोनों का ज़बरदस्त विकास हो रहा है।हैंडराइटिंग व कैलिग्राफी की कक्षाएं न सिर्फ लिखावट सुधार रही हैं, बल्कि बच्चों में अनुशासन और सृजनशीलता भी ला रही हैं। इस संपूर्ण अभियान की सूत्रधार हैं डायरेक्टर वीणा देवांगन, जो अत्यंत समर्पण और अनुशासन के साथ इन गतिविधियों को संचालित कर रही हैं। उनके नेतृत्व में न केवल रांची धुर्वा सेक्टर-2 में, बल्कि अन्य शाखाओं में भी यह कार्यक्रम सफलता से चल रहा है और अभिभावकों के बीच गहरी सराहना पा रहा है।संस्थान में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि यहां पढ़ने के बाद उनके बच्चों में आत्मविश्वास, ध्यान क्षमता और सीखने की गति में जबरदस्त सुधार हुआ है।

## झारखंड जैव विविधता पर्षद ने किया केज कल्चर विधि का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता


**खलारी।** झारखंड जैव विविधता पर्षद व सीसीएल अधिकारियों ने शुक्रवार को खलारी नौ नंबर खदान तालाब में मछली पालन के केज कल्चर विधि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन की जानकारी ली। मछली पालन के तरीके के अलावा मछली उत्पादन व बिक्री के संबंध में जानकारी ली गई। प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष बालेश्वर गंझू ने बताया कि समिति के सदस्यों के सहयोग से केज कल्चर विधि से मछली पालन कर ग्रामीणो विस्थापित को रोजगार से जोड़ा गया है। इसमें सदस्यों की संख्या भी बढ़



रही है। यहां से उत्पादित मछली की मांग भी काफी है। कुछ अतिरिक्त सहयोग मिलने से इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस मौके पर रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, मैनेजर एसपी निगम, सीएसआर अधिकारी निखिल अखौरी, नोडल अधिकारी दिव्य प्रकाश, समिति के अध्यक्ष बालेश्वर गंझु, सरजू तुरी, उमेश लोहरा, मनसु मुंडा, सुनील कुमार, मीना देवी, सुनीता देवी, मनीता देवी सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

### रोहिणी खदान से पांच सौ मीटर दूरी पर भू-धंसान

**खलारी।** सीसीएल के रोहिणी परियोजना के खदान से मात्र पांच सौ मीटर की दूरी पर जंगल में भू धंसान हुआ है। यह भू धंसान ढुब बस्ती के नजदीक जंगल में हुआ है। लगभग पचास वर्ग मीटर के एरिया में तथा लगभग आठ से दस फिट की गहराई तक धंसान हुआ। भू धंसान के कारण कई पेड़ धराशायी होकर गड्ढे में ही गिर गए हैं। भू धंसान के बगल से ही नौ नंबर मंदिर जाने वाली सड़क गुजरी है। बताया जाता है कि पिछले वर्ष भी इसी जगह पर भू धंसान हो चुका है। मालूम हो कि इस क्षेत्र में पूर्व में भूमिगत खदान चल चुका है और अब रोहिणी खदान से होने वाली ब्लास्टिंग के कारण जंगलों में भूमि धंसने लगी है। इस क्षेत्र में लोगों का आवागमन रहता है इसलिए यह स्थिति बड़े खतरे का कारण बन सकती है।



06 वर्ष में एक भी बुंद पानी ग्रामीणों को नसीब नहीं हुआ

# जल मीनार बनाने वाली कंपनी ने सड़कों को तोड़ कर छोड़ दिया :मुखिया

**13 गांवो में घर-घर पानी पहुंचाने की थी योजना**

यह योजना छह वर्षों मे सिर्फ मेरे पंचायत के बसरामो मे शोभा की वस्तु बन गयी है: उप मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के चुगलामो,गैंडा, बरकनगांगो पंचायत के लोगो को इस भीष्ण गर्मी में पानी के लिए जुझना पड़ रहा है। यह स्थिति पिछले छह वर्ष से बनी हुई है। जलनल योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही है। सरकार की महत्वकांझी योजना जो बरकट्ठा प्रखंड के तीन पंचायत चुगलामो,गैंडा, बरकनगंगो के 13 गांवो में घर-घर पानी पहुंचाने की थी लेकिन अभी तक ये सभी जलमीनार इस क्षेत्र की शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। गैडा पंचायत के उप मुखिया चंद्रदीप पांडेय ने कहा कि यह योजना 2019-20 मे 24 करोड़ की लागत से बननी थी जिसका शिलान्यास कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के द्वारा किया गया था। इस जलापूर्ति योजना से इन पंचायतों के दर्जनों गांवो मे घर घर जल पहुंचाने की थी जो हाथी का दॉत साबित हुई। इस योजना का निर्माण कार्य राजस्थान स्वस्तिया रतन कम्पनी द्वारा किया गया था। कंपनी द्वारा लगभग सभी गांवो मे पाइप बिछाने का काम किया गया है। यह योजना का लाभ बराकर नदी से पानी निकाल कर जल मीनार की सहायता से ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जाना था ।पेयजल बराकर नदी से निकाल कर बरकंगानगो मे बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से फिल्टर कर सभी घरो मे भेजनें की योजना थी। इस संबंध में बरकनगांगो मुखिया बसंती देवी ने बताया कि पेयजल निर्माण करने आयी कम्पनी के द्वारा सड़को को काटकर जैसे तैसे छोड़ दिया गया था जिससे आने जाने मे काफी परेशानी होती हैं। गैंडा पंचायत मुखिया सुमन कुमारी ने बताया कि यह योजना छह वर्षो मे सिर्फ मेरे पंचायत के बसरामो मे शोभा की वस्तु बन गयी है।निर्माण करने वाली कम्पनी के द्वारा पाईप बिछाने मे बनी पी सी सी को तोड़कर छोड़ दिया है जिससे आये दिन घटना होते रहती है।

## न्यूज बॉक्स

### 18 महीनो से बनकर तैयार है जलमीनार भीषण गर्मी में एक बूंद पानी नहीं



**बरही ।** हर घर नल योजना के तहत 14वीं वित्त से कोल्हुआकला के करगइयो सामुदायिक भवन के पास पिछले 18 महीनो से जल मीनार बनकर तैयार है। जो पूरी तरह सफेद हाथी साबित हो रहा है. लाखों की लागत से बना या जल मीनार पूरी तरह बेकार साबित हो रहा है। उक्त जानकारी करगईयो निवासी युवा समाजसेवी मनोज यादव ने दी। उन्होंने बताया कि गर्मी में पेयजल का घोर संकट है। कई बार जलमीनार चालू करने को लेकर अधिकारियों को कहा गया। परंतु इस संबध में अब तक कोई भीं कारवाई नही हुआ है। मामले के संबंध में कनीय अभियंता से बात करने का प्रयास किया गया परंतु संपर्क नहीं होने के कारण जलमीनार प्रारंभ नहीं होने के कारणों का पता नही चल सका है. ग्रामीणों ने संबंधित विभाग की पदाधिकारी से जनहित में यथाशीघ्र जलमीनार प्रारंभ करवाने की मांग की है।

### सूरज दास की अगुवाई में अनिश्चिकालीन धरना प्रारंभ होते ही प्रशासन हुआ सक्रिय



**बरही।** मलकोको निवासी स्व जागेश्वर रविदास की विधवा सुदामा देवी को हक दिलाने को लेकर युवा नेता सूरज दास के नेतृत्व में मलकोको के ग्रामीणों ने अंचल सह प्रखंड कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया। धरना के कुछ हीं घंटे बाद सीओ अमित किस्कू ने धरणार्थियों से बात चीत किया। दंडाधिकारी नियुक्त करते हुए सीओ ने प्रशासन की उपस्थिति में भूमिहीन विधवा का निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया। विदित हो कि उक्त विधवा भूमिहीन है। करीब दो वर्ष पूर्व बिरसा आवास निर्माण के लिए अंचल की ओर से मलकोको गांव में दो डिसमिल जमीन उक्त विधवा के नाम जमाबंदी की गई थी। बिरसा आवास निर्माण के लिए प्रखंड की ओर से योजना भी स्वीकृत किए गए। पर जब भीं काम प्रारंभ किया गया, उसी गांव के कुछ लोग अंचल प्रदत्त जमीन को खुद का बताते हुए काम करवाने से रोकते रहे। इस संबंध में उक्त विधवा ने कई बार शिकायत भी किया, परंतु कोई कारवाई नही हुई। अंततोगत्वा युवा नेता श्री दास के नेतृत्व में शुक्रवार को अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया गया. धरना के पहले दिन हीं प्रशासन सक्रिय हुआ और पुलिस बल की निगरानी में कार्य प्रारंभ करवाया गया। धरना प्रदर्शन में गुलाब दास, शंकर दास, कार्तिक रविदास, प्रमोद दास, कैलाश दास, संजय रविदास, मीना देवी, सोमिया देवी, चंदवा देवी, कंचन देवी, आशा देवी, सीता देवी, सहोदरी देवी आदि कई लोग शामिल थे।

# यात्रियों को लुटने वाले दो युवक बरही से गिरफ्तार



**बरही।** नशे की दवा खिलाकर यात्रियों को लूटने वाला दो अपराधियों को बरही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनो अपराधियों की पहचान बिहार के वैशाली के भगवान पूर थानांतर्गत सहसा गांव निवासी रंजीत कुमार गिरी (40 वर्ष) पिता देवेन्द्र गिरी और रवि कुणाल (42 वर्ष) पिता शशि भुषण प्रसाद सिंह के रूप में हुई है। उक्त कारवाई पीड़ित धनबाद जिला के झरिया थानांतर्गत भगतडीह निवासी टिंकु स्वर्णकार (38 वर्ष) पिता मथुराचन्द्र स्वर्णकार के लिखित आवेदन के आधार पर की गई। आवेदन के अनुसार सूचक बीते 3 मई को अपने कंपनी के काम से पटना गया था। दिन मे अपना काम करने के बाद रात्रि मे चन्द्रलोक टेवल्स बस संख्या बीआर-45 पी 3833 से रांची लौट रहा था। इसी क्रम में पिछले सीट पर बैठे दो व्यक्ति उनसे बात करने लगे. बातचीत के दौरान उन्हें छोटा मैंगो कोल्ड्रिंक पीने के लिये दिया गया. जिससे वह बेहोश हो गए। जिन्हे सुबह में रांची खादगड़ा बस पड़ाव से ईलाज के लिये सदर अस्पताल रांची ले जाया गया। बेहोशी के क्रम में उनके पिट्ठु बैग मे रखे गए कंपनी के पैसे, पर्स, दो अंगूठी एवं गले से सोने का भी लूट लिया गया। सीसीटीवी फुटेज से दोनो व्यक्तियो की पहचान किया गया. जिसे गुरुवार की सुबह में पटना से रांची जान क्रम में बरही चौक पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# 15 नवंबर तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा अपना भवन : उपायुक्त

## 425 आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**



किसी कारणवश जमीन उपलब्ध नहीं होने पर स्थानीय लोगों को जमीन दान करने के लिए करें प्रेरित

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा बड़ी पहल की गई है, रामगढ़ जिले में 15 नवंबर 2025 तक सभी आंगनबाड़ी के केंद्रों का अपना भवन होगा इसे लेकर शुक्रवार को जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत 29, दुमली प्रखंड अंतर्गत 46, गोला प्रखंड अंतर्गत 41, चितरपुर प्रखंड अंतर्गत 42, मांडू प्रखंड अंतर्गत 111 एवं पतरातू प्रखंड अंतर्गत 156 कुल 425 आंगनबाड़ी केंद्र ऐसे हैं जिनका वर्तमान में अपना भवन नहीं है।

इसे लेकर उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे कर जमीन उपलब्ध कराने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा 23 मई 2025 तक कम से कम आधे आंगनबाड़ी केंद्रों के जमीन उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया वहीं मई के अंत तक सभी 425 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा जमीन उपलब्ध होने के उपरांत जुलाई महीने से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का यह लक्ष्य है कि 15 नवंबर तक सभी 425 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए एवं दिसंबर माह से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन शुरू कर दिया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी कारणवश किसी क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए जमीन उपलब्ध नहीं हो पता है तो वैसी स्थिति में स्थानीय लोगों को जमीन दान करने के लिए प्रेरित किया जाए। जमीन दान करने वाले लोगों को जिला प्रशासन की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय, विद्युत आदि की समीक्षा करते हुए उनकी पर्याप्त उपलब्धता सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 680 बोतल शराब किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली की एनएच 33 से सफेद रंग की एक स्कॉर्पियो वाहन संख्या बीआर 01पीबी-6620 से अवैध नकली शराब रामगढ़ होते बिहार ले जाया जा रहा है। एसपी द्वारा उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुनि सह थाना प्रभारी रामगढ़ प्रमोद कुमार सिंह नेतृत्व में एक दल का गठन किया गया तथा एनएच 33 पर वाहन चेकिंग अभियान चलाने के लिए निर्देश दिया गया । गठित दल द्वारा रांची-रामगढ़ फोरलेन पक्की सड़क स्थित मायाटुंगरी मंदिर के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में एक सफेद रंग का स्कार्पियों वाहन न० बीआर 01पीबी-6620 को आते देख रूकने का ईशारा किया तो वाहन का चालक पुलिस को देखकर वाहन खड़ा कर भागने लगा । जिसे गठित दल के सदस्यों द्वारा पकड़ लिया गया। पकड़े चालक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अशोक कुमार उम्र-30 वर्ष, बताया। पकड़े चालक से भागने का कारण पूछे जाने पर उसके द्वारा बताया गया कि गाड़ी में नकली शराब रखा हुआ जिसके कारण पुलिस के पकड़े जाने के डर से भाग रहे थे।

# शिक्षकों ने राज्यकर्मी का दर्जा देने और 75% अनुदान वृद्धि की मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**




**बरकट्ठा।** शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा झारखंड के आह्वान पर शुक्रवार को आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह में शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल शुक्रवार को किया गया। शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के द्वारा आयोजित इस एक दिवसीय हड़ताल के दौरान स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला लटका रहा। वहीं लोगों ने मुख्य द्वार पर सरकार की नीतियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। विदित हो कि संगठन के आह्वान पर मूल्यांकन केंद्र वाले संस्थानों को छोड़कर प्रखंड क्षेत्र समेत 1250 संस्थानों में कार्यरत करीब दस हजार शिक्षक व कर्मचारी हड़ताल पर रहे। शैक्षणिक हड़ताल के दौरान शिक्षक कर्मचारीगण राज्य कर्मी का दर्जा देने और 75% अनुदान वृद्धि जैसे मुख्य मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया ।मौके पर सहायक अध्यापक राम कुमार पाण्डेय, समसुद्दीन अंसारी, उपेंद्र कुमार पाण्डेय, विष्णुकांत पाण्डेय और आदेशपाल अनीता बास्के मौजूद रहे।

# दो दिनों के आवासीय प्रशिक्षण के लिए वॉलिंटियर्स एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों को किया गया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा दिनांक-19 एवं 20 मई, 2025 को झारखण्ड राज्य के वॉलिंटियर्स एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण निर्धारित है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा समाहरणालय परिसर से रामगढ़ जिले के वॉलिंटियर्स एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों को प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान रामगढ़ जिले से कुल 25 लोग (10 वॉलिंटियर्स, 10 बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य, 2 मास्टर ट्रेनर एवं 3 अन्य कर्मी दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगे। उपायुक्त द्वारा समाहरणालय परिसर से वॉलिंटियर्स एवं बूथ लेवल सदस्यों को बस से धनबाद जिले तक के लिए रवाना किया गया जहां से ट्रेन के माध्यम से वॉलिंटियर्स एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य दिल्ली पहुंचेंगे। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# तीन महीने के अंदर हो राशन का वितरण : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में आपूर्ति विभाग के जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को आपूर्ति टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सरकार के निर्देशानुसार लाभुकों को 3 महीने जून, जुलाई एवं अगस्त का राशन वितरण एक साथ किया जाना है। जिसके लिए जून एवं जुलाई का राशन 31 मई 2025 तक एवं अगस्त का 1 जून 2025 से 15 जून 2025 तक राशन वितरण कर दिया जाना है। इस संबंध में उपयुक्त में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समन्वय करते हुए ससमय राशन वितरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने राशन कार्डधारियों के आधार सीडिंग कार्यों की समीक्षा करते हुए बचे हुए लाभुको का आधार सीडिंग कार्य करने हेतु ग्राम सभा आयोजित करने सहित अन्य आवश्यक विषय निर्देश दिए।

# विद्यालयों को सुरक्षित और सुसज्जित बनाना हमारी प्राथमिकता : ममता देवी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढुठुवा में शुक्रवार को जल संसाधन विभाग द्वारा डीएमएफ टी मद योजना के अंतर्गत विद्यालय चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी व सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उपस्थित रहे।

मौके पर विधायक ममता देवी ने कहा कि एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण की नींव हमारे विद्यालयों में रखी जाती है। जब बच्चों को एक सुरक्षित, संरक्षित और अनुशासित वातावरण मिलता है, तभी वे स्वतंत्र रूप से सीख सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं। विद्यालय परिसर की चारदीवारी केवल ईंट-पत्थर की दीवार नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा, आत्मविश्वास और गरिमा की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि मेरी हमेशा यही कोशिश रहती है कि शिक्षा और बुनियादी ढांचे से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाए। ढुठुवा सहित दुलमी प्रखंड के सभी विद्यालयों को बेहतर सुविधा दिलाने के लिए मैं सतत प्रयासरत हूँ और रही हूँ।

**केजीबीभी बरही में चार दिवसीय फिजिकल लिटरेसी समर कैंप आयोजित**

# छात्राओं के समग्र विकास में सहायक होगा यह कैंप : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** 13 से 16 मई के बीच कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरही चार दिवसीय फिजिकल लिटरेसी समर कैंप आयोजित किया गया. झारखंड शिक्षा परियोजना व पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कैंप वार्डेन निशी रानी की निगरानी में आयोजित की गई. जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मक व सृजनात्मकता, शारीरिक सशक्तता आदि विकसित करना था. चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के लिए खेल के साथ कौशल निपुणता पर ध्यान दिया गया. जिसकी शुरुआत जुम्बा नृत्य और मास ड्रिल जैसे कार्यक्रमों से हुई। इस दौरान दैनिक गतिविधियों के मूल्यांकन के लिए 'माई खेल पासपोर्ट' की शुरुआत की गई। दूसरे दिन प्लास्टिक और बेकार सामग्री से खेल का सामान तैयार कर टीम वर्क में खेल खेले गए। तीसरे दिन खेल से जुड़ी कलाकृतियां बनाकर छात्राओं ने चित्रों के माध्यम से समूह नृत्य कर स्वय की पहचान व्यक्त किया. चौथा और अंतिम दिन छात्राओं ने स्वयं द्वारा बनाई गई सामग्री, चित्र और अनुभवों का प्रदर्शन किया। समापन समरोह में बतौर मुख्यातिथि बीडीओ जयपाल महतो, पिरामल फाउंडेशन के डॉ. हसन अहमद नूरी शामिल हुए. बीडीओ ने कहा कि इस प्रकार का पहल छात्राओं के समग्र विकास में मददगार होगा। जो एक आवश्यक कदम है. कार्यक्रम सफल बनाने में शिक्षिका रोशनी बाड़ा, अनिल कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्पूर्ण योगदान दिया।

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी ने भव्य तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली**

# भव्य तिरंगा यात्रा, वीरता और सम्मान का जीवंत उत्सव है: राकेश प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**




**ये हुए शामिल**

रामगढ में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार,रामगढ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला प्रभारी शशि भूषण भगत, रंजीत कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमरेन्द्र कुमार गुप्ता,रणंजय कुमार, डॉ संजय कुमार सिंह , प्रवीण कुमार सोनू,उमेश प्रसाद, आनंद बेदिया, जगेश्वर प्रजापति, नमेंद्र चंचल, सहदेव ठाकुर,समाज सेवी कमल बागड़िया, नूतन ठाकुर,डोमन साव, पूनम सिंह, रमेश वर्मा,शीतल सिंह, कुश श्रीवास्तव, रूपा देवी ,अमिता सोनी, रूमा देवी, सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिन्हा जितेन्द्र साहू, मच्छेंद्र कुमार, रवि हाजरा अंकित सिंह एनसीसी कैडट्स के छात्र -छात्राएं सहित अन्य लोग शामिल हुए।

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम की दास्तान ऑपरेशन सिंदूर की गूंज के साथ रामगढ़ में निकली भव्य तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति, वीरता और सम्मान का जीवंत उत्सव है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सैन्य शक्ति को दुनिया ने देखा। हमारी सेना ने अपने देश, ध्वज, निशान, जन और भारत भूमि की रक्षा के लिए शौर्य और वीरता का जो परिचय दिया है, वह अद्भुत और अतुलनीय है। अपने शत्रुओं और पाक समर्थित आतंकवादियों को घर में घुसकर मुंह तोड़ जवाब दिया है, जिस पर पूरा देश गौरव कर रहा है। भारत ने बता दिया है कि अगली बार कोई ऐसा दुस्साहस न करे। भारत ने बता दिया है कि वॉर जरूर बंद हो गई है, लेकिन लड़ाई जारी रहेगी। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश में स्पष्ट कहा है कि लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक पाक प्रायोजित आतंकवाद और उग्रवाद जारी रहेगा। भारत अब किसी के दबाव में नहीं झुकेगा। हमारे वीर सैनिक हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने वाले वीर सैनिकों, वायु सेना ,नौसेना और सभी सुरक्षा बलों को नमन करते हुए कहा कि भारत ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम है।

# शैक्षणिक संस्थाओं के अनुमोदन एवं छात्रवृत्ति को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

- उपायुक्त द्वारा शेष छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ देने को लेकर सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया गया
- उपायुक्त द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के नवीनीकरण को लेकर समिति के सदस्यों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए गए

**रामगढ़।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत शैक्षणिक संस्थानों के अनुमोदन एवं छात्रवृत्ति को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 65 संस्थान पंजीकृत है वही नए शैक्षणिक संस्थानों के पंजीकरण के लिए 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के नवीनीकरण को लेकर समिति के सदस्यों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए गए। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत जानकारी देने के क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 22653 छात्र छात्राओं ने पंजीकरण किया है । वहीं, आईएनओ द्वारा 18758 छात्र-छात्राओं का सत्यापन किया जा चुका है जिसके उपरांत सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के उपरांत कुल 4676 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाना है। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा शेष छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ देने को लेकर सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया गया वहीं उनके द्वारा 4676 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे।

# डीसी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग व कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा हुई

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पोलियो संभावित जांच में नगण्य पाए गए प्रखंडों में बानो, कुरडेग,जलडेगा तथा ठेठईटांगर के प्रखंड चिकित्सा प्रभारियों से जानकारी ली गई।साथ ही जन्म के अनुपात में पूर्ण टीकाकरण की कार्रवाई में हेपेटाइटिस बी के टीके से बंचितो की पहचान,शत प्रतिशत टिकाकरण नहीं होने के कारणों को स्क्रीनिंग कराने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया फिर भी लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं होने पर उपायुक्त ने सी एस को संबंधित लापरवाहों को स्पस्टीकरण पूछने को कहा।इसके साथ डिप्थीरिया,मैसेल्स और रूबेला के टीकों के अंतर को शून्य करने का प्रयास का निर्देश दिया गया।राष्ट्रीय टीकाकरण का लक्ष्य मिशन मोड में कॉम्पैन चलाकर करें।टी डी10 का कॉम्पैन चल रहा है जिसे माइक्रो लेवल में प्लान बनाकर करने का सुझाव दिया गया। सुपरवाइज़र विजिट का सर्वे सही करने का निर्देश दिया गया। लेप्रोसी की समीक्षा में विगत वर्षों की तुलना में 2024-25में अधिक डिटेक्ट होने के कारणों की जानकारी लेकर सुझाव दिए गए।ई संजीवनी अन्तर्गत टेली कंसल्टेंसी की संख्या बढ़ाने की बात कही गई। यक्ष्मा नियंत्रण एवं मलेरिया की संभावना पर चर्चा किया गया कि बॉर्डर क्षेत्र में इसकी प्रभाव होने के कारण हैं। सर्प दंश से बचाव के लिए पर्याप्त वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटना,हाथी पीड़ित के आलावे सर्पदंश में मृत्यु अधिक होती है।अतः सर्पदंश का वैक्सीन समुचित व्यवस्था हो।कुपोषण उपचार केंद्रों में बच्चों को भर्ती की संख्या बढ़ाई जाए ताकि कुपोषित बच्चे बाहर आ सकें।इस कार्य मे सहिया,सेविकाओं से सहयोग प्राप्त करें।नवजात शिशु केअर यूनिट से जिले के बच्चों को रेफर करने में विश्वास न करें बल्कि हर कोशिश जिले स्तर से हो।समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए मातृवन्दना योजना के लाभुकों को हर संभव लाभ दिलाया जाय।सभी एम ओ आई सी प्रथम ए एन सी तथा बच्चे के जन्म व पूर्ण टीकाकरण की सूचना जिला कल्याण पदाधिकारी को दी जाय ताकि योजना का लाभ मिल सके।आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सहयोग लें। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अलावे पोषण वाटिका, विद्युत, टेप वाटर, शौचालय आदि की समीक्षा की गई।

## उपायुक्त ने किया बैंकर्स जिला परामर्शदात्री समिति व जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैंकर्स जिला परामर्शदात्री समिति व जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक के साथ ऋण जमा अनुपात निगरानी उपसमिति की बैठक की गई।जिसमें वितीय वर्ष 2024-25 के तिमाही मार्च 2025 के 31.03.2025 का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। बैठक में वितीय वर्ष 2024-25में जिले की जमा -साख अनुपात की चतुर्थ तिमाही की उपलब्धि और लक्ष्य प्राप्ति की रणनीति पर चर्चा की गई। इस मुद्दे पर उपायुक्त ने सभी बैंकर्स को स्पष्ट कहा कि जिले के बैंक जिनका जमा साख अनुपात 40 प्रतिशत से कम है वह चिंता का विषय तो है ही किंतु जिन बैंकों का साख जमा अनुपात 20 प्रतिशत से भी कम है वह बेहद शर्मनाक है।जिले में बैंक जमा लेते तो हैं किंतु अनुपातिक देने में कोताही बरतने में आगे हैं।साख जमा अनुपात जिले का औसत मात्र29.76प्रतिशत है। जिले के वार्षिक शाख योजना की उपलब्धि संतोषजनक नहीं मिला।जिले के कृषि में उपलब्धि59.25 प्रतिशत वहीं एम एस एम ई में 83.48 प्रतिशत बताया गया। इसके साथ पी एम एफ एम ई/पी एम ई जी पी/मुद्रा/पी एम स्वनिधि ऋण की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि बैंकों को ऋण देने के वृहत क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह,आरसेटी के प्रशिक्षण प्राप्त,के सी सी,एम एस एम ई जैसे क्षेत्र है जहां बैंकों की उदासीनता देखी जा रही है।बैंको के अरुचि के कारणों को जानने के लिए रिज़र्व बैंक के प्रतिनिधि को इंगित किया गया।उपायुक्त ने मनरेगा की राशि का अंतरण तत्काल अपडेट किये गये खाते में होने के कारण राष्ट्रीय कृत बैंको की शिथिलता पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। उपायुक्त ने जिले में ए टी एम बढ़ाने के साथ बांसजोर तथा जलडेगा में एटीएम स्थापित करने को कहा।उपायुक्त ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना,अटल पेंसन योजना,प्रधान मंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की भी समीक्षा की।बैठक में डी डी एम नाबार्ड,रिज़र्व बैंक के प्रतिनिधि,एल डी एम सहित बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## सोय में निकोटिन युक्त पान मसाला गुटखा के विरुद्ध छापेमारी अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** थाना क्षेत्र के बानो और सोय में निकोटिन यूक्त पान मसाला गुटखा के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें पान मसाला गुटखा बेचते हुए पकड़े जाने पर चार दुकानदारों का चालान काटा गया।छापामारी अभियान में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अपूर्वा मिंज सदर अस्पताल से एनसीडी टीम,बानो अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद,थाना प्रभारी सोनू कुमार के साथ पुलिस दलबल थी।थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया की पान गुटका बीड़ी सिगरेट का बिक्री निषेध है।दुकानदार बिक्री बिल्कुल भी ना करें पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में नशा मुक्ति को लेकर लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।गुटखा के साथ-साथ अवैध महुआ शराब के बिक्री पर भी पूर्णतः विराम लगाएं।नशे के कारोबार से जो भी लोग जुड़े हैं उन्हें सख्त हिदायत है कि वे नशा पान का बिक्री पूर्णत; बंद करें अन्यथा पकड़े जाने पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## नशे की हालत में युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**सिमडेगा।** केरसई थाना क्षेत्र के बाघडेगा कर्राझरिया गांव निवासी जोगेश्वर मांझी ने नशे की हालत में कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के समय जोगेश्वर मांझी अत्यधिक नशे में था और इसी दौरान उसने अज्ञात कारणों से यह कदम उठा लिया।कीटनाशक पीने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल सिमडेगा लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे गंभीर स्थिति में भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि जोगेश्वर की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है और चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## अबुआ आवास व मनरेगा की हुई समीक्षा बैठक जल्द पूरा करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड कार्यालय सभगार में पंचायतवार समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे सभी पंचायत में चल रही विभिन्न योजनाओं का समीक्षा किया गया। बैठक मे प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास को लेकर समीक्षा किया गया।बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ और आवास को ओरडीनेटर के द्वारा समीक्षा की गई।बैठक मे प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रहे पीएम अवास व अबुआ अवास योजना का समीक्षा किया गया।मनरेगा योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास में डीमांड करने का निर्देश दिया गया।बागवानी योजना लक्ष्य के अनुरूप चयन एवं ओनगोइंग करने,मनरेगा में कूप निर्माण कार्य में प्रगति,बागवानी योजना में इन्टरक्रोपींग,साफ सफाई, टेका,नया बागवानी योजना का चयन करने का निर्देश दिया गया तथा लंबित आम बागवानी को जल्द पुरा करने का निर्देश दिया गया। संचालित अबुआ आवास में डीमांड करने का निर्देश दिया गया साथ ही लंबित पीएम आवास और अबुआ आवास का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी अबुआ अवास लाभुको को जल्द पूरा करने का निर्देश किया। वहीं पंचायतबिरसा हरित ग्राम योजना के तहत गड्ढा खोदो अभियान को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बरसात से कुप निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया इस अवसर बीपीओ चारू मांझी,आवास को ओरडीनेटर नितेश साहू,जेई अमरेश कुमार,राजा कुजूर,अलि अख्तर,मुखिया गण,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक, आवास मित्र,पंचायत सहायक और प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।



## शंख नदी पर विकास कार्यें से पर्यटन को मिलेगी गति : प्रदीप केशरी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के गरजा पंचायत अंतर्गत प्रसिद्ध शंख नदी छठ घाट पर आधारभूत संरचना के विकास हेतु विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। यह कार्य ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत घाट तक की पीसीसी तथा कालीकरण का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही पर्यटन मद के अंतर्गत विशेष प्रमंडल द्वारा छठ घाट पर शौचालय, बेंच, गहरी बोरिंग, जल मीनार तथा घूमने वाला प्रवेश द्वार आदि का भी निर्माण कार्य आरंभ किया जा रहा है।कार्यस्थल पर शुक्रवार को शंख नदी छठ सेवा संस्थान के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रदीप केसरी, दूर्गा प्रसाद, राकेश सिंह, अक्षय कुमार, श्रद्धानंद बेसरा के साथ-साथ गरजा पंचायत की मुखिया बसंती डूंग डूंग, सुजीत डूंग डूंग, नूर पाहन, बिनोद पाहन सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यटन मद से प्रस्तावित योजनाओं हेतु कार्य स्थल का चयन भी कर लिया गया।निर्माण कार्यों की निगरानी हेतु ग्रामीण कार्य विभाग के कनिय अभियंता बिपिन किंडो, पथ निर्माण ठेकेदार के स्थल प्रबंधक नगेंद्र प्रजापति, विशेष प्रमंडल के सहायक अभियंता बिराज तिरु, कनिय अभियंता मोहम्मद कलीमुद्दीन तथा ठेकेदार मोहम्मद मुताबिल भी मौके पर उपस्थित थे।संस्थान के प्रदीप केसरी ने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर हर संभव सहायता की जाएगी तथा कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सभी कार्य प्रस्तावित योजना के अनुसार पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ संपन्न किए जाएंगे।यह पहल न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करेगी, बल्कि छठ घाट को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

## रा.म.वि. विद्यार्थियों और शिक्षकों ने दी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

**बानो।** राजकीय मध्य विद्यालय, बानो के प्रिय शिक्षक स्वर्गीय वर्गीश फर्नांडिस को आज विद्यालय परिवार ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। प्रधानाचार्य स्मिता कुमारी सोनी के नेतृत्व में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, रसोईया तथा छात्र-छात्राएं मौन जुलूस के रूप में पंक्तिबद्ध होकर विद्यालय परिसर से लगभग एक किलोमीटर दूर सरना टोली, बानो स्थित उनके आवास पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।छोटे-छोटे बच्चों के हाथों में फूल थे और उनके चेहरे शोक से भरे हुए। अंतिम दर्शन के समय विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थी भावुक होकर फूट-फूट कर रो पड़े। पूरा वातावरण गमगीन हो गया। बच्चों और साथियों के आंसुओं ने मानो ईश्वर को भी नम कर दिया।वर्गीश फर्नांडिस एक अनुशासनप्रिय, समय के पाबंद, हंसमुख और मिलनसार शिक्षक थे।

## ग्रामीण योजनाओं की प्रगति और पारदर्शिता पर जोर



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय सिमडेगा में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें बरसा हरित आम बागवानी योजना, कूप निर्माण, मेड़बंदी कार्य सहित अन्य योजनाएं शामिल थीं।प्रमुख ने निर्देश दिया कि इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास, जन वितरण प्रणाली के तहत इस माह एक साथ तीन महीने का राशन वितरण सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि राशन वितरण में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए।बैठक में कृषि विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की गई। विकास पदाधिकारी समीर रेनियार खलखो, उप प्रमुख सिल्वेस्टर बाघवार, विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीण विकास को लेकर समन्वित प्रयास करने का संकल्प दोहराया गया।

## मनरेगा में गड़बड़ी का आरोप जिप सदस्य ने किया स्थल निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** बांसजोर प्रखंड अंतर्गत एस एस+2 हाई स्कूल में मनरेगा मद से चल रहे शौचालय निर्माण कार्य में अनियमितताओं का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य समरोम पौल तोपनो ने स्वयं स्थल का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता व प्रक्रिया की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद उन्होंने कार्य में गंभीर गड़बड़ियों का आरोप लगाया।श्री तोपनो के अनुसार, मनरेगा योजना के तहत निर्माण कार्य स्थानीय जॉब कार्डधारी मजदूरों से कराया जाना अनिवार्य है, किंतु वास्तविकता में कार्य को तरगा निवासी वेंडर कुलदीप साहू को ठेकेदारी के माध्यम से सौंप दिया गया है। इस दौरान यह भी सामने आया कि कार्यस्थल पर स्थानीय मजदूरों की उपेक्षा करते हुए सिमडेगा से मिस्त्री एवं दो नाबालिग (करीब 17 वर्ष) मजदूर लाकर कार्य कराया जा रहा है। यह स्थिति न केवल बाल श्रम कानून का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत चिंताजनक है।श्री तोपनो ने विद्यालय परिसर में 15वें वित्त आयोग मद से बने साइकिल स्टैंड का भी निरीक्षण किया, जिसमें पारदर्शिता की कमी पाई गई। यद्यपि लाभुक समिति का गठन हुआ था, परंतु कार्य प्रखंड स्तर के करीबी व्यक्ति हीरा द्वारा कराया गया, जो प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।जिला परिषद सदस्य समरोम पौल तोपनो ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वेंडर कुलदीप साहू के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसका लाइसेंस रद्द किया जाए, तथा प्रखंड में कार्यरत सभी वेंडरों के कार्यों की स्वतंत्र जांच कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो यह भ्रष्टाचार की एक बड़ी श्रृंखला में तब्दील हो सकता है।

## जंगल में मिला एक व्यक्ति का शव छानबीन में जुटी पुलिस

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसलोया पंचायत के जताटांड पहाड़टोली झारखंड जतरा के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद।मिली जानकारी के अनुसार पहाड़ टोली निवासी एक बकरी चरवाहा अपना बकरी लेकर जंगल चराने के लिए गया हुआ था इसी दरम्यान उसने झाड़ी में शव देखा।चरवाहे ने तुरंत इस बात की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को दी।ग्रामीणों के द्वारा बरसलोया पंचायत मुखिया संदीप सद मुंडा को सूचना दिया गया।मुखिया के द्वारा इस बात की जानकारी कोलेबिरा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह को दिया गया। थाना प्रभारी सूचना पाते ही फौरन दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे।इस बात की जानकारी होने पर एसडीपीओ सिमडेगा बैजू उरांव और बानो सर्किल इंस्पेक्टर रामानुज कुमार वर्मा भी घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। स्थानीय लोगों के द्वारा उक्त मृतक की पहचान नहीं हो पाई।आशंका जताई जा रही है कि उक्त व्यक्ति को किसी के द्वारा हत्या कर जंगल में फेंक दिया गया एवं उसे मोबिल से जलाने का भी प्रयास किया गया बताया जा रहा है।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर सिमडेगा भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** भारतीय सेना द्वारा आतंकवादी ठिकानों पर की गई कार्रवाई "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा द्वारा आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया और देशभक्ति के नारों से सिमडेगा की सड़कों को गुंजायमान कर दिया।यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय भारतीय सेना जिंदाबाद,पाकिस्तान मुर्दाबाद" और "तुर्की मुर्दाबाद" जैसे नारे लगाए, जिससे माहौल पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि, "यह तिरंगा यात्रा सिर्फ विजय का उत्सव नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत और स्पष्ट संदेश है कि अब यह नया भारत है, जो घर में घुसकर जवाब देता है।" उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को सशक्त भारत के निर्माण का प्रतीक बताया।सोशल मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सीमा के भीतर जाकर देश का परचम लहराया है और यह दिखा दिया है कि भारत अब किसी भी चुनौती का मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, दीपक पूरी, मुकेश श्रीवास्तव, श्रद्धानंद बेसरा, अनूप प्रसाद, संजय ठाकुर, तुलसी साहू, रवि गुप्ता, हीरा राम, अनिरुद्ध सिंह, दिलीप साहू, नवीन सिंह, संटू गुप्ता, बसंत मांझी, सत्यनारायण प्रसाद, महाबीर बड़ाईक, रमेश साहू, सुभाष महतो, चंदन प्रसून, माग्रेट बा, रेणु पूरी, सीखा अग्रवाल, नरेंद्र बड़ाईक, बिधा बड़ाईक, गजानंद बेसरा, जोगिंदर राम और रवि वर्मा समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।तिरंगा यात्रा के जरिए भाजपा ने यह संदेश दिया कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए जनता और पार्टी दोनों एकजुट हैं।

# न्यूज बॉक्स

## पद्म अवार्ड से संबंधित उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पदम अवार्ड से संबंधित बैठक की गई।बैठक में पदम अवार्ड के शर्तो,उसके परिक्षेत्र पर चर्चा की गई।साहित्य,लेखन,संस्कृति,लोक गायन,वादन,लोक नृत्य,नवाचारी कार्य करने के विभिन्न क्षेत्र पर विचार किया गया। स्थानीय व्यक्तियों के संदर्भ में चर्चा पश्चात अगली बैठक में इसपर अंतिम निर्णय लेने की बात कही गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ,अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र,सामान्य शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

## न्यायिक पदाधिकारी के लिए बनाए गए बैरन का हुआ उद्घाटन

**सिमडेगा।** सिमडेगा में प्रधान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा, उपायुक्त अजय कुमार सिंह, एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की उपस्थिति में न्यायिक पदाधिकारियों के आवासीय परिसर में निर्मित नए बैरक का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने बैरक निर्माण को न्यायिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह बैरक न्यायिक पदाधिकारियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

## सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग ने किया बोलबा प्रखंड क्षेत्र का दौरा

**बोलबा।** खूंटी लोकसभा सांसद कालीचरण मुंडा के सिमडेगा जिला प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग ने बोलबा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया जिसपर श्री डुंगडुंग ने पाया की झारखण्ड सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजना से गाँव के अतिम छोर तक ग्रामीण लाभवान्वित हो रहें हैं। साथ ही क्षेत्र के लोगों से वहाँ के ज्वलंत समस्याओं से निपटने के लिए हरसंभव त्यार रहने को कहा। जिसपर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्त्ता उत्साहित होकर हरसंभव त्यार रहने की बात कही। इसी क्रम में मालसाड़ा पंचायत के कच्छुपानी में ग्रामीणों ने लिफ्ट एरीगेशन हेतु मांग पत्र माननीय सांसद के नाम पर उनके प्रतिनिधि को दिया। साथ ही ग्रामीणों ने श्री डुंगडुंग के समक्ष वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, मईया सम्मान योजना और सड़क, बिजली एवं पानी सम्बंधित जटिल समस्याओं को रखा जिसपर सांसद प्रतिनिधि ने सम्बंधित विभाग से फोन कॉल पर वार्तालाप करते हुये जल्द से जल्द क्षेत्र के समस्याओं का समाधान करने को लेकर निर्देशित किया जिसपर सम्बंधित विभागीय पदाधिकारी ने सकारात्मक पहल करने का भरोषा जताया। अंत में सांसद प्रतिनिधि ने झारखण्ड के गठबंधन सरकार के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुये हर संभव योजनाओं का लाभ लेने को कहा और माननीय सांसद द्वारा किये गये विकास कार्यों के विषय में जानकारी दिया।

## अरविंद प्रधान का राष्ट्रीय स्तर पर चयन शिक्षक आलोक सिन्हा को दिया सफलता का श्रेय

**सिमडेगा।** भारत सरकार की इंस्पायर अवॉर्ड-मानक योजना के तहत आयोजित नवाचार मॉडल प्रतियोगिता में सिमडेगा जिले के एसएस +2 हाई स्कूल, बांसजोर के छात्र अरविंद प्रधान ने राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचकर जिले का नाम रोशन किया है। झारखंड से चयनित चार छात्रों में से अरविंद का मॉडल विज्ञान, नवाचार और सामाजिक सरोकार का प्रभावी उदाहरण है।अरविंद की इस सफलता के पीछे उनके शिक्षक आलोक कुमार सिन्हा का मार्गदर्शन अहम रहा। अरविंद ने बताया कि मॉडल की संकल्पना से लेकर प्रस्तुति तक हर चरण में आलोक सर का सहयोग मिला। उन्होंने कहा, "जब आलोक सर साथ हैं, तो नेशनल का सफर भी आसान लगता है। राज्य स्तर तक की मेरी सफलता उन्हीं के सहयोग से संभव हो सकी है।शिक्षक आलोक सिन्हा ने भी अरविंद की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थी की जिज्ञासा और लगन ही उसे आगे ले जाती है। उन्होंने बताया कि अरविंद का मॉडल ग्रामीण समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान पर केंद्रित है, जो इंस्पायर अवॉर्ड की मूल भावना से मेल खाता है।इंस्पायर अवॉर्ड योजना भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जो नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे देश के सरकारी स्कूलों में लागू है। सुदूरवर्ती जिले से राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचना न केवल अरविंद के लिए, बल्कि जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

## कुरडेग: अवैध रूप से एटीएम कार्ड रखने के आरोप में युवक गया जेल

**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के कदमटोली गांव में अवैध रूप से फिनो बैंक के एटीएम कार्ड रखने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।कुरडेग थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीडीओ नैमन कुजूर, सीओ किरण डांग और थाना प्रभारी संजीत कुमार ने बताया कि आरोपी बिष्णु गुप्ता ग्राम कदमटोली निवासी, ग्रामीणों के फिनो बैंक खातों का एटीएम कार्ड बनवाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं से प्राप्त राशि की अवैध निकासी करता था।गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार शाम को बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी की संयुक्त टीम ने आरोपी के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान उसके घर से फिनो बैंक के 146 एटीएम कार्ड बरामद किए गए।बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग ग्रामीणों के बैंक खातों से एटीएम के माध्यम से अवैध रूप से पैसे निकाल रहे हैं। इसको लेकर सभी संबंधित कर्मियों व मनरेगा मैटों की बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि कोई भी व्यक्ति किसी अन्य का एटीएम कार्ड अपने पास न रखे, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इसके बावजूद आरोपी ने एटीएम कार्ड नहीं लौटाए, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि बीडीओ के लिखित आवेदन पर कुरडेग थाना कांड संख्या 16/25 के तहत धारा 314, 316(2), 318(4) के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## लचरागढ़ आजीविका महिला संकुल संगठन के खाते से लाखों की अवैध निकासी

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के लचरागढ़ आजीविका महिला संकुल संगठन के खाते से अवैध तरीके से लाखों रूपए की निकासी का मामला सामने आया है।इसे लेकर संगठन अध्यक्ष ब्रिजीत कन्डुलना सचिव सपना देवी व कोषाध्यक्ष रोहिनी देवी ने कोलेबिरा थाना में संयुक्त रूप से आवेदन देकर शिकायत की है।इस संबंध में अध्यक्ष ब्रिजीत कंडुलना ने कहा आजीविका महिला संकुल संगठन का दो खाता बैंक, आफ, इंडिया शाखा लचड़ागढ़ में है।जिसमें एक़ खाता में 4319800 रुपये, वहीं दूसरे खाता 18775005 रुपये,यानी कुल 61 लाख 97 हजार 300 रुपये 1 मई से 8 मई तक इंडियन बैंक गुमला से गलत तरीके से निकासी की गईं।जिसकी जानकारी उन्हें 13 मई को 5 बजे हुई। साथ ही उन्होंने कहा कुछ दिन पूर्व उनके द्वारा 4 चेक बुक मंगाया गया था।जिसमे उन्हें लचरागढ़ पोस्ट अफिस से चार के जगह तीन चेक बुक मिले।वहीं 99801 से 99825 सीरीज का चेक बुक नहीं मिला।राशी इस चेक से निकासी हो गई है।इधर मामले पर थाना प्रभारी ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार को एसडीपीओ सिमडेगा बैजू उरांव,बानो सर्किल इंस्पेक्टर रामानुज कुमार वर्मा,थाना प्रभारी कोलेबिरा शशि शंकर सिंह मामले की जांच के लिए लचरागढ़ पहुंचे।महिला संकुल संगठन और बैंक के पदाधिकारी से पूछताछ किया।

## बोलबा पुलिस ने पीडियापोंछ गांव में बाल विवाह पर लगाई रोक, दो जोड़े हुए अलग

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पीडियापोंछ गांव में बाल विवाह की सूचना पर बोलबा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग जोड़ों की शादी को रुकवाया और ग्रामीणों को कानून के प्रति जागरूक किया।मिली जानकारी के अनुसार, पीडियापोंछ गांव की एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की की शादी सुंदरगढ़ जिले के तलसेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत किरेलेगा कुम्बा टोली के 19 वर्षीय युवक से की जा रही थी। वहीं, एक अन्य 16 वर्षीय लड़की की शादी कुरडेग थाना क्षेत्र के कदमटोली गांव निवासी 19 वर्षीय युवक से होने वाली थी। दोनों शादियां 'ढूकुं विवाह' की पारंपरिक प्रक्रिया के तहत आयोजित की जा रही थीं और सामाजिक आयोजन की तैयारी भी पूरी हो चुकी थी।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतोष कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस दल मौके पर पहुंचा और विवाह से संबंधित लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इससे बच्चों के जीवन, स्वास्थ्य व भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।पुलिस की समझाइश के बाद दोनों परिवारों ने अपनी गलती स्वीकार की और शादियों को तत्काल रोक दिया गया।

# कई राज्यों में ठगी करने वाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** प्रतिबिम्ब पोर्टल से मिली सूचना पर साइबर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार को मिली सूचना पर साइबर डीएसपी आबिद खान ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किए गए दोनों युवक को केंद्रीय कारा भेज दिया गया।

इसकी जानकारी डीएसपी आबिद ने दी है। उन्होंने बताया कि एसपी को जानकारी मिली कि गांडेय थाना इलाके के पंदनाटाड़ निवासी रफाउल अंसारी और मो. समीर अंसारी के द्वारा कई राज्यों के लोगों को ठगा गया है और अभी भी दोनों यही काम कर रहे हैं।

ऐसे में एसपी के निर्देश पर टीम गठित करते हुए गिरिडीह के बेंगाबाद थाना अन्तर्गत बेरगी रेलवे ब्रिज (जामबाद, लालपुर टोला) के पास दबिश दी गई। यहीं से दोनों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से सात मोबाइल, 11 सिमकार्ड, तीन एटीएम और पैन कार्ड बरामद किया गया है।

डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद दोनों से पूछताछ की गई। दोनों ने साइबर ठगी का जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि दोनों अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को फोन करते हैं। इस दौरान सामने वाले को कहा जाता है कि केवाईसी अपडेट करवाना है, जो लोग झांसे में आ गए उनके खाते पर हाथ साफ कर दिया जाता है। इसके अलावा एयरटेल पेमेंट बैंक एवं बंधन बैंक का एपीके फाइल भेज कर लोगों के साथ ठगी करते है।

**कई राज्यों में की है ठगी**

डीएसपी ने बताया कि गहराई से छानबीन करने पर यह भी पता चला कि इन दोनों के खिलाफ यूपी, बिहार, पंजाब, छतीसगढ़, मध्य प्रदेश, दिल्ली समेत अन्य राज्य में 16 शिकायत दर्ज है। ये लोग आदतन अपराधी हैं। इस छापामारी दल में शामिल पुलिसकर्मियों में डीएसपी आबिद खान, साइबर थाना प्रभारी, अजय कुमार, अवर निरीक्षक पुनीत कुमार गौतम, राम प्रवेश यादव, हवलदार बिलिचदान लकड़ा, धरमाल मुर्मू मुख्य रहे।

## पुटकी के पास दो बाइक की टक्कर में पति-पत्नी व बेटी घायल

**धनबाद।** धनबाद जिले के पुटकी कच्छी बलिहारी के पास दो बाइक की टक्कर में मां-बेटी समेत तीन लोग घायल हो गये. घटना गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे की है. अंबुज कुंभकार अपनी पत्नी कांति कुंभकार व 12 साल की बेटी सीमा कुंभकार के साथ अपनी ससुराल नगड़ी बस्ती (तेतुलमारी) से बाइक से अपने घर पुरुलिया के पाड़ा (पश्चिम बंगाल) जा रहे थे. रास्ते में पुटकी कच्छी बलिहारी के समीप पीछे से तेज गति से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी. घटना में पत्नी और पुत्री छिटक कर दूर गिर गईं. वहीं, बाइक चला रहे अंबुज सड़क पर बेसुध होकर गिर पड़े. तभी दूसरी बाइक ने उसे एक बार फिर टक्कर मार दी।

## सिक्योरिटी गार्ड की पत्थर से कूचकर हत्या

**धनबाद।** जिले में सिक्योरिटी गार्ड की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गयी. यह घटना केंदुआडीह थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात घटी है। शुक्रवार की सुबह जब लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी. शव के पास एक बड़ा पत्थर भी मिला है. मृतक की पहचान मिथलेश रवानी (45) के रूप में की गयी है. वह श्रीराम कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत था.घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गार्ड रोजाना की तरह अपनी ड्यूटी पर था. लेकिन देर रात अपराधियों ने उस पर पत्थर से हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी. घटनास्थल से पत्थर भी बरामद हुआ है।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

# भारत की सेना आतंकवादियों को मिट्टी में मिलती करेंगी : अन्नपूर्णा

● 251 फीट के तिरंगे के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

नवीन मेल संवाददाता





**गिरिडीह।** पहलगाम में हुए आतंकी घटना के बाद भारत के द्वारा पाकिस्तान में छिपे आतंकवादियों के सफाया करने के लिए भारत सरकार के द्वारा चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में आज गिरिडीह जिले में भी तिरंगा यात्रा निकाली गयी।

इस तिरंगा यात्रा में केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, जमुआ विधायक मंजू कुमारी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय, जिप अध्यक्षा मुनिया देवी सहित काफी संख्या में भाजपाई शामिल हुए और शहरी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए बड़ा चौक पहुंचे और तिरंगा यात्रा का समापन किया। यह तिरंगा यात्रा शहरी क्षेत्र के झंडा मैदान से निकलकर पूरे शहरी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए बड़ा चौक पहुंची। इस दौरान तिरंगा यात्रा में शामिल महिला – पुरुष व युवा हाथों में 251 फीट के तिरंगा के साथ यात्रा में शामिल हुए और पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना और भारत सरकार के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना और भारत सरकार को बधाई दी और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ शब्दों में कह दिया है कि भारत आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा और आतंकवादी कहीं भी छिपे रहेंगे उन्हें ढूंढ – ढूंढ कर भारत की सेना खत्म करने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पहलगाम में आतंकवादीयों ने मासूम लोगों की धर्म पूछकर निर्मम हत्या की इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना के द्वारा आतंकवादियों के खात्मे के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया और यह ऑपरेशन पूरी तरह से सफल रहा। देश के वीर जवानों ने पाकिस्तान और आतंकवादियों को बताने का काम किया की अगर भारत की तरफ कोई भी आतंकवादी आँख दिखाने के काम करेगा तो भारत की सेना उसे मिट्टी में मिलाने का काम किया है। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवादियों को पनाह देने वाला देश बताया।

## जिसके दिल में तिरंगा का सम्मान नहीं,वे तिरंगा यात्रा को नौटंकी बोलते हैं : आदित्य

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने झामुमो महासचिव के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री प्रसाद ने कहा कि झामुमो और इंडी गठबंधन राज्य की सत्तामें चूर हो चुका हैं। पूरे राज्य में अव्यवस्था ,अराजकता की स्थिति है। संवैधानिक संस्थाओं को बौना कर दिया गया है।

श्री साहू ने कहा कि जिसके दिल में तिरंगा के प्रति सम्मान नहीं होता उसे ही भारत की जनता के द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा नौटंकी लगती है। कहा कि ऐसे लोगों को फिलिस्तीन और पाकिस्तान के झंडों से प्यार है। तभी तो जब पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जाते हैं तो ये झामुमो कांग्रेस की सरकार ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने से कतराती है। कहा कि रांची राजधानी में अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर भेजने में भी ये लोग सोच विचार करने लगते है। नए नए बहाने ढूंढते हैं।

कहा कि संविधान से ऊपर शरिया को मानने वाले राज्य सरकार के मंत्री ने संविधान और तिरंगे का खुल्लम खुल्ला अपमान किया लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री तुष्टीकरण की राजनीति में इतने डूब चुके हैं कि मंत्री को बर्खास्त करना तो दूर उनसे सवाल पूछने की भी हिम्मत नहीं जुटा पाए।

कहा कि झामुमो को पता होना चाहिए कि तिरंगा भारत की आन बान और शान है। इसको हाथों में लेकर लाखों ने देश केलिए जान गंवाएं हैं। कहा कि झामुमो और इंडी गठबंधन की राजनीति पूरी तरह से परिवारवाद,भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण में आकंठ डूबी हुई है इसलिए तिरंगा यात्रा इन्हें बर्दाश्त नहीं। कहा कि राज्य की जनता नमाज कक्ष, विद्यालयों में प्रार्थना पद्धति बदलना, स्कूल के गेट को मीनार का रूप देना ,विद्यालय की छुट्टियों के दिन बदलना , कोरोना काल में भी तुष्टीकरण के आधार पर निर्णय लेना,बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देना जैसी राजनीतिक नौटंकी को खूब जानती है।

## पेसा कार्यशाला में सदानों को भी बुलाया जाना चाहिए था: राजेन्द्र प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र ने कहा कि पेसा कानून केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया कानून है, लेकिन झारखंड सरकार को झारखंड की वास्तविकता को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि 65% मूलवासी सदान जो झारखंड0 के मूलनिवासी हैं, इनको भी कार्यशाला में बुलाकर उनका पक्ष सरकार को सुनना चाहिए था। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों के सभी अधिकारों को एक -एक कर छीना जा रहा है। पहले प्रमुख, मुखिया, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित किया गया ओबीसी- एससी के आरक्षण को छीना गया और सात जिलों में ओबीसी आरक्षण को शुन्य कर दिया गया है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सरकार ने पेसा कानून को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया इसमें एक वर्ग के लोगों को ही बुलाया गया और उनका विचार जाना, लेकिन पेसा कानून से सबसे बड़ा नुकसान मूलवासी सदानों को होने जा रहा है उन्हें बुलाना सरकार जरूरी नहीं समझा। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान वर्ग से आने वाले हर जाति धर्म के लोगों में राजनीतिक चेतना की कमी है।

## फर्जीवाड़े का मास्टर माइंड मानविल श्रीवास्तव को नहीं मिली जमानत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के न्यायायुक्त की अदालत ने फर्जीवाड़े मामले में जेल में बंद मानविल श्रीवास्तव को जमानत देने से इनकार किया है। साथ ही उसकी पत्नी नामी निजी स्कूल की शिक्षिका प्रीति सक्सेना को भी अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। दोनों की याचिका पर एक साथ सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने दोनों की याचिकाएं खारिज कर दी। इससे शिक्षिका को गहरा झटका लगा है। उसकी गिरफ्तारी भी हो सकती है। जेल जाने पर आगे क्या होगा यह बताने की आवश्यकता नहीं है। आरोपी मानविल श्रीवास्तव बीते 24 अप्रैल से मांडर थाना कांड संख्या के एक मामले में जेल में है। उस पर संत अन्ना कॉन्वेंट स्कूल, मांडर में कई लोगों से संपर्क कर झूठा आश्वासन देकर 14 लाख 27 हजार 969 रुपए की ठगी करने का आरोप है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन प्रसाद ने बहस की थी। स्कूल में संपर्क करके आश्वासन दिया कि उसकी कंपनी ग्रे स्टीवर्ट फैमिली फाउंडेशन एलएलसी, यूनाइटेड किंगडम जरूरतमंदों को अच्छी शिक्षा, घर-आश्रय और वाहन उपलब्ध कराने के लिए दान की व्यवस्था करता है। इन आरोपियों ने झूठे और फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए और उन्हें लैपटॉप, दो पहिया वाहन, वाहन आदि के लिए पैसे निवेश करने का प्रलोभन दिया, फिर उनके आश्वासन पर, सूचक और लगभग 11 पीड़ितों ने रांची में भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक में आरोपियों के बैंक खाते में 14,27,969 जमा किया। जमा राशि आरोपियों ने लेकर फरार हो गया। बाद में पीड़ितों को पता चला है कि इन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी आदि के कई आपराधिक मामले विभिन्न अदालतों में चल रहे हैं।

## डालसा सचिव और तीन मध्यस्थों को सुप्रीम कोर्ट से मिला विशेष प्रमाण पत्र



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के लिए एक गर्व का क्षण सामने आया है, जब जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), लोहरदगा के सचिव राजेश कुमार और जिले के तीन मध्यस्थों प्रवीण कुमार भारती, कुमार चंद्रशेखर एवं युगल किशोर को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मध्यस्थता कार्य के लिए विशेष प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश एवं भारतीय सर्वोच्च न्यायालय मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के अध्यक्ष जस्टिस बी.आर. गवाई (वर्तमान में भारत के मुख्य न्यायाधीश) द्वारा हस्ताक्षरित है। गुरुवार को उक्त प्रमाण पत्र प्रमंडलीय न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा, लोहरदगा राजकमल मिश्रा के हाथों प्रदान किए गए। डालसा सचिव राजेश कुमार ने जानकारी दी कि यह प्रमाण पत्र मध्यस्थता के क्षेत्र में विशेष दायित्वों के निर्वहन हेतु दिया गया है। साथ ही, जिले के दो अधिवक्ताओं बुधनाथ साहू और पवन कुमार को भी मेंबर सेक्रेटरी, झालसा, रांची कुमारी रंजना अस्थाना द्वारा हस्ताक्षरित विशेष प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इन दोनों अधिवक्ताओं ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के अंतर्गत 26 से 30 अप्रैल 2025 तक रांची के कांके रोड स्थित विश्वेसराय स्वच्छता एवं जल अकादमी में आयोजित 40 घंटे के मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया था। डालसा सचिव ने बताया कि पूर्व में जिले में कुल 8 मध्यस्थ कार्यरत थे। अब इन दो अधिवक्ताओं के प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद यह संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जिससे जिले में वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली को और मजबूती मिलेगी।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी।
(सर्वसाधारण के लिए सूचना)



दिनांक–12.05.25 को अड़की थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम–करया जाने वाली कच्ची सड़क से करीब 10 मीटर नीचे दाहिने तरफ झाड़ियों के बीच से एक अज्ञात शव बरामद किया गया है। उक्त अज्ञात व्यक्ति के बारे में पता लगाने का काफी प्रयास किया गया, परन्तु कुछ पता नहीं चल पा रहा है। इस संबंध में अड़की थाना काण्ड सं0–34/25, दिनांक–12.05.25 दर्ज किया गया है।

अतः सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उक्त अज्ञात व्यक्ति के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाश नं0 पर अविलंम्ब सूचित करेंगें।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी – 9431706116
थाना प्रभारी, अड़की – 7992406868
डी0सी0बी0, शाखा, खूँटी – 8340655295

पुलिस अधीक्षक,
खूँटी।

PR 352633 Police(25-26)D

## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, ने की भर्ती कैम्प का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**गिरिडीह।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, गिरिडीह के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-28 प्रथम 'भर्ती कैम्प" का आयोजन जिला नियोजनालय, गिरिडीह के परिसर में किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी मो० इमरान फारूकी के द्वारा स्वागत भाषण के साथ भर्ती कैम्प का आगाज किया गया। भर्ती कैम्प में शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। भर्ती कैम्प में कुल-04 प्रतिष्ठान/संस्थानों ने भाग लिया। जिसमें कुल 15 अभ्यार्थियों को अंतिम रूप से चयनित करते हुए ऑफर लेटर प्रदान किया गया एवं अन्य 03 नियोजकों द्वारा कुल 28 अभ्यार्थियों को Shortlisted किया गया है। जिन्हे लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के पश्चात अंतिम रूप से चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किया जायेगा।

बालमुकुंद स्पॉन्ज एंड आयरन प्राइवेट लिमिटेड से से 15 तथा कुल 28 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। शमो. इमरान फारूकी, जिला नियोजन पदाधिकारी, गिरिडीह के मार्गदर्शन में भर्ती केम्प-2025" का सफल आयोजन किया गया। आयोजित भर्ती कैम्प 2025 के स्थानीय युचक / पुतियों के द्वारा विशेष रूची दिखाई गई। मो० इमरान फारूकी, जिला नियोजन पदाधिकारी, गिरिडीह ने बताया कि बेरोजगारों के हित में भविष्य में भी भर्ती कैम्प का आयोजन किया जायेगा। आयोजित "भर्ती हरय" में जिला नियोजनालय, गिरिडीह कार्यालय के कुमार अनिरूद्ध सिंह, उ०व० लिपिक, धर्मेन्द्र कुमार यंग प्रोफेशनल, दीपक कुमार पाण्डेय, परियोजना सहायक, सुमित कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्रमोद बेदिया, अनुसेवक, मनोहर मुर्मू, सुनु राम हॉसदा, रंजीत दास समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

### चार धाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का दल रवाना

**लोहरदगा।** लोहरदगा से चार धाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का एक दल शुक्रवार को रवाना हुआ। यह दल हरिद्वार, ऋषिकेश होते हुए गंगोत्री, यमुनोत्री, बाबा केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा करेगा। वापसी में यात्री रुद्रप्रयाग, मथुरा, वृंदावन और दिल्ली होते हुए 30 मई को लोहरदगा लौटेंगे। चार धाम यात्रा पर जाने वालों में विवेक कुमार, सतीश कुमार, अमृतांसी, सृष्टि गुप्ता, सुमन गुप्ता एवं रीना गुप्ता शामिल हैं। यात्रा में श्रद्धालु धार्मिक आस्था के साथ हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता का भी आनंद लेंगे। इस दौरान जानकारी दी गई कि चार धाम यात्रा के समानांतर सिक्किम, शिमला, मनाली, कुल्लू, नैनीताल एवं दार्जिलिंग जैसे हिल स्टेशनों की यात्राएं भी लोहरदगा से जारी हैं। हाल ही में कश्मीर में हुई घटनाओं के बाद पर्यटक नए और शांत डेस्टिनेशन की ओर रुख कर रहे हैं।

## कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन ने क्षमतावर्धन कार्यशाला का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**गिरिडीह।** देवरी प्रखंड अंतर्गत संचालित बाल मित्र ग्रामों के गठित समूहों के महिलाओं के साथ कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन द्वारा तिलकडीह पंचायत भवन में, वित्तीय साक्षरता तथा प्रबंधन हेतु क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में बतौर प्रशिक्षक के रूप में देवरी प्रखंड जेसीएलपीएस के बीपीओ रॉबिंसन हांसदा तथा वित्तीय साक्षरता समन्वयक सुमन टुडू उपस्थित होकर सभी प्रतिभागियों को बेहतर वित्तीय प्रबंधन हेतु आवश्यक जानकारी साझा किया।

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता तथा प्रबंधन हेतु क्षमतावर्धन कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि, महिलाओं को वित्तीय ज्ञान प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, ताकि वे अपने संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सकें, भविष्य के लिए बचत कर सकें, और आर्थिक निर्णयों में आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही साथ व्यर्थ के खर्च हेतु ऋण - जाल से बच सके।

**इस कार्यशाला के अंतर्गत निम्नलिखित बातों पर ज़ोर दिया गया:-**

1. वित्तीय साक्षरता – जैसे कि बैंकिंग प्रणाली, बचत, ऋण, ब्याज आदि की समझ।
2. बजट निर्माण – घरेलू बजट बनाना और उसे प्रबंधित करना।
3. धोखाधड़ी से बचाव – डिजिटल लेन-देन में सतर्कता।
4. लघु बचत एवं निवेश के विकल्प – सुरक्षित व प्रभावी निवेश की जानकारी।
5. आजीविका के अवसर – सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने की प्रक्रिया, तथा वित्त का सही प्रयोग करें के संबंध में जानकारी।

इसका उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव लाना और दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता की दिशा में उन्हें मार्गदर्शित करना रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक शपथ लिया कि, एक बेहतर वित्तीय प्रबंधन के साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्धारण करेंगे तथा करुणामय समाज निर्माण में अपना योगदान देंगे। बीपीओ रॉबिंसन हांसदा ने कहा कि, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन द्वारा यह प्रयास सभी को जागरूक करने और उज्ज्वल भविष्य निर्धारण में वित्तीय प्रबंधन करने में सहयोगी साबित होंगे। आशा है JSLPS देवरी और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन का संयुक्त प्रयास बेहतर वित्तीय प्रबंधन को बढ़ावा देगी।

कार्यक्रम में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन से संदीप नयन, राजू सिंह, उदय राय, मुकेश मिश्रा, पंकज, शरीफूल, विनय, मनीषा,मनिता देवी, रेखा देवी, रीना देवी, कविता देवी, बबीता देवी, तेरेसा मुर्मू, निर्मला हांसदा, फुलमनी सोरेन, बेरोनिका मुर्मू सहित 20 बाल मित्र ग्रामों जेरीडीह पंडनाडीह परसाडीह भातुरायडीह तिलकडीह बाघरायडीह कोयरीडीह फुटका भातुरायडीह बिझारा कुंडीलवा जवारी महतोधरण बड़कीटांड़ कर्माटांड़ दुलाभीठा के प्रतिभागी शामिल हुए।

## 14 वर्षीय बच्चे के अपहरण का प्रयास,शोर मचाने पर कोडरमा में बच्चे को छोड़कर भागे अपहरणकर्ता

नवीन मेल संवाददाता



**तिसरी।** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र से 14 वर्षीय बच्चे के अपहरण का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला थाना क्षेत्र के गुमगी गांव का है। यहां के निवासी नकुल यादव ने अपने 14 वर्षीय पुत्र उज्जवल कुमार यादव का अज्ञात लोगों द्वारा अपहरण करने के प्रयास का आरोप लगाया है। परिजनों व उज्जवल के अनुसार दो अज्ञात लोगों ने उज्जवल कुमार यादव का चेहरे व मुंह में गमछा बांधा और एक गमछे से पूरा शरीर ढककर अपाची बाइक पर जबरजस्ती बिठाकर भागने लगे।

भागने के दौरान कोडरमा जिले के तिलैया में किसी तरह उज्जवल ने शोर मचाना शुरू किया जिसपर एक व्यक्ति आवाज सुनकर उक्त लोगों का पीछा करने लगा.जिसके बाद वे लोग उज्जवल को छोड़कर भाग गए.इसकी सुचना उज्जवल ने फोन से अपने परिजनो को दी.जिसके बाद उज्जवल को शकुशल वापस घर लाया गया। घटना की जानकारी तिसरी पुलिस को दी गई, वही जानकारी मिलने पर खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने भी तिसरी पहुंचकर उक्त बच्चे से पूछताछ की।

## प्रभात फेरी निकली डेंगू से बचाव के लिए किया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड में शुक्रवार को विभिन्न गांवों में स्थित विद्यालयों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांडेय के कर्मियों के द्वारा छात्र - छात्राओं को डेंगू के प्रति जागरूक किया गया । इस दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेदनीसारे , देवनडीह , रसनजोरी में जागरूकता अभियान चलाया गया । उक्त विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली गई । प्रभात फेरी में बच्चों ने डेंगू से बचाव को लेकर जनता को जागरूक किया । यह प्रभात फेरी विद्यालय के पोषक क्षेत्रों के गांवों में भ्रमण किया । गांडेय सीएचसी की एमटीएस श्वेता कुमारी ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि हम सभी को अपने घरों के आस-पास के क्षेत्रों को साफ - सफाई रखनी चाहिए । पुराने टायर , बर्तन और व्यवहार में नहीं आने वाले वस्तुओं को हटा देना चाहिए ताकि पानी का जमाव नहीं हो सके । हमेशा मच्छरदानी का प्रयोग करके ही सोएं । एमटीएस श्वेता ने कहा कि अचानक तेज बुखार आना , तेज सिर दर्द होना , पहचान खोना आदि डेंगू के लक्षण है ।

OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER WATERWAYS DIVISION, HAZARIBAG
Office Email Id: -eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in
Very Short notice inviting e-quotation No-01/2025-26, Dated-15.05.2025

Rates through e-quotations are invited for Item/Complete job category for **(A)** Supplying and laying 150mm dia. PVC perforated pipe in under drainage of canal lining as per specification and direction of E/I.shall be submitted online in the website www.jharkhandtenders.indetails of material and its specification are available on the above e-tender portal. The Quotationermay download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the materials online from 17.05.2025 at 11.00 hours to 23.05.2025 at 15.00 hrs. The quotation will be opened on 24.05.2025 at 12.00 hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the rate of item/ complete job at par with lowest market rate for framing of estimates under Water Ways Division, Hazaribag.

Executive Engineer Water Ways Division
Address:- Water Ways Division, Hazaribag
Mobile number – 9608234736
Email Id: - eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in

PR 352617 Water Resource(25-26)D

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

पथ निर्माण विभाग (मुख्यालय), राँची में अपर सचिव / संयुक्त सचिव एवं समकक्ष पदाधिकारियों के द्वारा विभागीय कार्यों के लिए प्रयोग किये जाने हेतु मासिक दर पर बाह्य स्त्रोत से Maruti Swift Dzire/ Honda Amaze/ Hyundai Aura/ Mahindra Scorpio/ Mahindra Bolero Neo/ Bolero में से एक वाहन (चालक सहित / चालक एवं ईंधन सहित) की आवश्यकता है।

ईच्छुक आपूर्तिकर्त्ता विहित प्रपत्र में आपूर्ति दर के साथ दिनांक–20.05.2025 (05:00 बजे सायं) तक अधोहस्ताक्षरी के कोषांग में सीलबंद लिफाफे में आवेदन कर सकते हैं।

(नोट :– उक्त के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए प्रोजेक्ट भवन, द्वितीय तल, कमरा सं0–220, धुर्वा, राँची में कार्यालय अवधि में संपर्क कर सकते हैं।)

ह0/–
(प्रिसिल्ला मुर्मू)
सरकार के संयुक्त सचिव,
पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची

PR 352692 Road(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मेरे मन का राज्य अज्ञान से मलिन है। प्रभु! मुझे आशीर्वाद दें कि आत्मानुशासन के सतत प्रयासों की निरन्तर वर्षा द्वारा मैं अपनी आध्यात्मिक लापरवाही के नगरों से, अज्ञान के प्राचीन मलबे को हटाने में समर्थ बन सकूँ। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### असली दुश्मन पाकिस्तान नहीं वो सिर्फ मोहरा है

हमारा सारा गुस्सा पाकिस्तान पर है और उसके समर्थकों का भी बहिष्कार किया जा रहा है पर असली दुश्मन उसे शह देने वाले हैं जिसमें अभी चीन आगे है। भारत और पाकिस्तान के बीच जैसे-जैसे संघर्ष कम होगा, वैसे-वैसे दोनों पक्ष, यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय दोनों पक्षों के प्रदर्शन और उनके द्वारा तैनात सैन्य हथियारों का मूल्यांकन करेंगे। समाचारों और सोशल मीडिया में इस समय गलत जानकारियों की बाढ़ आई हुई है, ऐसे में सच और झूठ में भेद करना मुश्किल है। लेकिन वास्तविकता का सामना करके ही उससे सीखकर आगे बढ़ा जा सकता है। आगे बढ़ने के लिए अपनी कमियों को स्वीकारने तथा गलतियों को सुधारने की क्षमता की आवश्यकता है। ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान ने चीनी प्रणालियों का इस्तेमाल किया। जाहिर है, इस क्षेत्र में हमारा मुख्य प्रतिद्वंद्वी चीन ही है, जिसने विज्ञान और तकनीक, यहां तक कि रक्षा क्षेत्र में बड़ा भारी निवेश किया है। एक वक्त था, जब चीनी उपकरणों को रूस से घटिया माना जाता था, क्योंकि वे काफी हद तक उन्हीं की नकल थे, लेकिन अब वैसा नहीं रहा।भारत और पाकिस्तान के बीच बीते नौ और दस मई की रात को संघर्ष तेजी से बढ़ा। पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों पर मिसाइलों से हमला करने का दुस्साहस किया, तो भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें नष्ट कर दिया। 10 मई की सुबह मीडिया ब्रीफिंग में सरकार ने पाकिस्तान के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि उसने भारतीय सैन्य ढांचे को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। दूसरी ओर, भारत ने कहा कि हमने पाकिस्तानी दुस्साहस के बदले में रफीकी, मुरीद, चकलाला और रहीम यार खान में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। पसरूर और सियालकोट में भी रडार साइट को नुकसान पहुंचाया। यह घटना भारत द्वारा लाहौर और कराची में एयर डिफेंस रडार साइट को निष्क्रिय करने के एक दिन बाद घटी। 8 मई को सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारत ने पाकिस्तान के कई अन्य स्थानों पर उसके एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। एएनआई के हवाले से बताया गया कि भारत पर दागी गईं 15 मिसाइलों को एस-400 सिस्टम का इस्तेमाल कर निष्क्रिय किया गया था। भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को नाकाम करने के लिए इस्राइली हार्पी और हारोप ड्रोन्स का इस्तेमाल किया था। भारत के पास 100 ये अधिक उच्च क्षमता वाले हार्पी और हारोप ड्रोन हैं, जो वास्तव में मिसाइल हैं। हमारे शस्त्रागार में कुछ इस्राइली मूल के हमलावर ड्रोन हैं और अब अमेरिकी एमक्यू-9 प्रीडेटर हमलावर ड्रोन भी खरीदने की तैयारी है। हार्पी और हारोप युद्ध क्षेत्र में छह घंटे तक उड़ान भर सकते हैं और जब उन्हें पता चलता है कि कोई रडार चालू हो गया है, तो वे उस पर निशाना साधकर अपने 32 किलोग्राम के हथियार से उसे नष्ट कर सकते हैं। एक खास बात यह है कि दोनों तरफ के सैन्य बलों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा को पार किए बिना हवा से हवा में और हवा से मैदान में हमला करने वाली लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल किया।इससे दोनों ओर के संसाधनों को नुकसान पहुंचा है। भारत ने एक पाकिस्तानी मिराज-V का मलबा मिलने की पुष्टि की है।



*ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान ने चीनी प्रणालियों का इस्तेमाल किया।*

## 17 मई विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस

# डिजिटल युग की दस्तक : संवाद से सशक्तिकरण तक

### सूचना का सेतु, संचार का संकल्प : विश्व दूरसंचार दिवस



जैसे ही 17 मई की पहली किरण धरती को चूमती है, यह दिन समय के पन्नों पर एक नई कहानी लिखता है—एक ऐसी कहानी, जिसमें तारों से शुरू हुआ संवाद आज आकाश को छूता है। विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उस चिंगारी का उत्सव है, जिसने दूरी को धूल में मिलाया और सूचना को हर दिल तक पहुंचाया। यह दिन उस क्रांति की गूंज है, जिसने न सिर्फ़ तकनीक को जन्म दिया, बल्कि मानवता को जोड़ने का एक अनमोल सेतु रचा। आज, जब एक उंगली का इशारा दुनिया को हथेली में ले आता है, यह दिवस हमें उस ताकत का अहसास कराता है, जो सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) में थिरकती है—वह ताकत, जो न केवल जीवन को सरल बनाती है, बल्कि हर सपने को साकार करने का वादा करती है। यह दिवस 17 मई, 1865 को अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। यह वह संस्था है, जिसने संचार के वैश्विक नियम बनाए और दुनिया को एक डिजिटल जाल में पिरोया। 2006 में संयुक्त राष्ट्र ने इसे विश्व सूचना समाज दिवस के साथ जोड़कर इसके मायने और गहरे कर दिए। यह दिन न केवल तकनीक की विजय का गान है, बल्कि सूचना के लोकतांत्रिक उपयोग और उसकी ज़िम्मेदारियों का आह्वान भी है। आज के डिजिटल युग में, जब आईसीटी ने हर क्षेत्र को नया रंग दिया है, यह दिन हमें ठहरकर सोचने को मजबूर करता है—क्या हम इस तकनीक को सिर्फ़ सुविधा मान रहे हैं, या इसे समाज को अधिक समावेशी और न्यायपूर्ण बनाने का हथियार बना रहे हैं?

आईसीटी आज जीवन का हर रंग छू रही है। शिक्षा में ऑनलाइन कक्षाएं, स्वास्थ्य में दूरचिकित्सा, व्यापार में डिजिटल बाज़ार, और शासन में ई-गवर्नेंस—ये सभी इसके चमत्कार हैं। भारत जैसे देश में, जहां डिजिटल भारत, भारतनेट, 5जी और पीएम वाणी जैसी योजनाएं तेज़ी से बदलाव ला रही हैं, आईसीटी ने शहरों और गांवों के बीच की दूरी को मिटाने का बीड़ा उठाया है। एक स्मार्टफोन अब किसी किसान को मौसम का हाल बताता है, किसी छात्र को विश्वस्तरीय शिक्षा से जोड़ता है, और किसी महिला को आत्मनिर्भरता का रास्ता दिखाता है। यह तकनीक सिर्फ़ एक साधन नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक क्रांति की धुरी है।

विश्व दूरसंचार एवं सूचना समाज दिवस 2025 की थीम "डिजिटल परिवर्तन में लैंगिक समानता क्यों मायने रखती है?" डिजिटल युग में समावेशी प्रगति की अनिवार्यता को रेखांकित करती है। यह थीम वैश्विक ज़रूरतों को उजागर करती है, जो तकनीक के लाभ को केवल विशेषाधिकार प्राप्त क्षेत्रों तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसे समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से महिलाओं और हाशिए पर मौजूद समुदायों तक पहुंचाना चाहती है। भारत में डिजिटल इंडिया पहल के तहत ग्रामीण इंटरनेट कनेक्टिविटी और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम इस दिशा में सशक्त कदम उठा रहे हैं, जिससे गाँवों की महिलाएं भी डिजिटल दुनिया का हिस्सा बन रही हैं। फिर भी, डिजिटल खाई, साइबर सुरक्षा जोखिम, डेटा गोपनीयता और असमान इंटरनेट पहुंच जैसी चुनौतियां बरकरार हैं। भारत में शहरी-ग्रामीण विभाजन और आर्थिक असमानताएं इन बाधाओं को और जटिल बनाती हैं।

आज की बात



**प्रो. आरके जैन**

इन रुकावटों के बावजूद, आईसीटी की ताकत बेमिसाल है। यह एक गाँव की महिला को डिजिटल बाज़ार से जोड़ सकती है, एक युवा को नए कौशल सिखा सकती है, और एक मरीज़ को सुदूर क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा दे सकती है। यह नेटवर्क का विस्तार नहीं, बल्कि संभावनाओं का सागर है। भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और क्वांटम कम्प्यूटिंग जैसी तकनीकें इस क्रांति को और तेज़ करेंगी। लेकिन इसके साथ यह सवाल भी ज़रूरी है—क्या हम तकनीक को मानवीय मूल्यों और नैतिकता के साथ संतुलित कर पाएंगे? क्या हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि यह शक्ति सिर्फ़ सुविधा न बने, बल्कि सेवा और समानता का प्रतीक बने?

विश्व दूरसंचार दिवस हमें सिखाता है कि तकनीक का असली मोल उन लोगों के लिए है, जिन्हें यह सशक्त करती है। एक स्मार्टफोन किसी के लिए मनोरंजन हो सकता है, तो किसी के लिए रोज़गार का द्वार। यही तकनीक का लोकतांत्रिक चेहरा है, और यही इसकी सबसे बड़ी जीत। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम तकनीक को सिर्फ़ यंत्र न समझें, बल्कि इसे सामाजिक न्याय, समानता और प्रगति का ज़रिया बनाएं। 17 मई सिर्फ़ एक दिन नहीं, बल्कि एक नई दुनिया का न्योता है—जहां तकनीक दूरी को मिटाए, संवाद को आज़ाद करे, और हर इंसान के लिए अवसरों का आलम रचे। जब हम अपने फोन पर एक संदेश भेजते हैं, या किसी वीडियो कॉल पर अपनों से मिलते हैं, तो यह सिर्फ़ तकनीक नहीं, बल्कि उस दूरदर्शिता का उपहार है, जिसने दुनिया को एक करने का सपना देखा। आइए, इस दिन को सिर्फ़ उत्सव न बनाएं, बल्कि एक वचन लें—एक ऐसी दुनिया की रचना का, जहां तकनीक हर दिल को छूए, हर सपने को उड़ान दे, और हर इंसान को सशक्त बनाए। यही इस दिन की आत्मा है, और यही हमारा साझा संकल्प।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### चाय, चारपाई और चालान

जब गली में चाय का पहला प्याला उबलता है, तो मोहल्ले की सियासत भी खौल उठती है। "अरे पप्पू, पानी ज़रा कम डालना... वरना फिर से वही इश्क़ का सूप बन जाएगा," रामप्रसाद काका अपनी चाय के लिए प्रेमपत्र जैसी नजाकत से निर्देश देते हैं। मोहल्ले की गली नंबर चार में चाय पीना एक रस्म है, जिसमें दूध कम और किस्से ज़्यादा होते हैं। चारपाई पर बैठकर लोग ऐसे-ऐसे जुमले फेंकते हैं जैसे संसद में बिल पास हो रहा हो। चाय के साथ जो सबसे ज़्यादा उबलती है, वो है हरिशंकर जी की पुरानी जलन—जो उन्हें गुप्ता जी के नए रॉयल एनफील्ड से है। "हमने तो 1975 में भी ऐसी धौंकनी नहीं देखी थी, जैसी उसकी मोटर फेंकती है धुआं!" कहकर वो गला साफ करते हैं। गुप्ता जी मुस्कुरा देते हैं, मानो देश की जीडीपी उन्होंने ही बढ़ा दी हो। मोहल्ले में जो सबसे बड़ा जुर्म था, वो था बिना चाय पिए किसी का घर से निकल जाना। "अबे सुन, चाय पीके जा वरना पेट्रोल पंप समझेगा कि तू मीटर से चला है!" गली में हर दूसरा आदमी खुद को व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर समझता था। "हमको सब पता है, कल मोदी जी भी बोले थे... टीवी में व्हाट्सएप आया था!" — ये वाक्य ऐसे चलते थे जैसे शेरवानी में शादी हो। औरतें आंगन में मिर्च सुखा रहीं होती थीं, पर कान मोहल्ले की खिचड़ी में होते थे। "देख बहन, वो जो सामने बबली बैठी है ना, वही है जिसने पिछले साल नगरपालिका चुनाव में गुप्ता जी को वोट नहीं दिया था, और अब देखो, रोड टूटी पड़ी है!" मोहल्ले का लोकतंत्र चाय की दुकान पर तय होता था। जहाँ लोकतंत्र का मतलब था – "तेरा नेता बेकार, मेरा नेता दिलदार।" हर बात पर बहस ऐसे होती जैसे कन्हैया कुमार और अर्णब गोस्वामी की आत्माएँ एक ही देह में उतर गई हों। गली की सबसे शानदार बात थी – वहां किसी की घड़ी नहीं चलती थी, लेकिन सबको सबका टाइम पता होता था। "अरे अबे आठ तो बज ही गए होंगे, शर्मा जी की बहू साग धूप में डाल चुकी है!" — टाइम ज़ोन का ऐसा ज्ञान तो गूगल मैप में भी नहीं मिलेगा। चाय की दुकान गूगल से पहले 'लोकल ट्रेंडिंग' बताती थी। "अरे पता चला? मिश्रा जी के लड़के ने MBA छोड़कर यूट्यूब चैनल खोल लिया है। नाम रखा है – 'तू चाय पी, मैं बकता हूं'!" सुनकर सब ऐसे चौंकते जैसे उसने अमेरिका से चंद्रमा की जमीन खरीद ली हो। "अबे वो MBA था ना, माने मैया-बाबा के अरमान!" कहकर पप्पू चायवाले ने गरम पानी मिलाकर क्रांति की चुस्की ले ली।

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आरामवादी मानसिकता

हमारा शरीर, हमारी चेतना, हमारा जीवन—इन सबका मूल उद्देश्य कर्म है। प्रकृति ने हमें सक्रिय जीवन के लिए रचा है, जहाँ श्रम ही सम्मान और आत्मसंतोष का मार्ग है। फिर भी, आज हम एक ऐसी सामाजिक और मानसिक प्रवृत्ति में फँसते जा रहे हैं जिसे हम कह सकते हैं: आरामवादी मानसिकता। यह वह सोच है जिसमें व्यक्ति यह मानने लगता है कि जीवन का लक्ष्य मेहनत से बचते हुए अधिकतम सुख भोगना है। समाज में सरकारी नौकरी को लेकर जो आकर्षण है, उसका एक बड़ा कारण यही मानसिकता है। अधिकांश लोग समाज सेवा के नजरिए से नहीं, बल्कि इसीलिए चाहते हैं कि वहां कम प्रयास में अधिक लाभ मिलता है। यह सोच उन्हें परिश्रमहीन उपभोग की आदत में ढाल देती है, जहाँ वे सोचते हैं कि बस एक कुर्सी मिल जाए और जीवन आराम से कटे। काम से ज़्यादा उन्हें "बैठकर खाने" की सुविधा चाहिए—यानी मेहनत कम हो और लाभ ज्यादा। प्राचीन काल में राजा शासन करता था और प्रजा श्रम करती थी। राजा का "विश्राम-संचालित जीवन" उसके दायित्वों का हिस्सा था। लेकिन आज आम व्यक्ति भी उसी मानसिकता को अपनाना चाहता है, बिना उस ज़िम्मेदारी, त्याग और विवेक के। यह सोच, जो पहले सिर्फ राजमहलों तक सीमित थी, अब सामान्य जनजीवन में घर कर गई है। आज हर कोई "राजा जैसा जीवन" चाहता है—जहाँ वह सिर्फ भोग करे, काम न करे।

अलग बात



**वीणा देवांगन**
(अभियंता)

यह प्रवृत्ति केवल व्यक्ति की नहीं रही, बल्कि पूरे पारिवारिक ढांचे की सोच बनती जा रही है। माता-पिता बेटियों के लिए ऐसा जीवनसाथी या परिवार ढूंढ़ते हैं जहाँ उन्हें "कोई काम न करना पड़े", जीवन पूरी तरह से आराम से बीते। सोच ये होती है कि "बस हमारी बेटी को कोई तकलीफ न हो, वह अच्छे से रह ले, बैठे-बैठे सब कुछ मिले।" पर क्या यही उसकी शिक्षा, क्षमता और व्यक्तित्व का उद्देश्य है?



यही सोच बेटों के मामले में भी स्पष्ट दिखती है। आज के अधिकतर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चों को जीवन में ज्यादा संघर्ष न करना पड़े—बिना ज्यादा मेहनत के सब कुछ मिल जाए: अच्छी नौकरी, बढ़िया तनख्वाह, और आराम से जीने वाला जीवन। यह आराम-संचालित सोच धीरे-धीरे बच्चों में संघर्ष से डरने, मेहनत से बचने और शॉर्टकट ढूंढ़ने की आदत डाल देती है। नतीजतन, हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ परिश्रम नहीं, बल्कि "सुविधा" जीवन का लक्ष्य बनता जा रहा है।

जब इंसान मेहनत से दूर भागता है और सिर्फ आराम में जीवन ढूंढता है, तो धीरे-धीरे वह विचारहीनता, मानसिक जड़ता और आलस्य में फँस जाता है। उसका मन खाली होकर आलोचना, शिकायत और भ्रम में उलझ जाता है। यह मानसिक भ्रष्टता धीरे-धीरे पूरे समाज को खोखला कर देती है।

हमारा जीवन किसी सिंहासन पर बैठकर भोगने के लिए नहीं, बल्कि कर्म और सेवा के माध्यम से सार्थकता पाने के लिए है। यदि हम चाहते हैं कि अगली पीढ़ी सशक्त बने, तो हमें उन्हें प्रयासविहीन समृद्धि के मोह से बाहर निकालना होगा और श्रम को गौरव के रूप में प्रस्तुत करना होगा।


आरामवादी मानसिकता कोई सम्मान की बात नहीं, बल्कि समाज के लिए एक धीमा ज़हर है। जब तक हम मेहनत को श्रेष्ठ नहीं मानेंगे और श्रम से नहीं जुड़ेंगे, तब तक हम अपने आत्मबल, सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय विकास की दिशा में आगे नहीं बढ़ सकते।

समाज को बदलने के लिए सबसे पहले हमें अपनी सोच बदलनी होगी।

क्योंकि हम "बैठकर खाने" के लिए नहीं, बल्कि "चलकर कुछ कर दिखाने" के लिए पैदा हुए हैं।

(veenavlogs@gmail.com)

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

घूंट घूंट पीते रहे, नशा चढ़ा इस बार।
स्यात कहीं पर बल्ब के, तार जुड़े इस बार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## "अब गांवों में कहीं सुनाई नहीं पड़ती "हंकवे व ढिंढोरे" की आवाज"

सुगमता, सरलता और सुलभता को झारखंड के टोंगरियों व पहाड़ों की विशेषता के तौर पर देखा जाता है। अपने इन्हीं गुणों के कारण इस पठार की तमाम चोटियां सदैव प्रतिध्वनि के प्रति उदारता का प्रदर्शन करती रही हैं।इनकी इस उदारता एक प्रमाण यह है कि यहाँ की मूल आबादी को सदैव सरलता और सहजता के साथ जीवन जीते देखा जाता है। प्रकृति का यह एक सामान्य सा नियम है कि जहाँ के वन सुगम होंगे, प्रकृति सरल होगी व पहाड़ सहज होंगे तो वहाँ की मानवीय संवेदना भी उसी के अनुरूप अपना स्वरूप विकसित कर लेती है। झारखंड इस तथ्य का एक जीता जागता उदाहरण है जबकि यहाँ की माटी में सदियों से उदारता और लोकतंत्र के प्रति संपूर्ण समर्पण के भाव नजर आते रहे हैं।

आज हम आधुनिक होने का दावा कर रहे हैं तो नैसर्गिकता के इसी संदर्भ को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। महज दो तीन दशकों पहले की बातों का स्मरण करें तो गांव का दिगवार एक ढोल लेकर हंकवा करता नजर आ जाता है। कई समस्याएं हैं, मवेशी छुटा घुम रहे हैं, रीझ रंग व पर्व त्यौहार की बातें करनी हैं, सामाजिक न्याय का निर्णय लेना है, गांव की सफाई करनी है, इनके समाधान के लिए समाज की जरुरत है और सामुदायिक समाधान के लिए संबंधित सभी लोगों की उपस्थिति आवश्यक है। आज जमाना बदल गया है परन्तु कल तक हंकवा या डुगडुगी के बगैर किसी सामुदायिक निराकरण की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। आज हम यह ह्वाट्सएप, सोशल मीडिया व आधुनिक संचार माध्यमों की ओर भागे चले जा रहे हैं। ऐसा तब है जबकि इनकी पहुंच सर्वसुलभ कतई नहीं है और इनमें वह आत्मीयता भी नहीं है जो हंकवा या डुगडुगी की थाप में हुआ करते थे। वस्तुतः यह सबकुछ अचानक नहीं हुआ है क्योंकि डुगडुगी जब समाप्त हो रहे थे तब ध्वनि विस्तारक यंत्रों ने अपना जलवा बिखेरना प्रारंभ कर दिया। इस जलवे का तात्कालिक असर यह हुआ कि गला फाड़ फाड़कर चिल्लाने वाले इस यंत्र के चकाचौंध ने ढिंढोरा पीटने वाले अपने लोगों को एक तरह से किनारा कर दिया। गांव में सदियों से दिगवारों व ढिंढोरची के भरोसे यह व्यवस्था चला करती थी। कालांतर में दिगवार पुलिस तंत्र के भाग बन गए और गांव टोले का ढिंढोरची बेरोजगार होकर बैठ गया। देखने सुनने में यह सबकुछ सामान्य सी बातें लगती हैं परन्तु इसके पीछे छुट गए व्यथा की कहानी को इतनी सरलता से नहीं देखा जाना चाहिए। ऐसा इसलिए कि इसके साथ साथ लोकतंत्र के प्रति झारखंड की मौलिक व देश दुनिया को राह दिखाने वाली सोच व उसके क्रियान्वयन की एक विधा भी हमसे दूर चली गई। बताते चलें कि आज यहाँ के पत्थरों की बेतरतीब कटाई हो रही है। यह एक आम नजारा है और हम अपनी पहाड़ों के सुगम सरल प्रतिध्वनि को चीत्कार में परिवर्तित होते देख रहे है। कहीं न कहीं यह वही चीत्कार है जिसमें हमारे हंकवे व डुगडुगी की आवाज किसी अंधेरे में गुम होने को विवश होकर रह गई हैं। इन सबका नतीजा सामने है और हम विकास के नये नये कीर्तिमान गढ़ते चले जा रहे हैं। दुर्भाग्यवश इन बड़े बड़े कीर्तिमानों के बीच हमारे गांव की नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं व समाजिक तानाबाना गर्दिश में पड़ा कराह रहा है। समय के साथ ध्वनिविस्तारक यंत्रों के दिन भी आनन फानन में लदते चले गए। इन सबके बीच, आज हम खो गए एक हंकवे या ढिंढोरे के स्मरण मात्र से रोमांच की अनुभूति इसलिए कर पा रहे हैं कि कटते, छंटते व नंगे होते टोंगरियों व पहाड़ियों की चीख ने विलुप्त हो चुके ढिंढोरे व हंकवे की आवाज के साथ हमारी सरलता, अपनापन, लोकतंत्र के प्रति नैसर्गिक आस्था, आचरण, रोमांच व एक पूरी की पूरी मौलिक सभ्यता को ही अपनी नैसर्गिकता से वंचित करके रख दिया है।

राज्य की बात



**केदारनाथ दास**
बसिया (गुमला)

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)


# डेंगू से बचने के लिए स्वच्छता का रखें ख्याल



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

- **एडीज मच्छर गर्म और नम वातावरण में पनपता है, जो डेंगू फैलाता है**
- **ठहरे हुए पानी को साफ करें और बर्तनों को ढककर रखें**

हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में कहा कि स्वच्छता अपनाना, मच्छरों के पनपने के स्थानों की जांच करना और जागरूकता फैलाना डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए जरूरी हैं। डेंगू के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, 2010 से ही 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया जाता है। इस साल की थीम 'चेक, क्लीन, कवरः स्टेप्स टू डिफीट डेंगू' यानी 'जांचें, साफ करें, ढकें: डेंगू को हराने के लिए कदम' है। नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, ''इस साल की थीम इस बात पर जोर देती है कि डेंगू के फैलाव को रोकने के लिए नियमित रूप से मच्छरों के प्रजनन स्थलों की जांच करना, आस-पास की सफाई रखना, और पानी के बर्तनों को ढककर रखना बेहद जरूरी है।''नड्डा ने डेंगू को एक 'गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती' बताया और सभी लोगों से अपील की कि वे इस लड़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाएं।केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''समुदायों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और स्थानीय निकायों की सक्रिय भागीदारी से, हम डेंगू के प्रसार को काफी हद तक कम कर सकते हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं।''गुप्ता ने कहा, ''डेंगू के मामले साल भर बढ़ते हैं, इसलिए प्रारंभिक निदान और जागरूकता महत्वपूर्ण है। डेंगू केवल बुखार तक सीमित नहीं है, यह कभी-कभी मस्तिष्क को भी प्रभावित कर सकता है।



## जलवायु परिवर्तन और स्वच्छता की अनदेखी से देशभर में बढ़ा प्रसार

स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर-बोर्न डिजीज कंट्रोल (एनसीवीबीडीसी) के आंकड़ों के अनुसार, 2010 में डेंगू के कुल मामले 28,066 थे, जो 2023 में बढ़कर 2.89 लाख पहुंच गए। यानी 13 सालों में डेंगू के मामलों में लगभग 10 गुना बढ़ोतरी हुई है। 2025 में, सिर्फ मार्च तक ही भारत में 16,000 से ज्यादा डेंगू के मामले दर्ज हो चुके हैं। यह संख्या साल की शुरुआत में ही काफी ज्यादा है। यह इस बात का संकेत है कि पूरे साल में मामलों की संख्या और बढ़ सकती है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "आइए हम सभी यह संकल्प लें कि स्वच्छता अपनाकर और जन जागरूकता फैलाकर हम अपने परिवार और समाज को डेंगू जैसी गंभीर बीमारी से बचाएंगे। डेंगू से बचाव ही एकमात्र बचाव है। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत - यह डेंगू मुक्त भारत की नींव है! आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने भी डेंगू से बचाव को लेकर आम लोगों से कुछ महत्वपूर्ण सावधानियां अपनाने की अपील की है। डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। ये मच्छर गर्म और नम वातावरण में तेजी से बढ़ते हैं। जम्मू और कश्मीर और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में भी नियमित रूप से फैलने लगा है। यह इस बात का संकेत है कि डेंगू का दायरा अब उत्तर भारत के ठंडे क्षेत्रों तक फैल रहा है, जो पहले इससे काफी हद तक सुरक्षित थे। द लैंसेट में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन ने चेतावनी दी है कि अगर देश तत्काल कदम नहीं उठाता, तो दक्षिण एशिया में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी बीमारियों में बढ़ोतरी होगी। गुरुग्राम के एक प्रसिद्ध अस्पताल में न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रवीण गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन के कारण डेंगू का देशव्यापी प्रसार न केवल बुखार बल्कि एन्सेफलाइटिस, दौरे और गिलियन-बैरे सिंड्रोम जैसे गंभीर न्यूरोलॉजिकल जोखिम भी लाता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया बंगाल सरकार को अंतरिम आदेश

# सरकारी कर्मियों को 25% डीए भुगतान करें

**नई दिल्ली/कोलकाता (आईएएनएस)**



- **सुवेंदु अधिकारी ने बताई कर्मचारियों की बड़ी जीत**

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य कर्मचारियों को 25 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) का बकाया भुगतान करने का अंतरिम आदेश जारी किया। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश देते हुए सरकार को तीन महीने के भीतर भुगतान पूरा करने का निर्देश दिया। इस आदेश के तहत, पश्चिम बंगाल सरकार को अपने कर्मचारियों को बकाए डीए का 25 प्रतिशत हिस्सा शीघ्र भुगतान करना होगा। मामले की अगली सुनवाई अगस्त में होगी। यह कदम राज्य कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मैं सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल और संदीप मेहता के पश्चिम बंगाल सरकार को दिए गए इस निर्देश का स्वागत करता हूं, जिसमें उन्होंने सरकार को तुरंत 25 प्रतिशत बकाया डीए (महंगाई भत्ता) कर्मचारियों को देने को कहा है। उन्होंने आगे लिखा, "यह फैसला पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों की बहुत बड़ी जीत है। ये वही कर्मचारी हैं जो लंबे समय से राज्य सरकार की कठोरता और अन्याय के खिलाफ लड़ते आ रहे थे- पहले ट्रिब्यूनल और फिर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचकर। भाजपा से संबद्ध 'कर्मचारी परिषद' (राष्ट्रवादी पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों का संघ) ने इस कानूनी लड़ाई में आगे बढ़कर नेतृत्व किया। इस जीत के लिए संगठन के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों को बधाई, जिन्होंने ममता सरकार के दमन के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता परमजीत सिंह पाटवाला, प्रख्यात वकील श्रीमती बांसुरी स्वराज और उन सभी वकीलों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने कर्मचारियों की ओर से अदालत में पैरवी की। सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता बनर्जी ने एक बार कहा था कि "डीए कोई अधिकार नहीं है।" लेकिन आज सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि डीए वास्तव में कर्मचारियों का अधिकार है।

## सेना का अपमान बर्दाश्त नहीं, सपा नेता का बयान निंदनीय: गौरव भाटिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने समाजवादी पार्टी पर देश विरोधी और जातिवादी बयानों का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सपा का रवैया न केवल राष्ट्रहित के खिलाफ है, बल्कि यह समाज को बांटने और जातिगत विषैलापन फैलाने का भी प्रयास कर रहा है। गौरव भाटिया ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह के अपमान का मुद्दा उठाते हुए सपा नेतृत्व से जवाब मांगा और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

भाटिया ने कहा, "पाकिस्तान को हमने सबक सिखाया है, लेकिन दूसरी ओर समाजवादी पार्टी लगातार देश विरोधी बयानबाजी और अब जातिगत टिप्पणियों में लिप्त है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव को हमारी बहन, देश की शान विंग कमांडर व्योमिका सिंह का नाम तक नहीं पता। वे उन्हें 'दिव्या सिंह' कह रहे हैं। यह हमारी सेना और उसकी वीरांगना का अपमान है। सेना का कोई धर्म या जाति नहीं होती, केवल एक धर्म होता है और वह है भारत। फिर भी सपा बार-बार जाति की बात उठाकर समाज को विभाजित करने का प्रयास कर रही है। भाटिया ने सवाल उठाते हुए कहा, "क्या अखिलेश यादव रामगोपाल यादव के खिलाफ कोई कार्रवाई करेंगे? मुझे इसकी कोई उम्मीद नहीं है, क्योंकि सपा की मानसिकता ही देश विरोधी और समाज को तोड़ने वाली है। सपा का यह रवैया इसलिए है, क्योंकि वे नहीं चाहते कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति करे।" उन्होंने इंडिया ब्लॉक पर भी तीखा हमला बोला।

## रामगोपाल यादव को जातिवादी कहना दिन को अंधेरा कहने जैसा : अवधेश

**अयोध्या (आईएएनएस)।** समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव और भारतीय जनता पार्टी के नेता विजय शाह के भारतीय सैन्य अधिकारियों पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रियाओं का दौर तेज है। फैजाबाद से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने इन सभी बिंदुओं पर अपने विचार साझा किए। अवधेश प्रसाद ने समाजवादी पार्टी के रुख को भी स्पष्ट किया। अवधेश प्रसाद ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि रामगोपाल यादव समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ और बहुत ही समझदार नेता हैं।

### विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगा भारत

# पाक का हर झूठ होगा बेनकाब

- **इस बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल में एनडीए और विपक्षी सांसद शामिल होंगे**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कूटनीतिक कदम उठाते हुए, विभिन्न राजनीतिक दलों के भारतीय सांसदों (एमपी) का एक प्रतिनिधिमंडल 22 मई के बाद अंतरराष्ट्रीय आउटरीच दौरे पर जाने वाला है। इसका उद्देश्य पाकिस्तान के साथ हाल ही में हुए संघर्ष के बारे में वैश्विक नेताओं को जानकारी देना और भारत के रणनीतिक रुख के बारे में जानकारी प्रदान करना है। इस दौरे में संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, दक्षिण अफ्रीका, कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों का दौरा किया जाएगा। 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों द्वारा किए गए आतंकवादी हमले के बाद संघर्ष नाटकीय रूप से बढ़ गया, जिसके बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया। इसके बाद तनाव बढ़ने पर पाकिस्तान ने भारतीय शहरों और सैन्य प्रतिष्ठानों पर ड्रोन हमले करने की कोशिश की। 10 मई को तनाव कम करने के समझौते पर पहुंचने तक चार दिनों तक तनाव बना रहा।



### भारत की कूटनीतिक पहल को मिला सर्वदलीय समर्थन

एकीकृत राजनीतिक प्रतिक्रिया को मजबूत करने के लिए, भारत सरकार ने सुरक्षा स्थिति पर चर्चा करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई। विपक्षी दलों ने पाकिस्तान के उकसावे के खिलाफ सरकार के रुख को अपना समर्थन दिया। सैन्य उपायों के साथ-साथ, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कूटनीतिक कार्रवाइयां लागू की हैं, जिनमें वीजा रद्द करना और सिंधु जल संधि को निलंबित करना शामिल है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू इस अंतरराष्ट्रीय दौरे के समन्वय का नेतृत्व कर रहे हैं। सांसदों को निमंत्रण भेजे गए हैं, और प्रतिनिधिमंडल में 5-6 सदस्य शामिल होंगे, जिनमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के वरिष्ठ सांसद शामिल होंगे। इन प्रतिनिधिमंडलों को भारत की स्थिति और कार्यों को स्पष्ट करने का काम सौंपा गया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्राप्त हो सके। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए कांग्रेस निश्चित रूप से बहुदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल होगी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष से बात की है, जो पार्टी नेताओं को प्रतिनिधिमंडल में शामिल करेंगे। यह योजनाबद्ध संपर्क भारत द्वारा विदेशी सरकारों से समर्थन प्राप्त करने के लिए किए जा रहे गहन कूटनीतिक प्रयासों के मद्देनजर किया गया है। इसमें पाकिस्तान की कार्रवाइयों के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटाने के उद्देश्य से शीर्ष अधिकारियों और विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत शामिल है।

## बिहार : राहुल गांधी के खिलाफ दरभंगा में 2 एफआईआर दर्ज

### बीजेपी बोली- उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए

**पटना । एजेंसी**



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी के कई पदाधिकारियों के खिलाफ गुरुवार को दरभंगा के अंबेडकर कल्याण छात्रावास में निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए और बिना अनुमति के कथित रूप से अनाधिकृत जनसभा आयोजित करने के आरोप में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। इन मामलों पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ये सभी मेरे लिए पदक हैं। मेरे खिलाफ 30-32 मामले दर्ज हैं। दरभंगा के एसडीपीओ (सदर) अमित कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन ने पार्टी कार्यकर्ताओं के औपचारिक अनुरोध के बाद राजेंद्र भवन (टाउन हॉल) में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कांग्रेस को लिखित अनुमति दी थी। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि अंबेडकर छात्रावास परिसर में एक अलग कार्यक्रम के लिए अनधिकृत तैयारी थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर दरभंगा के अंबेडकर छात्रावास में बिना पूर्व अनुमति के एक कार्यक्रम में कथित रूप से शामिल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके खिलाफ केवल एफआईआर दर्ज करना पर्याप्त नहीं है और उन्हें उनके कृत्यों के लिए जेल भेजा जाना चाहिए। एएनआई से बात करते हुए जायसवाल ने कहा कि बिहार चाणक्य की धरती है और राहुल गांधी यहां लोगों को बेवकूफ नहीं बना पाएंगे।

जायसवाल ने कहा कि कल अंबेडकर छात्रावास में राहुल गांधी ने बिना अनुमति के जो कार्यक्रम किया, उसके लिए न केवल उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए, बल्कि उन्हें जेल भी भेजा जाना चाहिए। क्या राहुल गांधी कोई भगवान हैं कि वे कानून तोड़ेंगे और उनके खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं होगा? बिहार चाणक्य की धरती है। यहां वे (राहुल गांधी) लोगों को बेवकूफ नहीं बना पाएंगे।

### बेरोजगार हुए शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन जारी

## शिक्षकों ने किया शिक्षा विभाग मुख्यालय का घेराव



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एसएससी भर्ती मामले में 26,000 शिक्षकों की नौकरी जाने के मामले में सीएम ममता बनर्जी की अगुवाई वाली राज्य सरकार के खिलाफ शिक्षकों ने विकास भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार पूरी नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई है। कल रात, विकास भवन के सामने प्रदर्शन कर रहे एसएससी शिक्षकों और पुलिस कर्मियों के बीच झड़प में कई शिक्षक घायल हो गए, जिसके बाद पुलिस ने भारी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बेरोजगार हुए शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने गुरुवार को साल्ट लेक में राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय की घेराबंदी करने के लिए रेलिंग के घेरे को तोड़ दिया और लोहे के गेट तोड़ दिए। उन्होंने विकास भवन के सैकड़ों कर्मचारियों को आठ घंटे से अधिक समय तक बंधक बनाए रखा, जब तक कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए रात 8 बजे से बल प्रयोग करना शुरू नहीं कर दिया।

कई प्रदर्शनकारियों को खून से लथपथ देखा गया और उन्होंने शिकायत की कि पुलिस ने उन्हें डंडों से मारा है। लेकिन अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने सुबह से ही उल्लेखनीय "संयम" दिखाया और सबसे पहले उन पर "ईंटों से" हमला किया गया।

## कांग्रेस ने हमेशा न्यायालय का अपमान किया : मोहन यादव

**भोपाल (आईएएनएस)**

मध्य प्रदेश में कांग्रेस की ओर से मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग तेज हो गई है। इसके लिए विरोध प्रदर्शन भी किया जा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तंज कसा और कहा कि न्यायालय से बढ़कर कोई नहीं है, मगर कांग्रेस ऐसा दल है जिसने हमेशा न्यायालय का अपमान किया है। विजय शाह के मामले में न्यायालय जो निर्णय करेगा, सरकार उसके साथ है।

राज्य के मंत्री विजय शाह भारत की महिला सैन्य अधिकारी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी को लेकर मुश्किल में हैं, मामला उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में है। उनके खिलाफ थाने में प्रकरण भी दर्ज हो चुका है। कांग्रेस लगातार मंत्री का इस्तीफा मांग रही है। इस पर मुख्यमंत्री यादव ने खुलकर जवाब दिया और कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस कितने भी नाटक कर ले, कांग्रेस को भी पता है कि मामला न्यायालय में है और न्यायालय से बढ़कर कोई नहीं है।

## मुंबई क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई 4 करोड़ की ड्रग्स बरामद, 2 गिरफ्तार

**मुंबई (आईएएनएस)**



मुंबई क्राइम ब्रांच ने नशे के सौदागरों के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। क्राइम ब्रांच की यूनिट 5 ने जोगेश्वरी इलाके में दो ड्रग्स सप्लायरों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 2 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस ड्रग्स की कीमत लगभग 4 करोड़ रुपये आंकी गई है।

जानकारी के अनुसार, क्राइम ब्रांच की टीम को जोगेश्वरी बस डिपो के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों पर शक हुआ। तलाशी लेने पर उनके पास से भारी मात्रा में एमडी ड्रग्स मिला। दोनों आरोपियों के खिलाफ अंबोली पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया गया। मुंबई क्राइम ब्रांच अब इस बात की गहन जांच कर रही है कि यह ड्रग्स कहां से लाया गया था और इसे किन-किन लोगों तक पहुंचाने की योजना थी। पुलिस को शक है कि यह एक बड़े ड्रग्स रैकेट का हिस्सा हो सकता है। बता दें कि पिछले माह अप्रैल में भी क्राइम ब्रांच को मुंबई से सटे मीरा-भायंदर इलाके में एक बड़ी सफलता हाथ लगी थी। तब 'ड्रग्स क्वीन' के नाम से कुख्यात सबीना शेख को भारी मात्रा में कोकीन और नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। मीरा-भायंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की क्राइम ब्रांच यूनिट-1 (काशीमीरा) की इस कार्रवाई में कुल 14.868 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 22.33 करोड़ रुपए आंकी गई थी।

सबीना की गिरफ्तारी के बाद मामले की छानबीन आगे बढ़ाई गई, जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए थे। सबीना की निशानदेही पर क्राइम ब्रांच ने नाइजीरियाई नागरिक एंडी उबाबुदिके ओनींसे को गिरफ्तार किया, जिसके घर से 2.604 किलोग्राम कोकीन (कीमत 3.90 करोड़ रुपए) और बड़ी मात्रा में नकदी जब्त की गई थी।

## साढ़े तेरह लाख का गांजा पुलिस ने किया बरामद

**बेतिया (हि.स.)**

पश्चिम चम्पारण के जंगल से मानपुर पुलिस ने गांजा व बाइक जब्त किया है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि गुरुवार की देर रात को गश्ती की जा रही थी, तभी जंगल से बाइक आते दिखाई दिया। संदेह के आधार पर पुलिस ने टॉर्च जलाकर देखा तो बाइक सवार ने पुलिस को देख बाइक छोड़ भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठा कर कारोबारी मौके से फरार हो गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक की तलाशी में उजाला बोरा में बांध कर रखे 34 किलो 120 ग्राम गांजा बरामद हुआ। त्वरित कार्रवाई करते हुए गांजा व बाइक को थाना लाया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड संख्या 47/25 दर्ज कर ली गई है। कारोबारी की तलाश जारी है। इधर बताते चले की जब्त की गई गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत तेरह लाख चौसठ हजार आठ सौ रुपये आंकी गई है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी।

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें।

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। मन प्रसन्न बना रहेगा।

**सिंह :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अत: आलस्य का त्याग करें।

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा।

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा।

# पाकिस्तान के विदेश मंत्री की गलत सूचना का पर्दाफाश

### एआई फोटो को आधार बनाकर दी थी झूठी जानकारी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने न केवल भारत के नागरिक और सैन्य ठिकानों पर हमले किए, बल्कि भारत के खिलाफ सूचना दुष्प्रचार भी चलाया। भारत सरकार लगातार इंटरनेट पर पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे इस दुष्प्रचार की पोल खोल रही है। हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार का झूठा दावा भी पकड़ा गया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने 15 मई, 2025 को सीनेट में एक बयान में दावा किया कि यूके के अखबार 'द डेली टेलीग्राफ' ने पाकिस्तान वायु सेना को 'आकाश का निर्विवादित राजा' कहा है। जबकि यह दावा एक एआई-जनरेटेड फोटो पर आधारित था, जिसे भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय ने फैक्ट चेक के माध्यम से सोशल मीडिया पर उजागर किया।

'पीआईबी फैक्ट चेक' ने पाक विदेश मंत्री के दावे को पूरी तरह फर्जी करार दिया और बताया कि 'द डेली टेलीग्राफ' की जिस हेडलाइन को आधार बनाकर यह दावा किया गया है, वह असल में एक एआई इमेज है, जो असली नहीं है और न ही किसी तरह से सच पर आधारित है। 'पीआईबी फैक्ट चेक' 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट में कहा, "सोशल मीडिया पर प्रसारित एक तस्वीर में दावा किया गया है कि यह ब्रिटेन के अखबार 'द डेली टेलीग्राफ' के पहले पन्ने की है, जिसमें शीर्षक हैः 'पाकिस्तान वायु सेनाः आसमान का निर्विवाद राजा' दिनांक 10 मई 2025। "यह दावा झूठा है क्योंकि यह फोटो ही एआई से बनाई गई है। 'द डेली टेलीग्राफ' में ऐसा आर्टिकल कभी प्रकाशित ही नहीं हुआ था। इस गलत सूचना को पाकिस्तान ने जानबूझकर बढ़ावा दिया, जिससे पाक का डिजिटल धोखाधड़ी का एक और मामला सामने आया। इस फेक फोटो को आधार बनाकर पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने सीनेट में दावा किया था कि 'टेलीग्राफ' ने अपने लेख में पाकिस्तान को आकाश का निर्विवाद राजा बताया है। यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर देखी गई और भारत सरकार ने इस दावे को खारिज किया। भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के साथ-साथ पाकिस्तान की लगातार झूठी सूचना के खिलाफ भी लड़ाई को मजबूत किया है।

## तुर्किये के साथ व्यापारिक संबंध तोड़े भारत, सेब आयात पर लगे प्रतिबंधः जयराम ठाकुर

**मंडी (आईएएनएस)**

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भारत सरकार से टर्की के साथ सभी व्यापारिक समझौतों को रद्द करने की मांग की है। मंडी में शुक्रवार को तिरंगा यात्रा के बाद पत्रकारों से बातचीत में ठाकुर ने कहा कि हाल ही में भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान टर्की और चीन ने पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया। तुर्किये ने पाकिस्तान को ड्रोन और तकनीकी सहायता प्रदान की, जो भारत के हितों के विपरीत है। जयराम ठाकुर ने कहा, "जब तुर्किये में भूकंप से तबाही हुई थी, तब भारत ने मानवीय आधार पर उनकी हरसंभव मदद की थी। लेकिन अब उसकी हरकतें बर्दाश्त से बाहर हैं। आज हर भारतवासी की यही भावना और सोच है कि टर्की के साथ सभी तरह के संबंधों को समाप्त कर देना चाहिए। हिमाचल के लोगों की विशेष रूप से यह भावना और मांग है कि टर्की से आयात किए जाने वाले सेब पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगा देना चाहिए। उन्होंने टर्किश टूरिज्म पर भी निशाना साधा। ठाकुर ने कहा, "टर्की की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान है। हर साल लाखों भारतीय टर्की घूमने जाते हैं। भारतीयों को अब टर्की की बजाय अपने देश के पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता देनी चाहिए। इससे न केवल टर्की को आर्थिक सबक मिलेगा, बल्कि हिमाचल और अन्य राज्यों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मैं भारतीयों से अपील करता हूं कि वे देश के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा दें ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो

## विल जैक्स भारत लौटे, सोशल मीडिया पर शेयर किया पोस्ट



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** आईपीएल 2025 के फिर से शुरू होने से पहले मुंबई इंडियंस को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला, जब इंग्लैंड के विल जैक्स ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की, जिसमें उन्हें भारत वापस जाने के लिए उड़ान भरते हुए दिखाया गया। इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में, जैक्स ने एक विशेष पोस्ट शेयर की, जिसमें उनका बोर्डिंग पास, भारतीय तिरंगे का इमोजी और बैक एरो दिखाया गया। एमआई के अभियान में लगातार उपस्थिति रखने वाले जैक्स ने उनके पहले 12 मैचों में से 11 में भाग लिया, नौ पारियों में 195 रन बनाए और अपनी ऑफ-स्पिन के जरिए पांच विकेट लिए। उनका प्रभाव उल्लेखनीय रहा है।

## मिचेल स्टार्क आईपीएल के बचे मैचों में डीसी से नहीं जुड़ेंगे



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2025 में बचे मैचों में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ जुड़ने से इंकार कर दिया है। एएपी को पता चला है कि धर्मशाला में मैच रद्द होने के बाद स्टार्क ने फ्रेंचाइजी को बता दिया था कि वह लीग खत्म नहीं कर पाएंगे। इस अपडेट का मतलब है कि स्टार्क सीधे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उतरेंगे। इससे उनके इस मैच के एक सप्ताह पहले भारत में टी20 खेलने की संभावना पर पूर्ण विराम लग गया है। स्टार्क ने अभी तक 11 मैचों में 26.14 की औसत से 14 विकेट लिए हैं। फाफ डुप्लेसी के बारे में भी अभी कोई पुष्टि नहीं है।

## जब भी बुमराह को आराम की जरूरत होगी, गिल टेस्ट कप्तान हो सकते हैं: जाफर



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में किसे नियुक्त किया जाना चाहिए, इस पर बहस के बीच, पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने कहा कि जब भी जसप्रीत बुमराह को आराम की जरूरत होगी, शुभमन गिल को इंग्लैंड के आगामी दौरे पर टेस्ट टीम का नेतृत्व करना चाहिए। रोहित शर्मा ने इस महीने की शुरुआत में टेस्ट से संन्यास की घोषणा की, गिल को 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में नई-नवेली भारतीय टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे आगे देखा जा रहा है। भारत ने 2007 के दौरे के बाद इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है, जहां उन्होंने राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में 1-0 से जीत हासिल की थी। भारत के लिए 31 टेस्ट मैच खेलने वाले जाफर ने शुक्रवार को अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, "मुझे लगता है कि बुमराह कप्तानी के लिए एकदम सही विकल्प हैं।

*आईपीएल 2025 के दूसरे चरण का आगाज शनिवार से होने जा रहा है। यह लीग का 58वां मुकाबला होगा और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा।इस मैच में सभी की निगाहें हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर होंगी। 10 दिनों के अप्रत्याशित रुकावट के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। वहीं, केकेआर 12 मैचों में 11 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है।*

# आरसीबी-केकेआर मुकाबले से फिर से शुरू होगी लीग...

## टेस्ट से संन्यास ले चुके कोहली पर नजरें

**बंगलूरू । एजेंसी**

10 दिनों के अप्रत्याशित रुकावट के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और केकेआर के खिलाफ जीत टीम के लिए प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर देगी। वहीं, केकेआर 12 मैचों में 11 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और एक भी हार मौजूदा चैंपियन की नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर देगी। वहीं, लीग की रुकावट से पहले दोनों टीमें शानदार लय में थी। आरसीबी ने जहां अपने पिछले चारों मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि ये टीमों अपनी लय को किस तरह से बनाये रखती है। कागजों पर दोनों टीमों की तुलना करें तो इसमें कोई शक नहीं की केकेआर पर आरसीबी का पलड़ा भारी होगा।

**कप्तान पाटीदार के अंगुली में लगी है चोट :** चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चोटिल हुए कप्तान रजत पाटीदार ने अभ्यास सत्र में बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी की। पाटीदार को अंगुली में चोट लगी थी, लेकिन नेट सत्र में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। मेजबान टीम के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी भी भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के बाद स्वदेश लौट आए हैं। फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं।

**मयंक अग्रवाल खुद को साबित करना चाहेंगे :** देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की चोट के कारण गैरमौजूदगी हालांकि एक बड़ी समस्या हो सकती है। आरसीबी पडिक्कल की जगह लेने वाले मयंक अग्रवाल से इस मौके को भुनाने की उम्मीद करेगी। हेजलवुड के कंधे में चोट है और फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी नहीं दी है। मैच में हालांकि सबकी नजरें कोहली पर होंगी। इस दिग्गज बल्लेबाज ने इस सप्ताह की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। प्रशंसक खेल के पारंपरिक प्रारूप को सबसे ज्यादा महत्व देने वाले इस बल्लेबाज को सम्मानित करने के लिए सफेद जर्सी पहनने की योजना बना रहे हैं।




### कोहली पर होंगी सभी की निगाहें

**1. प्रभावशाली पारियां खेलना चाहेंगे विराट कोहली :** शानदार लय में चल रहे कोहली भी टेस्ट करियर के अचानक समाप्त होने के बाद बल्ले से कुछ प्रभावशाली पारियां खेलना चाहेंगे। केकेआर को मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा निराशा अपने बल्लेबाजों से हुई है। कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने निरंतरता नहीं दिखायी हैं।

**2. केकेआर की बल्लेबाजी सबसे बड़ी समस्या** : केकेआर टीम के लिए लीग चरण के सभी मैच करो या मरो की तरह है ऐसे में उसे वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह से प्रभावी पारियों की उम्मीद होगी। टीम को इंग्लैंड के अनुभवी हरफनमौला मोईन अली की कमी खलेगी। मोईन वायरल बुखार के कारण लीग से बाहर हो गए हैं। वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की केकेआर की गेंदबाजी लाइन-अप ने कई मौकों पर महंगे साबित होने के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखी है।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

- **आरसीबी:** जैकब बेथेल/फिल सॉल्ट, विराट कोहली, स्वास्तिक चिकारा/मयंक अग्रवाल, रजत पाटीदार (कप्तान/फिटनेस के अधीन), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, लुंगी एनगिडी, यश दयाल। सुयश शर्मा इम्पैक्ट प्लेयर हो सकते हैं।
- **केकेआर:** रहमनुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती। हर्षित राणा इम्पैक्ट प्लेयर हो सकते हैं।

## 'विराट ने कहा, तुमने कप्तानी अर्जित की है' : रजत पाटीदार




**बेंगलुरु (आईएएनएस)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने उस अवास्तविक पल को याद किया जब विराट कोहली ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले फ्रेंचाइजी की कप्तानी सौंपी और कहा कि उन्हें नहीं पता था कि इस स्थिति पर कैसे प्रतिक्रिया करनी है, फिर कोहली ने उन्हें शांत करते हुए कहा, "तुम इसके लायक हो, तुमने इसे अर्जित किया है। आरसीबी पॉडकास्ट पर बोलते हुए, 31 वर्षीय पाटीदार ने आरसीबी प्रबंधन से पूर्व आश्वासन के बावजूद 2022 आईपीएल मेगा नीलामी में खारिज होने से लेकर एक ऐसी फ्रेंचाइजी के लीडर बनने तक की अपनी यात्रा पर विचार किया।

## बिहार और महाराष्ट्र को पछाड़ा हरियाणा शीर्ष स्थान पर



**पटना (आईएएनएस)।** हरियाणा ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) 2025 बिहार में कुश्ती के मैदान पर अपना दबदबा कायम करते हुए लड़कों और लड़कियों की श्रेणियों में 21 पदक - आठ स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य - जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र चार स्वर्ण सहित 17 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि दिल्ली के लड़के और राजस्थान की लड़कियां अपने-अपने वर्गों में शीर्ष तीन में रहीं। महाराष्ट्र ने अंतिम दिन जोरदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक सहित सात पदक जीते। आयुष्का पांडुरंग ने लड़कियों के 57 किग्रा वर्ग का खिताब जीता, उसके बाद सुजय नागनाथ तनपुरे ने लड़कों के 71 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में जीत हासिल की।

## रवि शास्त्री का बड़ा बयान... अगर मैं कोच होता तो रोहित सिडनी का टेस्ट जरूर खेलता



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि वह सुनिश्चित करते कि रोहित शर्मा, जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है, इस साल की शुरुआत में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के लिए मैदान पर उतरे। पिछले हफ्ते, रोहित ने 67 मैचों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाकर अपना टेस्ट क्रिकेट समाप्त किया, जिसमें 12 शतक और 212 का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। 2022 से भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में, रोहित ने 24 टेस्ट में टीम का नेतृत्व किया और 12 मौकों पर जीत हासिल की, जिसमें 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उपविजेता बनना भी शामिल है। लेकिन पिछले साल सितंबर से खराब फॉर्म का मतलब था कि रोहित का टेस्ट करियर मुश्किल स्थिति में था।

## एफसी बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को हराकर अपना 28वां ला लीगा खिताब जीता

**बार्सिलोना (आईएएनएस)।** एफसी बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर 28वीं बार ला लीगा खिताब जीता है। ला लीगा का ताज अब स्पेनिश सुपर कप और कोपा डेल रे के साथ जुड़ सकता है। 2024-25 सीजन बार्सिलोना के लिए यादगार साबित हो रहा है। 28वीं बार ला लीगा खिताब जीतने से पहले टीम ने अपना 32वां कोपा डेल रे और स्पेनिश सुपर कप भी जीता था। बार्सिलोना ने अपने घर में शानदार प्रदर्शन किया। मैच के 53वें मिनट में लैमिन यामल ने एक शानदार गोल दागा इसके बाद इंजरी टाइम के आखिरी सेकंड में फर्मिन लोपेज ने दूसरा गोल कर टीम की मैच पर पकड़ मजबूत कर दी जो बाद में निर्णायक साबित हुई। लैमिन यामल का गोल बेहतरीन और दर्शनीय था, जब उन्होंने दूर कोने में एक शॉट लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में भेजा था।

## गंभीर चोट से उबरने के बाद पूवन्ना की नजर भारत के लिए सीनियर पदार्पण करने पर

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**

2023 में भारतीय जूनियर टीम के साथ कुछ समय बिताने के बाद, पूवन्ना चंदुरा बॉबी अब एफआईएच हॉकी प्रो लीग लेग के यूरोपीय चरण से पहले सीनियर कोर ग्रुप के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं। 22 वर्षीय पूवन्ना वर्तमान में बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्र में वरिष्ठ राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा हैं और उन्होंने 40 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाई है। जूनियर टीम के साथ, पूवन्ना ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने क्रमशः 2022 और 2023 सुल्तान ऑफ जौहर कप में स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। वह 2023 में पुरुषों की जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे और



अगस्त 2024 में सीनियर राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए। शिविर में प्रशिक्षण के अपने अनुभव के बारे में पूवन्ना ने कहा, "मैंने 2023 में जूनियर टीम के लिए खेला है और अब सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण ले रहा हूं, मुझे उनके और हमारे बीच बहुत अंतर दिखाई देता है। उस स्तर तक पहुंचने के लिए हमें बहुत मेहनत करनी होगी। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने फिट हैं।

## आईपीएल के लीग मुकाबलों के लिए मुस्तफिजुर रहमान को मिली अनुमति

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** मुस्तफिजुर रहमान को 18 मई से 24 मई तक के लिए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के दल के साथ जुड़ने की अनुमति मिल गई है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार दोपहर को अपने एक बयान के जरिए इसकी जानकारी दी। बीसीबी से एनओसी मिलने के चलते मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति में मुस्तफिजुर डीसी के शेष तीन मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहेंगे। हालांकि अगर डीसी प्लेऑफ में प्रवेश करती है तो मुस्तफिजुर उपलब्ध नहीं रह पाएंगे। बीसीबी ने बताया है कि भारत के लिए रवाना होने से पहले मुस्तफिजुर शनिवार को शारजाह में यूएई के खिलाफ पहले टी20 के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। हालांकि 18 मई को भारत पहुंचने के बाद वह उसी शाम डीसी के मुकाबले के लिए उपलब्ध रह पाएंगे या नहीं यह देखना होगा।

## प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 31 मई और 1 जून को मुंबई में

**मुंबई (आईएएनएस)**

मशाल स्पोर्ट्स ने घोषणा की है कि प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की के लिए खिलाड़ियों की नीलामी का आयोजन 31 मई और 1 जून 2025 को मुंबई में किया जाएगा। यह बहुप्रतीक्षित आयोजन पीकेएल सीजन 11 की रोमांचक समाप्ति के बाद हो रहा है, जहां हरियाणा स्टीलर्स ने पहली बार खिताब जीतने के लिए तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स को 29 दिसंबर 2024 को हुए फाइनल मुकाबले में हराया था। 2014 में शुरुआत के बाद से अब तक के 11 सीजनों में 8 अलग-अलग टीमों ने चैंपियनशिप जीती है। सीजन 11 जो कि 18 अक्टूबर से 29 दिसंबर 2024 तक खेला गया, एक अहम मोड़ था क्योंकि इसके साथ



पीकेएल ने अपने दूसरे दशक में प्रवेश किया था और इससे यह बात और पुख्ता हुई कि पीकेएल भारत की प्रमुख खेल लीगों में से एक बन चुकी है, जिसने देश और दुनिया भर में कबड्डी के प्रति रुचि और विकास को निरंतर बनाए रखा है। सीजन 12 के लिए होने वाली खिलाड़ियों की यह नीलामी एक बार फिर टीमों की रणनीति, संकल्प और खिताब जीतने की महत्वाकांक्षा को दर्शाने का मंच बनेगी।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## आईआईएफटी ने दुबई में पहला विदेशी कैंपस खोलकर अपने ग्लोबल फुटप्रिंट का किया विस्तार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत स्वायत्त निकाय भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने शुक्रवार को दुबई में अपना पहला विदेशी कैंपस खोलने की घोषणा की। यह आईआईएफटी की वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार शिक्षा में भारत की भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, यह ऐतिहासिक विकास शिक्षा मंत्रालय से मंजूरी और विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन (यूजीसी)



से 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' मिलने के बाद संभव हुआ है। मंत्रालय ने कहा, "यह भारतीय उच्च शिक्षा के वैश्वीकरण में एक गौरवपूर्ण क्षण है, जो कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप है और भारतीय संस्थानों के अंतरराष्ट्रीयकरण और वैश्विक शिक्षण केंद्रों के निर्माण पर जोर देता है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) 2020 की भावना को दर्शाता है, जो भारतीय शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण और वैश्विक स्तर पर विचार नेतृत्व को आकार देने में इसकी बढ़ती भूमिका में एक नया अध्याय है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, "यह भारत-यूएई साझेदारी को मजबूत करने का भी प्रमाण है और यह नया कैंपस भविष्य के बिजनेस लीडर्स को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आईआईएफटी को इसके पहले अंतरराष्ट्रीय विस्तार पर बधाई देते हुए वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि यह आईआईएफटी के 62 साल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है कि संस्थान दुबई में एक पूर्ण विकसित कैंपस स्थापित कर रहा है। यह भारत के एक ऐसे देश के रूप में उभरने का प्रतिनिधित्व करता है, जो विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करता है। आईआईएफटी के कुलपति प्रोफेसर राकेश मोहन जोशी ने आईआईएफटी को विश्वस्तरीय संस्थान में बदलने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में रिसर्च, ट्रेनिंग और रिसर्च में उत्कृष्टता के माध्यम से अपने नए दुबई कैंपस में अपनी छाप छोड़ने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## अमेरिकी मांग से बढ़ा भारत का परिधान निर्यात



**नई दिल्ली ।** देश के कपड़ा और परिधान (टीएंडए) निर्यात में लगातार वृद्धि जारी है। इस साल अप्रैल में इसमें साल-दर-साल आधार पर 7.45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि यह सकारात्मक रुझान मुख्य रूप से परिधान सेगमेंट के मजबूत प्रदर्शन की वजह से देखा गया, जिसमें सालाना आधार पर 14.43 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई। कनफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज (सीआईटीआई) के अध्यक्ष राकेश मेहरा ने कहा, "परिधान निर्यात में 14.43 प्रतिशत की वर्तमान वृद्धि मुख्य रूप से अमेरिकी प्रशासन द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ उपायों की घोषणा के बाद अमेरिका को शिपमेंट में वृद्धि से प्रेरित प्रतीत होती है।

## निर्यात 9 फीसदी बढ़ा, व्यापार घाटा पांच माह के उच्च स्तर पर, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की अच्छी रही मांग

**एजेंसी । मुंबई**

इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग उत्पादों की मांग में अच्छी वृद्धि के कारण भारत का निर्यात अप्रैल, 2025 में सालाना आधार पर 9.03 फीसदी बढ़कर 38.49 अरब डॉलर पहुंच गया। कच्चे तेल और उर्वरक की खरीदारी बढ़ने से देश का आयात भी एक साल पहले की तुलना में 19.12 फीसदी




बढ़कर 64.91 अरब डॉलर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, निर्यात की तुलना में अधिक आयात के कारण अप्रैल में देश का व्यापार घाटा पांच महीने के उच्च स्तर 26.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले नवंबर, 2024 में सबसे ज्यादा 31.77 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ था। अप्रैल, 2024 में देश से 35.30 अरब डॉलर का निर्यात किया गया था, जबकि आयात 54.49 अरब डॉलर रहा था।

## सेंसेक्स लाल निशान में बंद, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के



कारोबारी सत्र लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 200.15 अंक या 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,330.59 और निफ्टी 42.30 अंक या 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,019.80 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 529.65 अंक या 0.94 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,060.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 320 अंक या 1.86 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,560.40 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट बैंक हरे निशान में बंद हुए। आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा और मेटल लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में इटरनल (जोमैटो), एचयूएल, एशियन पेंट्स, आईटीसी, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, नेस्ले, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति सुजुकी टॉप गेनर्स थे।

## हुंडई इंडिया का मुनाफा 4% घटा, आय में बढ़ोतरी

**मुंबई।** हुंडई मोटर इंडिया ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजों का ऐलान किया। जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी के मुनाफे में कमी देखने को मिली है। कंपनी की स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में हुंडई मोटर इंडिया की आय 1,614 करोड़ रुपए रही है, जो कि वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही की आय 1,677 करोड़ रुपए से 4 प्रतिशत कम है। हालांकि, समीक्षा अवधि में हुंडई मोटर इंडिया की आय सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत बढ़कर 17,940 करोड़ रुपए हो गई है।

## मुनाफा 30 प्रतिशत घटा, आय भी गिरी : मैट्रिमोनी डॉट कॉम

**मुंबई (आईएएनएस)।** ऑनलाइन मेट्रीमोनियल सर्विस प्रोवाइडर कंपनी मैट्रिमोनी डॉटकॉम ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए। जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी के आय और मुनाफे में दोनों में गिरावट दर्ज की गई। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने कहा कि मैट्रिमोनी डॉटकॉम का कंसोलिडेटेड शुद्ध मुनाफा 30.26 प्रतिशत कम होकर 8.18 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पिछली वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11.73 करोड़ रुपए था।

## भारत का चालू चीनी सीजन 52 लाख टन बफर स्टॉक के साथ होगा समाप्त : इस्मा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा निर्माता संघ (इस्मा) ने शुक्रवार को कहा कि भारत का 2024-25 चीनी सीजन लगभग 261 से 262 लाख टन शुद्ध चीनी उत्पादन के साथ समाप्त होने का अनुमान है, जिससे घरेलू मांग पूरी करने के लिए 52 लाख टन का अच्छा-खासा बफर स्टॉक बचेगा। इस्मा के बयान में बताया गया है कि उत्पादन में चालू सीजन में मई के मध्य तक उत्पादित 257.44 लाख टन चीनी के अलावा तमिलनाडु और कर्नाटक में विशेष पेराई सीजन से अनुमानित चार से पांच लाख टन चीनी शामिल है। इस्मा ने कहा, "इस सीजन की शुरुआत 80 लाख टन के शुरुआती स्टॉक के साथ हुई।

## डीसी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याए, दिया भरोसा

**लातेहार।** डीसी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी व अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों को जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। शुक्रवार के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से जमीन विवाद, रोजगार, अबुआ आवास से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द करने का निर्देश दिया।

## डेंगू से बचाव के लिए विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**प्रतापपुर (चतरा)।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मल्टी-पर्पस वर्कर (एमपीडब्ल्यू) चंद्रशेखर शर्मा द्वारा स्थानीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को डेंगू रोग की रोकथाम और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। प्लस टू उच्च विद्यालय प्रतापपुर, मध्य विद्यालय प्रतापपुर,कन्या मध्य विद्यालय प्रतापपुर तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोमे में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें चंद्रशेखर शर्मा ने विद्यार्थियों को डेंगू मच्छर की उत्पत्ति, उसके लक्षणों व सावधानियों के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डेंगू एडिज मच्छर के काटने से फैलता है, जो साफ पानी में पनपता है। ऐसे में घर व आसपास की साफ-सफाई अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को बताया कि कूलर, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, पशु-पक्षियों के पानी के बर्तन आदि को सप्ताह में कम से कम एक बार अवश्य साफ करें। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने डेंगू से संबंधित कई प्रश्न पूछे, जिनका समाधान चंद्रशेखर शर्मा ने सहजता से दिया। विद्यालय प्रबंधन व उपस्थित शिक्षकों ने इस सराहनीय पहल के लिए स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया।

## डीसी ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालय का किया निरीक्षण

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय लातेहार का निरीक्षण कर वास्तु स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय का भ्रमण करते हुए परिसर में स्वच्छता, विद्युत, पेयजल आदि का जायजा लिया। उपायुक्त ने विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं से बातचीत कर पठन-पाठन की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में स्मार्ट क्लास रूम, लाइब्रेरी का अवलोकन कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए स्कूल प्रबंधन व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान सभी शिक्षकों को निर्देश दिया कि विद्यालय परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई, स्वच्छ शौचालय व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को मिले। इसका विशेष ध्यान रखें। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार उपस्थित थे।

## 21 सौ श्रद्धालुओं ने निकाली कलश शोभा यात्रा

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के गाडिलौंग में श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर बुधवार को 21 सौ श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर प्रांगण से चुंदरु धाम के संगम तट तक भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। वहां हर हर महादेव व जय जय भवानी के गगनभेदी जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा। चिलचिलाती धूप में श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव में सराबोर होकर अति उत्साहित थे। कामरुप कामाख्या के सिद्धपीठ साधक सह यज्ञाचार्य रामनारायण दास त्यागी ने वैदिक मंत्रोच्चार पूर्वक आह्वान व पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने कलश में भरे गये पवित्र जल को यज्ञ मंडप में स्थापित कराया। बताया गया कि 16 से 24 मई तक आयोजित यज्ञ अनुष्ठान में सपत्निक नौ यजमान भाग लेंगे। कलश शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिये महायज्ञ समिति की ओर से शर्बत व भंडारे की पूरी व्यवस्था की गई थी। मौके पर पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, जिप सदस्य सुभाष यादव, यज्ञ समिति के अध्यक्ष दीपू चौरसिया, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, सचिव मनीष चौरसिया, उप- सचिव राहुल चौरसिया, मीडिया प्रभारी कुलदीप दास, पूजा प्रभारी युगल साव, विजय गिरी,द्वारका बरई, तिलेश्वर साव, प्रताप चौरसिया,कालेश्वर साव, अजीत यादव, शशि चौरसिया, प्रदीप साव, भीम साव, मनोज राणा,विनय भुइयां, रामप्रवेश साव, दिनेश यादव समेत सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**चंदवा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कामता पंचायत के चटुआग गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर स्व डोमन परहिया के घर के समीप लगाया गया था। ज्ञात हो कि गुरुवार को सड़क के आभाव व क्रॉसिंग जाम में फंसने से हुई देर के कारण डोमन परहिया की मौत हो गयी थी। गांव में गये स्वास्थ्यकर्मियों ने भी बताया कि सड़क के आभाव में ग्रामीणों को काफी मुश्किल होती है। गांव में एंबुलेंस व दो पहिया वाहन भी पहुंचना मुश्किल होता है। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 35 ग्रामीणों का जांच कर आवश्यक दवा व परामर्श दिया गया। शिविर में उपस्थित एमपीडब्ल्यू सीताराम कुमार ने बताया कि डेंगू दिवस के अवसर पर एक दिनी शिविर लगाकर ग्रामीणों का इलाज किया जा रहा है। बताया कि गर्मियों और बरसात के मौसम में मच्छरों का आतंक हर घर हर गली में देखने को मिलता है। इस दौरान कई खतरनाक बीमारियों के फैलने का खतरा रहता है, जिसमें डेंगू प्रमुख है। यह एक जानलेवा वायरस संक्रमण है, जो एडीज नाम के मच्छर के काटने से फैलता है। जिसमें तेज बुखार, सिर दर्द, जोड़ों में दर्द, त्वचा पर चकते और कमजोरी इसके मुख्य लक्षण है। समय पर इलाज नहीं होने पर प्लेटलेट्स की संख्या घटकर स्थिति को गंभीर बना सकती है। इसलिए लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। स्वच्छ परिवेश व सतर्क जीवन शैली अपना कर डेंगू जैसी बीमारी को मात दिया जा सकता है। मौके पर एमपीडब्लू संजय कुमार विश्वकर्मा,अमर प्रसाद,विकास रंजन,बीटीटी देवकांत तिवारी, सहिया मुनिता परहीन के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

### पाटन प्रखंड में योजनाओं की समीक्षा अतिक्रमण हटाने व पारदर्शिता पर जोर

# जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: राधा कृष्ण किशोर

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने शुक्रवार को पाटन प्रखंड सभागार में प्रखंड और अंचल स्तर पर संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान अंचल क्षेत्र में भूमि से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया।

मंत्री ने कहा कि कई क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि चिन्हित अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराते हुए अतिक्रमण शून्य स्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने हल्का कर्मचारियों के सरकारी आवास में निवास नहीं करने पर नाराजगी जताई। कहा कि सभी हल्का कर्मचारी अपने-अपने हल्का क्षेत्र में बने सरकारी आवास में ही रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

बैठक में म्यूटेशन, जाति प्रमाण पत्र, सीमांकन, दोहरी जमाबंदी जैसे विषयों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। मंत्री ने स्पष्ट किया कि जनहित के कामों में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। कहा कि योजनाओं का लाभ केवल पात्र लाभुकों को ही मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। अपात्र व्यक्तियों को लाभ मिलने की स्थिति पर रोक लगाने की बात भी कही।

बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि गरीबों को उनका अधिकार सरलता से मिले, यही सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी से कार्य करने की अपील की, ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक पहुंच सके।

**बैठक में शामिल अधिकारी और प्रतिनिधि**

इस मौके पर भू-अर्जन सह भू-अभिलेख निदेशक भोर सिंह यादव, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव सज्जाद अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, बीडीओ, सीओ समेत जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और प्रखंडकर्मी उपस्थित थे।

## गर्मी बढ़ी पर देसी फ्रीज की नहीं बढ़ी मांग, घड़े-सुराही की बिक्री ठप

- बाजार में सजी मिट्टी के बर्तनों की दुकानें, कुम्हारों को लागत निकालने की चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** गर्मी अपने चरम पर है, लेकिन बावजूद इसके देसी फ्रीज कहे जाने वाले घड़े और सुराही की बिक्री में खास उछाल नहीं देखा जा रहा है। मुख्य बाजार स्थित घड़ा पट्टी समेत शहर के कई हिस्सों में घड़े-सुराही की दुकानें सज चुकी हैं, मगर खरीदारों की संख्या बेहद कम है। इससे मिट्टी के बर्तन बेचने वाले दुकानदारों और कुम्हारों में मायूसी है। स्थानीय दुकानदार दीपक प्रजापति ने बताया कि इस साल गर्मी देर से शुरू होने के कारण बिक्री पर बुरा असर पड़ा है। पहले जहां गर्मी की शुरुआत के साथ ही लोग बड़ी संख्या में घड़े और सुराही खरीदते थे, वहीं अब बिजली और फ्रिज की पहुंच बढ़ने से इनकी मांग लगातार घटती जा रही है। पुराने समय में लोग न सिर्फ घरों में बल्कि यात्राओं में भी सुराही साथ लेकर चलते थे। लेकिन बोतलबंद पानी और फ्रिज के चलन ने इस परंपरा को लगभग खत्म कर दिया है।

डॉक्टरों की मानें तो घड़े के पानी को पीना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है, फिर भी लोग आधुनिक साधनों की ओर ज्यादा आकर्षित हैं। शहर में इन दिनों नल लगे मिट्टी के घड़े 150 से 180 रुपये, बिना नल वाले छोटे घड़े 50 रुपये, माध्यम आकार के 100 रुपये और बड़े घड़े 130 रुपये में बिक रहे हैं। सुराही की कीमत 100 से 150 रुपये के बीच है।

घड़े-सुराही बेचने वाली सुगनी कुंवर बताती हैं कि वह ये बर्तन नेउरा, चियांकी, रजवाडीह और लेस्लीगंज से खरीदकर लाती हैं। इस बार उन्हें चिंता है कि कहीं उनकी लागत भी न फंसी रह जाए। कारीगरों की संख्या भी घट रही है क्योंकि इस पेशे में अब आय की संभावना सीमित होती जा रही है।

## नदी किनारे मिला युवती का शव

**लातेहार।** जिले के कोयल नदी के तट पर बालू में दफनाया गया एक युवती का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान नहीं हो पायी है। शव के शरीर में उपर लाल रंग की शर्ट और नीचे काले रंग का एक पैंट है। एक पैर में चप्पल भी है। घटना जिले के गारू थाना क्षेत्र के लुहूरटाड़ इलाके के कोयल नदी तट की है। मामला शुक्रवार की सुबह तब प्रकाश में आया जब एक कुत्ते ने नदी किनारे बालू हटाकर किसी महिला के शव का हाथ बाहर निकाल दिया। स्थानीय लोगों की नजर उस पर पड़ी तो पूरे गांव में यह खबर आग की तरह फैल गई। सूचना मिलते ही गारू थाना प्रभारी पारसमणि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में शव को बालू से बाहर निकाल कर कब्जे में लिया। प्रथम दृष्टि में यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से बालू में दफना दिया गया था।

## गर्मी के बीच चिकनपॉक्स के मरीजों में हुई बढ़ोतरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी के कारण जिले के कई क्षेत्र से लू लगने की शिकायत के बीच चिकन पॉक्स के मामले में बड़ी संख्या में वृद्धि हुई है। बताते चले कि मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रतिदिन चिकन पॉक्स से पीड़ित पांच से दस मरीज पहुंच रहे हैं।अधिकतर अनुमंडलीय अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी कमोबेश यही हाल है। इनमें बड़े से लेकर बड़े तक शामिल है हालांकि यह समस्या अत्यधिक बच्चों के बीच देखी जा रही है। बताते चलें कि चिकन पॉक्स बुखार और दाने के साथ शुरू होती है, जो बाद में खुजली वाले चकत्ते में बदल जाते हैं।आमतौर पर 15 दिनों के अंदर चला जाता है लेकिन चिकन पॉक्स अधिक खतरनाक रूप न धारण करें इसके लिए काफी सावधानी बरतनी पड़ती है। इसमें सबसे अधिक अलगाव व आराम करने की आवश्यकता होती है हालांकि इसके ठीक होने के बाद भी इसमें हुए दाग के मिटने में काफी समय लगता है।

**वैक्सीन नहीं लेने वालों में समस्या अधिक :** डॉ.आर के रंजन की मानें तो चिकन पॉक्स वैक्सीन नहीं लेने वाले बच्चों में यह समस्या अधिक देखने को मिलती है अगर बचपन में ही यह वैक्सीन दे दी जाए तो इस तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।आमतौर पर वैक्सीन लेने वाले को चिकन पॉक्स नहीं होता, अगर हो जाए तो इसका असर कम होता है।हालांकि एक बार अगर किसी को चिकन पॉक्स हो जाए तो वह जीवन में दूसरी बार कभी नहीं होता।

## छात्राओं को किया गया जागरूक बताया गया हेल्पलाइन नंबर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशानुसार शुक्रवार को महिला थाना प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा सी.एम. स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (गर्ल्स) के.जी. स्कूल, मेदिनीनगर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई और इनके सही उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया। पलामू पुलिस द्वारा आयोजित इस अभियान में पोस्टर के माध्यम से गुड टच और बैड टच की अवधारणा स्पष्ट की गई। इस दौरान छात्राओं को नशा पान के दुष्परिणाम, यौन शोषण से बचाव, बाल विवाह, दहेज प्रथा, जातिवाद, छुआछूत और डायन प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया। महिला सशक्तिकरण पर भी चर्चा करते हुए उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराया गया।

साथ ही सोशल मीडिया व मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान बताए गए तथा शिक्षा के महत्व को समझाते हुए छात्राओं को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

## 251 बर्खास्त अनुसेवकों ने वित्त मंत्री से मुलाकात कर जताया आभार

- कैबिनेट बैठक में मुद्दा उठाने पर जताई उम्मीद, सेवा में बहाली को लेकर दिखी सकारात्मकता



**मेदिनीनगर।** विज्ञापन संख्या 01/2018 के तहत नियुक्त 251 अनुसेवकों की सेवा रद्द होने के बाद अब उनकी बहाली की उम्मीदें फिर से जागी हैं। सुप्रीम कोर्ट में लंबित सिविल अपील संख्या (ए) 13952/2024, 13953/2024, 13954/2024 एवं 13955/2024 में 10 फरवरी 2025 को पारित आदेश के आलोक में उपायुक्त, पलामू ने 1 मार्च 2025 को उक्त विज्ञापन को रद्द कर दिया था, जिससे ये अनुसेवक प्रभावित हुए। इस निर्णय से प्रभावित 251 अनुसेवक हाल ही में राज्य के वित्त मंत्री के मेदिनीनगर के नई मुहल्ला स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने मंत्री को माला पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर आभार व्यक्त किया। अनुसेवकों ने कहा कि मंत्री ने उनकी बात को गंभीरता से लिया और यह आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और कैबिनेट बैठक में प्रमुखता से उठाएंगे। इससे बर्खास्त अनुसेवकों और उनके परिवारों में एक नई उम्मीद जगी है। अनुसेवकों ने कहा कि उन्हें आशा है कि मंत्री उनके प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे और पुनः सेवा में बहाली के प्रयास जारी रखेंगे। मुलाकात के दौरान उपस्थित प्रमुख अनुसेवकों में विवेका कुमार शुक्ला, सुधाकर दुबे, अनिल कुमार शुक्ला, अश्वनी कुमार शुक्ला, उपेंद्र कुमार पासवान, पुरुषोत्तम शुक्ला, राकेश कुमार, विकास कुमार शुक्ला, शशिकांत कुशवाहा, अक्षय कुमार, दीपक कुमार पांडे, राजकुमार, शैलेश राय, ललन कुमार, ददन कुमार, अरुंजय कुमार साहू, नागेंद्र कुमार, अनुज कुमार, राकेश कुमार चौरसिया, अरुण कुमार सिंह, उमेश यादव, दिनेश राय समेत कई अनुसेवक शामिल थे।

## वाहन चेकिंग अभियान, 11 बाइक जब्त, कुल 57, 561 रुपये का जुर्माना

- बिना हेलमेट, लाइसेंस व शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर प्रशासन की सख्ती

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर के छः मुहान चौक पर जिला परिवहन कार्यालय एवं पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में कई दोपहिया वाहन चालक आरटी बिना हेलमेट एवं बिना लाइसेंस के पाए गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले 11 दोपहिया वाहनों को जप्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। वहीं, बीती रात एक मिनी ट्रक चालक को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। उसके विरुद्ध चालान काटकर फाइन के लिए भेजा गया है।जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 16 मई 2025 को कुल 15 दोपहिया वाहनों का चालान काटा गया, जिससे कुल 24,000 की फाइन राशि वसूलने के लिए भेजी गई है। इसके अतिरिक्त, शराब पीकर गाड़ी चला रहे दो बाइक चालकों का चालान भी काटा गया, जिनसे 33,561 की फाइन राशि निर्धारित की गई है। इस प्रकार कुल 57,561 की फाइन राशि वसूलने के लिए चालान जिला परिवहन विभाग द्वारा जारी किया गया है।

## पेज एक के शेष

**एक डिजिटल छलांग...**

विद्युत कनेक्शन, पंखे, शौचालय तथा सुरक्षित पेयजल सुविधाओं सहित आधुनिक बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने 1,200 से अधिक आदिवासी बहुल गांवों की पहचान की है, जहां नए आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि हमारे जनजाति समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य ती प्रारंभिक शिक्षा सेवाएं प्रदान की जा सके और उनको समाज की मुख्य धारा में जोड़ ने की प्रयास किया जा रहा है। इन नए आंगनबाड़ी केंद्रों में शीघ्र ही सेविकाओं और सहायिका की नियुक्ति भी की जा रही है।

**'ऑपरेशन सिंदूर' अभी...**

ठीक उसी प्रकार, प्रभु श्री राम के आदर्शों का पालन करते हुए, हमने भी आतंकवाद को, जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आपने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी बुनियादी ढांचे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है, लेकिन पाकिस्तान इस कोशिश में लग गया है कि ध्वस्त हुए आतंकी ढांचे को फिर से खड़ा किया जाए। वहां की सरकार पाकिस्तानी आम लोगों से लिया गया टैक्स जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी जैसे मसूद अजहर को करीब 14 करोड़ रुपए देने में खर्च करेगी। जबकि, वह यूएन से आतंकी घोषित हो चुका है। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से प्राप्त धन का एक बड़ा हिस्सा अपने देश में आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर खर्च करेगा, ऐसा मेरा मानना है। भारत चाहता है कि आईएमएफ पाकिस्तान को दिए जाने वाले वित्त पोषण पर पुनर्विचार करे, और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से आईएमएफ परहेज करे। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भुज एयरफोर्स स्टेशन पर जवानों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारतीय सशस्त्र बल के जवानों के साथ 'भारत माता की जय' का उद्घोष भी किया।

**पाकिस्तान को हमने...**

यदि उसका बिहेवियर सुधरता है, तब तो ठीक और यदि बिहेवियर में फिर से गड़बड़ी आती है, तो उसको कड़े से कड़ा दंड दिया जाएगा। मैं फिर से कह रहा हूं, पाकिस्तान को हमने प्रोबेशन पर रखा है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में एक बात बहुत साफ कही है कि आतंक पर प्रहार अब न्यू नॉर्मल है। ये न्यू इंडिया का न्यू नॉर्मल है। अब हमने यह साफ कर दिया है कि हमारी संप्रभुता को यदि कोई नुकसान पहुंचाएगा, तो वह प्रहार भी झेलेगा। आतंकवाद का हम जोरदार और करारा जवाब देंगे।

**छोटानागरा में नक्सलियों...**

मंडल तथा पश्चिमी सिंहभूम जिला बल के सअनि सुरेश भगत और सअनि चंदलाल हांसदा गंभीर रूप से झुलस गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान सीआरपीएफ 26 बटालियन के सेकंड कमान अफसर एम प्रबो सिंह शहीद हो गए। सीआरपीएफ सहायक समादेष्टा सुबीर कुमार मंडल तथा झारखंड पुलिस (पश्चिमी सिंहभूम जिला बल) के सअनि सुरेश भगत और सअनि चंदलाल हांसदा की स्थिति स्थिर है। इन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया। तीनों को राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीआरपीएफ ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अधिकारी का फोटो शेयर करते हुए लिखा, 15 मई 2025 को झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम के छोटानागरा क्षेत्र में सीआरपीएफ की 26वीं बटालियन द्वारा माओवादी विरोधी अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान सेकंड-इन-कमांड एम प्रोबो सिंह की बिजली गिरने से दुखद मृत्यु हो गई। सीआरपीएफ इस बहादुर अधिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, जिन्होंने ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों में कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

**गिरिडीह में भारी...**

बरामद पानी टंकी से हथियार और कारतूस के साथ विस्फोटक पदार्थ जब्त किए गए हैं। खुखरा थाना क्षेत्र में मिली सफलता के बाद एसपी डॉ विमल कुमार, एएसपी सुरजीत कुमार और सीआरपीएफ 154 बटालियन के असिस्टेंट कंमाडेंट दलजीत सिंह भाटी ने प्रेसवार्ता में कहा कि सुरक्षाबलों ने छापेमारी कर जमीन से पानी टंकी को निकाला है। इसमें कई बंदूकें, देसी कट्टा, सेमी ऑटोमेटिक कट्टा सहित कई हथियार और विस्फोटक पदार्थ रखे हुए थे, जिसे जब्त कर लिया गया है। बरामद समानों में 12 राइफल, एक डबल बैरल गन, एक एसएलआर, दो वायर कटर, तीन मैगजीन पाउच, आठ इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, 14 बंडल कोडेक्स वायर, दो देसी कट्टा , एक सेमीऑटोमैटिक राइफल एवं अन्य सामान शामिल हैं।

**टीएसपीसी कमांडर दिवाकर ..**

डीआईजी सह एसएसपी, रांची चंदन सिन्हा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अपने दस्ते के साथ दिवाकर चैनगढ़ा, गम्हरिया में लेवी वसूलने और क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए किसी बड़ी योजना को अंजाम देने के फिराक में है। साथ ही, पतरातू की आरे से आने वाले राहगीरों को रोककर उन लोगों का मोबाइल चेक रहे हैं और मारपीट कर रहे हैं। सूचना के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए बुढ़मू थाना क्षेत्र के चैनगढ़ा, गम्हरिया जंगल से दिवाकर गंझू और अक्षय गंझू को गिरफ्तार किया है। वहीं, तीन-चार उग्रवादी जंगल-झाड़ी का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे।

**व्यापार संबंधों का...**

इस निर्णय में यात्रा, पर्यटन, फिल्म निर्माण और कॉरपोरेट प्रचार गतिविधियां भी शामिल हैं। देशभर से आए 24 राज्यों के 125 से अधिक शीर्ष व्यापारिक लीडरों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित करते हुए कहा कि यह फैसला तुर्की और अजरबैजान द्वारा हाल ही में पाकिस्तान का खुलेआम समर्थन करने के संदर्भ में लिया गया है। व्यापारिक समुदाय ने इसे भारत की संप्रभुता के खिलाफ एक विश्वासघात करार दिया है। सीएआईटी महासचिव एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, तुर्की और अजरबैजान, जिन्होंने भारत की सद्भावना और सहायता का लाभ उठाया, आज पाकिस्तान जैसे आतंकवाद समर्थक देश का साथ दे रहे हैं। यह भारत की अखंडता और 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं का अपमान है। ऐसे में हमारा उत्तर होगा- आर्थिक बहिष्कार। सीएआईटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने इन दोनों देशों की नीतियों को 'अकृतज्ञ और भारत विरोधी' बताते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि भारत से ऐसे देशों को कोई आर्थिक लाभ न मिले। इस दौरान निर्णय लिया गया कि तुर्की और अजरबैजान के उत्पादों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। भारतीय व्यापारी अब इन देशों से आयात-निर्यात बंद करेंगे। भारत के निर्यातक, आयातक और व्यापारी प्रतिनिधिमंडल इन देशों की कंपनियों के साथ किसी भी साझेदारी से परहेज करेंगे। साथ ही, यात्रा एजेंसियों और इवेंट आयोजकों से अनुरोध किया गया है कि वे इन देशों को गंतव्य के रूप में बढ़ावा न दें।

**सैफ, नीलम, तब्बू...**

प्रकरण में ट्रायल कोर्ट ने पांच अप्रैल 2018 को अभिनेता सलमान खान को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई थी। इस मामले में सह आरोपित फिल्म अभिनेता सैफ अली खान, अभिनेत्री नीलम, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और दुष्यंत सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था। अब सरकार की लीव-टू-अपील स्वीकार होने पर इन सभी के खिलाफ मामले में फिर से सुनवाई होगी। राज्य सरकार की अपील में ट्रांसफर पिटीशन की अनुमति और एक्टर सलमान खान की सजा से जुड़े मामले को भी शामिल किया जाएगा। मामले की सुनवाई 28 जुलाई को होगी, जिसमें सभी संबंधित केसों पर एक साथ सुनवाई होगी। फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' कि शूटिंग के दौरान 01 अक्टूबर 1998 को जोधपुर के कांकाणी गांव में काले हिरण शिकार मामला सामने आया था। करीब दो दशक तक चली कानूनी लड़ाई के बाद अदालत ने अभिनेता सलमान खान को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई थी।

**जगद्गुरु रामभद्राचार्य को...**

भारतीय ज्ञानपीठ के इन दो शब्दों में भारत के लोगों के ज्ञान और परंपराओं की मूल एकता व्यक्त होती है। यह एकता भारत के लोगों की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक एकता की अभिव्यक्ति है। वाल्मीकि, व्यास और कालिदास से लेकर रवींद्रनाथ टैगोर जैसे महान कवियों की रचनाएं एक जीवंत भारत की धड़कन को दर्शाती हैं। यह धड़कन भारतीयता का सार है और हमारी भारतीय चेतना की नींव है।राष्ट्रपति ने ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयनकर्ताओं और प्रशासकों की सराहना करते हुए कहा कि ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयनकर्ताओं ने भारतीय भाषाओं के श्रेष्ठ लेखकों का चयन करके इस पुरस्कार की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। मैं सभी पूर्व और वर्तमान चयनकर्ताओं, चयन समिति के अध्यक्षों और भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट के प्रशासकों की सराहना करती हूं।

# नई दिल्ली और इस्लामाबाद के डीजीएमओ जल्द ही फिर बात करेंगे

## भारत और पाकिस्तान ने बढ़ाया 18 मई तक संघर्ष विराम

**नई दिल्ली । एजेंसी**

सूत्रों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को 18 मई तक बढ़ा दिया गया है। इस संबंध में नई दिल्ली और इस्लामाबाद के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) जल्द ही बातचीत करेंगे। सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान दोनों देशों के डीजीएमओ सीमा पर स्थिति की समीक्षा करेंगे। यह भारत और पाकिस्तान द्वारा नियंत्रण रेखा और सीमा क्षेत्रों पर उच्च सतर्कता के स्तर को धीरे-धीरे कम करने के लिए अपने विश्वास-निर्माण उपायों को जारी रखने का निर्णय लेने के एक दिन बाद आया है। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा, “10 मई 2025 को दोनों डीजीएमओ के बीच बनी समझ के अनुसार, सतर्कता के स्तर को कम करने के लिए विश्वास-निर्माण उपायों को जारी रखने का निर्णय लिया गया है। जैसे-जैसे स्थिति आगे बढ़ेगी, हम आपको सूचित करेंगे।



### भारत और पाकिस्तान ने 18 मई तक संघर्ष विराम बढ़ाया

अधिकारियों ने गुरुवार को कहा, “10 मई 2025 को दोनों डीजीएमओ के बीच बनी सहमति के अनुसार, सतर्कता के स्तर को कम करने के लिए विश्वास-निर्माण उपायों को जारी रखने का फैसला किया गया है।” पीटीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला और भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने संघर्ष विराम पर चर्चा करने के लिए गुरुवार को हॉटलाइन पर बात की, जिसे अब 18 मई तक बढ़ा दिया गया है।

### दोनों देशों के अधिकारी फिर बात करेंगे

भारत ने घातक पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई की आधी रात के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के क जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों पर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इसके एक दिन बाद ही दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया, जब पाकिस्तान ने सीमा के पास सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया, जिसे भारत ने विफल कर दिया। तीन दिनों की गहन सैन्य शत्रुता के बाद, दोनों देशों ने 10 मई को दोनों ओर से गोलीबारी बंद करने पर सहमति जताई, जब पाकिस्तान के डीजीएमओ ने अपने भारतीय समकक्ष को फोन करके सीमा पार से सभी तरह की गोलीबारी रोकने को कहा। हालांकि, पाकिस्तान ने कुछ ही घंटों बाद इस समझौते का उल्लंघन किया, क्योंकि सीमावर्ती गांवों से भारी गोलाबारी और गोलीबारी की खबरें सामने आईं। पाकिस्ताना और भारत के बीच तनाव पहलगाम हमले के बाद काफी ज्यादा हो गया। दोनों देशों के बीच युद्ध की स्थिति पैदा हो गयी थी। लेकिन चार दिन तक चले तेज मिसाइल हमलों के बाद दोनों देशों में अपसी सहमति से सीजफायर हुआ। 2025 पहलगाम हमला भारतीय प्रशासित जम्मू और कश्मीर में पहलगाम के पास पांच सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर हमला था जिसमें 22 अप्रैल 2025 को 26 नागरिक मारे गए थे। आतंकवादियों ने मुख्य रूप से हिंदू पर्यटकों को निशाना बनाया था, हालांकि हमले में एक ईसाई पर्यटक और एक स्थानीय मुस्लिम भी मारे गए।एम4 कार्बाइन और एके-47 से लैस हमलावर घने देवदार के जंगलों से घिरी बैसरन घाटी में पर्यटक स्थल में घुस गए। इस घटना को 2008 के मुंबई हमलों के बाद से भारत में नागरिकों पर सबसे घातक हमला माना जाता है।

### अमेरिकी-चीन के बीच ट्रेड वॉर में थोड़ी नरमी आने का असर

# ऐपल ने भारत में आईफोन बनाने की विशेष योजना को फिलहाल रोका

- डोनाल्ड ट्रंप ने ऐपल को भारत में प्रोडक्शन बंद करने को कहा था

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल को भारत में प्रोडक्शन बंद करने को कहा है। कंपनी चाइना प्लस वन नीति के तहत भारत में आक्रामक तरीके से अपना विस्तार कर रही थी। लेकिन अमेरिका व चीन के बीच ट्रेड वॉर में थोड़ी नरमी आने से एपल भारत में अपने कारोबार को बढ़ाने की योजना रोक दी। अमेरिका के बाजार के लिए भारत में आईफोन बनाने की विशेष योजना को फिलहाल रोक दिया है। लेकिन ऐपल ने पहले से तय की गई योजनाओं को जारी रखने का फैसला किया है। यानी भारत में सामान्य विस्तार व चीन के अलावा दूसरे देशों में उत्पादन बढ़ाने का काम चलता रहेगा। लेकिन अमेरिका के बाजार के लिए आईफोन बनाने की विशेष योजना को फिलहाल रोक दिया गया है।

कंपनी के सूत्रों के अनुसार ‘हम अभी दुनिया भर के राजनीतिक और आर्थिक माहौल को समझना चाहते हैं। खासकर टैरिफ को लेकर क्या नियम बनते हैं, इस पर हमारी नजर है। चीजें बहुत तेजी से बदल रही हैं। अमेरिका सरकार ने टैरिफ को लेकर कई बार अचानक फैसले बदले हैं। चीन के साथ भी ऐसा ही हुआ है, जहां कुछ चीजों पर टैक्स काफी कम कर दिया गया है। इसलिए, हम थोड़ा रुक कर यह देखना चाहते हैं कि आगे क्या होता है। अमेरिका को आईफोन सप्लाई करने के लिए भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू करने से पहले हम थोड़ा इंतजार करेंगे।

कतर यात्रा पर गए ट्रंप ने ऐपल के सीईओ टिम कुक से कहा कि अमेरिका के बाजार के लिए आईफोन भारत से नहीं मंगवाए जाएं। ट्रंप चाहते हैं कि चीजें अमेरिका में ही बनें। ऐपल ने अमेरिकी सरकार को भरोसा दिलाया है कि वह अगले चार साल में अमेरिका में 500 अरब डॉलर का निवेश करेगी। इसमें ह्यूस्टन में एक नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाना भी शामिल है, जहां सर्वर बनाए जाएंगे। कंपनी ने यह भी कहा है कि वह 2029 तक अमेरिका में 20,000 नई नौकरियां देगी। टैरिफ पर ट्रंप के बार-बार बदलते रवैये ने कुक को भी परेशान कर रखा है। कुक ने हाल ही में कहा था कि भारत अमेरिका को आई फ़ोन सप्लाई करने का मुख्य केंद्र होगा। उनका कहना था कि जून तिमाही में अमेरिका में बिकने वाले ज्यादातर आईफोन भारत में बने होंगे। ट्रंप के नए बयान के बाद भारत सरकार के सूत्रों ने कहा कि ऐपल ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि वह फॉक्सकॉन और टाटा ग्रुप जैसे मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर के जरिए भारत में निवेश जारी रखेगी।सरकार के सूत्रों के अनुसार ऐपल ने कहा कि निवेश की जो योजनाएं कोविड के बाद शुरू हुई थीं, उनमें कोई कमी नहीं आएगी। विशेषकर पीएलआई योजना के तहत स्मार्टफोन बनाने पर जोर दिया जाएगा। चीन के अलावा दूसरे देशों में उत्पादन बढ़ाने का काम भी जारी रहेगा। सिर्फ अमेरिका को आईफोन सप्लाई करने की योजना पर दोबारा विचार किया जा रहा है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि कंपनियां कई चीजों को ध्यान में रखकर अपने उत्पादन के बारे में फैसले लेती हैं। इनमें कमाई, काम करने की क्षमता और प्रतिस्पर्धा शामिल है। ये सब बिजनेस से जुड़े फैसले होते हैं।




### राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने की अमेरिका की दादागीरी की आलोचना, कहा

# टैरिफ युद्ध या व्यापार युद्ध में कोई नहीं जीतता

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों अमेरिका व चीन के बीच 90 दिन का टैरिफ सीजफायर हो गया है। दोनों देश एक-दूसरे के सामान पर लगने वाले टैरिफ को कम करने का फैसला किये। यह व्यवस्था 90 दिनों के लिए है। स्विट्जरलैंड में दोनों देशों के प्रतिनिधियों की हाल में हुई बैठक में इस बात पर सहमति बनी। इससे अमेरिका व चीन के बीच लंबे समय से चल रहा व्यापार युद्ध कुछ समय के लिए शांत हो गया है और दुनिया भर के बाजारों में उत्साह का माहौल है। लेकिन इस बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका की दादागीरी व वर्चस्व की आलोचना की है।सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक शी जिनपिंग ने कहा कि टैरिफ युद्ध या व्यापार युद्ध में कोई नहीं जीतता। दादागिरी या दबदबे से सिर्फ अलगाव होता है। चीनी राष्ट्रपति कम्युनिटी ऑफ लैटिन अमेरिकन एंड कैरीबियन स्टेट्स फोरम की चौथी मंत्रिस्तरीय बैठक के उद्घाटन में यह बात कही। लैटिन अमेरिका व कैरेबियाई देशों में चीन के प्रभाव को बढ़ाने के लिए इस फोरम की स्थापना 2014 में की गई थी। इसका उद्देश्य अमेरिका के दबदबे को चुनौती देना भी है। इस सम्मेलन में ब्राजील, कोलंबिया और चिली के राष्ट्रपति भी शामिल हुए।चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि एक सदी में इतने बड़े बदलाव पहले कभी नहीं देखे गए। इन बदलावों के कारण देशों के बीच एकता और सहयोग बहुत जरूरी हो गया है। पिछले कुछ हफ्तों से चीन और अमेरिका के बीच तनातनी चल रही थी। चीन किसी भी कीमत पर अमेरिका के दबाव के आगे झुकने को तैयार नहीं था। अमेरिका ने चीनी सामान पर 145 % टैरिफ़ लगाया तो चीन ने अमेरिकी सामान पर टैरिफ 125 % कर दिया। बीते रविवार को दोनों देशों के बीच टैरिफ को कम करने पर सहमति बन गई। लेकिन शी जिनपिंग ने व्यापार में राहत मिलने के बावजूद अपना रुख जारी रखा। उन्होंने लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के साथ एकजुटता बढ़ाने का वादा किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन देशों को अमेरिका के करीब लाना चाहते हैं। शी जिनपिंग ने बताया कि पिछले साल चीन और सेलैक (लैटिन अमेरिकी व कैरेबियाई राज्यों का समुदाय- लैटिन अमेरिकी व कैरेबियाई राज्यों का एक समूह है, जिसमें 33 देश शामिल हैं, और इसकी पाँच आधिकारिक कामकाजी भाषाएँ हैं। इसे अमेरिकी राज्यों के संगठन के विकल्प के रूप में देखा जाता है, और इसमें सभी ओएएस सदस्य देश व क्यूबा राष्ट्र शामिल हैं।) देशों के बीच 500 अरब डॉलर से ज्यादा का ट्रेड हुआ था। उन्होंने सेलैक देशों के विकास को सपोर्ट करने के लिए 9.2 अरब डॉलर की क्रेडिट लाइन देने का भी वादा किया। जो चाइनीज करेंसी में होगी।



- लैटिन अमेरिकी व कैरेबियाई 33 देशों के साथ बीते वर्ष चीन का 500 अरब डॉलर से ज्यादा का ट्रेड हुआ था
- चीन ने चाइनीज करेंसी में इन देशों के विकास को सपोर्ट करने के लिए 9.2 अरब डॉलर की क्रेडिट लाइन देने का वादा किया

# सिंधु की धारा पर सियासी संग्राम : उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती आमने-सामने



**श्रीनगर।** तुलबुल नौवहन परियोजना को पुनर्जीवित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी पूर्ववर्ती महबूबा मुफ्ती के बीच सोशल मीडिया पर सार्वजनिक बहस छिड़ गई। महबूबा मुफ्ती ने सरकार पर भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता समाप्त होने के बीच उकसाने वाले कदम उठाने का आरोप लगाया। हालांकि, अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि मुफ्ती इस विचार का विरोध करके सस्ते प्रचार के लिए और पाकिस्तान में कुछ लोगों को खुश करने की कोशिश कर रही हैं। तुलबुल नेविगेशन परियोजना का उद्देश्य बांदीपुरा जिले में झेलम से बहने वाली वुलर झील को पुनर्जीवित करना है। परियोजना 1987 में शुरू की गई थी, लेकिन 2007 में पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण इसे रोक दिया गया था कि यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन करती है। पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को भारत द्वारा संधि को निलंबित करने के बाद, अब्दुल्ला ने गुरुवार को वुलर झील पर परियोजना में काम फिर से शुरू करने का आह्वान किया। एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि चूंकि पाकिस्तान के साथ जल समझौते को स्थगित रखा गया है, मुझे आश्चर्य है कि क्या हम परियोजना को फिर से शुरू कर पाएंगे।

### रिजर्व डिब्बों में नहीं बैठ सकते वेटिंग टिकट वाले

# रिजर्व सीटों पर बैठे तो लगेगा भारी जुर्माना

- 1 मई 2025 से वेटिंग टिकट वालों के लिए नियम और कड़े किए गए

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एक मई 2025 से इंडियन रेलवे ने 1 मई 2025 से वेटिंग टिकट वालों के लिए नियम और कड़े कर दिये । अब जिन लोगों के पास वेटिंग टिकट है, उन्हें रिजर्व डिब्बों में बैठने की इजाजत नहीं होगी। उन्हें केवल जनरल डिब्बों में ही यात्रा करनी होगी। यदि कोई वेटिंग टिकट वाला यात्री रिजर्व कोच में पकड़ा गया, तो उस पर भारी जुर्माना लगेगा। रिज़र्व बोगी में यात्री जब भी बैठते हैं तो अपनी टिकट पर लिखे कोच नंबर व सीट नंबर को देखकर ही यात्रा करते हैं, लेकिन कुछ होते हैं जो वेटिंग टिकट के साथ एसी व स्लीपर कोच में जबरन सफर करते हैं और रिजर्व सीट पर बैठ जाते हैं। अब कहा जा रहा है कि ऐसा करने पर यानी यदि आप वेटिंग टिकट के साथ एसी व स्लीपर कोच में यात्रा करते हुए पाए गए तो टीटीई आप पर भारी जुर्माना लगा सकता है। लेकिन इस तरह यात्रा करने वालों को पता है कि कैसे चढ़ावा चढ़ा सीट लिया जा सकता है। टीओआई के मुताबिक आप वेटिंग टिकट के साथ अब स्लीपर व एसी कोच में सफर नहीं कर सकते।




एक मई से लागू फ़रमान का असर उन लोगों पर पड़ेगा जो एक ही पीएनआर (यात्रा बुकिंग नंबर) पर ग्रुप में सफर कर रहे हैं और जिनमें कुछ टिकट कन्फर्म हैं और कुछ वेटिंग में हैं। जैसे मान लीजिए, एक परिवार में चार लोग हैं - दो लोगों के टिकट कन्फर्म हैं और दो लोगों के वेटिंग में हैं। अब नए नियम के अनुसार जिनके टिकट वेटिंग में हैं, वे रिजर्व कोच (आरक्षित डिब्बे) में सफर नहीं कर सकते। यदि वे जबरन चढ़ते हैं, तो इसे गलत तरीके से यात्रा करना माना जाएगा और जुर्माना लग सकता है।यदि कोई यात्री नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, जैसे कि वेटिंग लिस्ट वाला यात्री आरक्षित कोच में बैठा हो, तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है। एसी कोच में आप बिना रिजर्वेशन के बैठे पाए जाते हैं, तो आप 440 रुपए तक और स्लीपर कोच में 250 रुपए तक का जुर्माना लग सकता है। इसके अलावा, ऐसे यात्रियों को अगले स्टेशन पर ट्रेन से भी उतारा भी जा सकता है, और उन्हें बोर्डिंग स्टेशन से उस स्टेशन तक का किराया भी देना पड़ सकता है।

**यदि किसी यात्री का वेटिंग टिकट है, तो भारतीय रेलवे ने इसके लिए कुछ नियम बनाए हैं-**

- **ऑनलाइन टिकट :** यदि आन लाइन बुक किया गया वेटिंग टिकट चार्ट बनने के बाद भी कन्फर्म नहीं होता, तो वो टिकट अपने आप कैंसिल हो जाता है और पूरा पैसा वापस मिल जाता है। इसमें कोई कटौती नहीं होती।
- **ऑफलाइन टिकट :** यदि वेटिंग टिकट काउंटर से लिया है, तो आपको खुद जाकर टिकट कैंसिल करवाना होगा। यदि ट्रेन के समय से 4 घंटे पहले टिकट कैंसिल करवा देते हैं, तो प्रति यात्री को ₹20 + जीएसटी की कटौती के बाद बाकी पैसा वापस मिल जाएगा।

### 32 छात्रों को स्कूल से निकालने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने डीपीएस से पूछा-

# ‘आपको निष्कासन से क्या खुशी मिलती है?

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), द्वारका के उस फैसले पर सवाल उठाया, जिसमें फीस का भुगतान न करने पर 32 छात्रों को निष्कासित कर दिया था। स्कूल के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान जस्टिस सचिन दत्ता ने कहा कि आपने यह कार्रवाई पिछले कार्य दिवस पर की। बच्चों को आखिरी सप्ताह में बाहर निकाल दिया गया। क्या आपको ऐसा करने से आनंद मिलता है?बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस दत्ता ने आगे सवाल किया कि स्कूल ने अंतिम निर्णय लेने से पहले छात्रों के अभिभावकों को नोटिस क्यों नहीं जारी किया। कोर्ट ने पूछा, “इन बच्चों को लिस्ट से हटाने से पहले, दिल्ली स्कूल शिक्षा नियम के नियम 35 (4) के तहत नोटिस कहां है? 32 छात्रों में से प्रत्येक को नोटिस कहां है? मुझे वह नोटिस दिखाइए जिसके माध्यम से आपने छात्रों को सूचित किया था कि यदि आप फीस का भुगतान नहीं करते हैं, तो आपको सूची से हटा दिया जाएगा।’ स्कूल की ओर से पेश वकील ने कहा कि वे गहरे वित्तीय संकट में हैं और पिछले साल उन्हें लगभग 49 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। अंत में पीठ ने कहा कि वह सोमवार को मामले की पुनः सुनवाई करेगी और आदेश पारित करेगी। कोर्ट डीपीएस द्वारका द्वारा फीस न चुकाने के कारण कथित रूप से निष्कासित 32 छात्रों के अभिभावकों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। उन्होंने तर्क दिया कि यह निर्णय हाई कोर्ट के पहले के आदेश के विपरीत है, जिसमें छात्रों के हितों की रक्षा की गई थी। अभिभावकों ने बताया कि इन छात्रों को परिसर में प्रवेश करने से रोकने के लिए स्कूल के बाहर बाउंसर तैनात किए गए थे। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि कई बार याद दिलाने के बावजूद, स्कूल ने जानबूझकर सरकारी अधिकारियों द्वारा स्वीकृत फीस का भुगतान करने के लिए जमा किए गए चेक को भुनाया नहीं।

अभिभावकों ने यह आवेदन डीपीएस द्वारा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के उस आदेश के खिलाफ लंबित याचिका में दायर किया है, जिसमें दिल्ली पुलिस को स्कूल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। आरोप है कि स्कूल ने छात्राओं को लाइब्रेरी में बंद कर दिया, उनके नाम सार्वजनिक रूप से बताए और फीस न चुकाने पर उनमें से कुछ को स्कूल से निकाल दिया। एक मामले में एक लड़की को मासिक धर्म के दौरान मदद देने से मना कर दिया गया क्योंकि उसकी फीस बकाया थी।बाद में हाई कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर रोक लगा दी थी। हालांकि, 16 अप्रैल को पारित आदेश में हाई कोर्ट ने फीस न चुकाने वाले छात्रों को अलग-अलग बैठाने और परेशान करने के स्कूल के फैसले की कड़ी आलोचना की थी। स्कूल को आदेश दिया गया था कि वह किसी भी छात्र को कक्षाओं में आने से न रोके। इस बीच, हाई कोर्ट की एक समन्वय पीठ ने आज कुछ अभिभावकों द्वारा दायर एक अलग याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) द्वारा स्कूल को अपने नियंत्रण में लेने के निर्देश देने की मांग की गई थी।मालूम हो कि दिल्ली सरकार ने पहले ही डीपीएस को छात्रों को फिर से दाखिला देने का आदेश दे दिया है। शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने एक आदेश जारी कर डीपीएस द्वारका प्रबंधन को “छात्रों को परेशान न करने” और “किसी भी तरह की बलपूर्वक कार्रवाई करने से बचने” का निर्देश दिया है।



- स्कूल ने जानबूझकर सरकारी अधिकारियों द्वारा स्वीकृत फीस का भुगतान करने के लिए जमा किए गए चेक को भुनाया नहीं
- दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) द्वारा स्कूल को अपने नियंत्रण में लेने के निर्देश देने की मांग की याचिका

कहानी फिल्म जगत की



# बॉलीवुड एक्टर परेश रावल ने हेरा फेरी 3 से किया किनारा

बॉलीवुड हंगामा ने बताया है कि परेश रावल रचनात्मक मतभेदों के कारण फिल्म से बाहर हो गए हैं। एक सूत्र ने एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया, “निर्माताओं और परेश रावल के बीच रचनात्मक मतभेद थे। नतीजतन, अभिनेता ने फिल्म से हटने का फैसला किया।” पोर्टल ने खबर की पुष्टि करने के लिए परेश रावल से भी संपर्क किया। अभिनेता ने पुष्टि की कि वह वास्तव में फिल्म से बाहर हो गए हैं।फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन करने वाले थे, जो वर्तमान में अपनी फिल्म भूत बंगला की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें परेश और अक्षय कुमार भी हैं। टीम ने पहले ही फिल्म के मुहुर्त शॉट को ओजी कास्ट के साथ फिल्माया है, जिसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल शामिल हैं। इससे पहले, अक्षय कुमार ने फ्रैंचाइज़ी से बाहर होने का फैसला किया था और ऐसी खबरें थीं कि उनकी जगह कार्तिक आर्यन को लिया गया था।

